अनुपानदर्पणम्.

P.B.
SANSKRIT
272

P. B. SANSKRIT 272

22500847796

III
allied

Digitized by the Internet Archive
in 2018 with funding from
Wellcome Library

https://archive.org/details/b30094896

INUPANADARPANA.

WITH

HINDI TRANSLATION

BY

PT. GYARASARAM SHARMA

PRINTED AND PUBLISHED

BY

GANGAVISHNU SHRIKRISHNADASS,

PROPRIETOR "LAXMI-VENKATESHWAR" PRESS

KALYAN-BOMBAY.

1898

(Registered under Act XXV of 1867.)

(All rights reserved by the publisher.)

PB. Sanskr. 272

335254

इस पुस्तकका रजिष्टरी सब हक्क १८६७ के ऍक्ट २५ के
बमुजब यन्त्राधिकारीने अपने स्वाधीन रक्खा है.

श्रीः ।

अनुपानदर्पणम् ।

श्रीमद्दाधीचवंशभूषणश्रीबलदेवसूनुना ज्ञारसरा-
मशर्म्मणा कोविदेन विरचितं सुश्रुतादिवि-
विधायुर्वेदीयग्रन्थप्रमाणैः समन्वितं
सुभाषानुवादेन च विभूषितम् ।

यह ग्रन्थ

गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदासने

लोकहितार्थ

स्वकीय "लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" छापेखानेमें

मुद्रित कर प्रसिद्ध किया.

संवत् १९५५, शके १८२०.

कल्याण-मुंबई.

भूमिका.

सदा प्रज्ञाहर्षे श्रुतिसदवबोधप्रजनिते
हृदा सन्तुष्टेनाऽखिलसुखयुतो यो हि रमते ।
असावाह्वस्यार्थो भवति शिवदो यस्य कविना
कृतो ग्रन्थस्तेनाऽयमिति ननु विज्ञेयमनघाः ॥

विदित हो कि, श्रीयुत धन्वन्तरिजी महाराजने लोकोपकारार्थ स्वकीय आयुर्वेदमें ऐसे २ विषय प्रदर्शित किये हैं कि जिनके विचारपूर्वक चिकित्साका प्रचार होनेसे अवश्यही रोगोंका संहार होकर सुखका प्रसार होता है परन्तु आयुर्वेदोक्त विषयोंमेंसे वैद्योंको जैसा अनुपानरूपी विषय श्रेयस्कर है वैसे अन्य नहीं कारण कि, एकही औषधी न्यारे २ अनुपानसे अनेकानेक रोगोंको दूर कर सक्ती है इसलिये अनुपानमयी विषयको समस्त वैद्योंने पूर्णरूपसे जानना चाहिये. अतएव मैंने सुश्रुत, वाग्भट, भावप्रकाश, शार्ङ्गधर, वैद्यजीवन, मदनपालनिघण्टु, गौरिकाञ्चलिका तन्त्र और रसेन्द्रसारसंग्रह आदि विविधायुर्वेदीय ग्रन्थोंके सारमयी श्लोकोंका संग्रह करके यह अनुपानदर्पण नामक ग्रन्थ निर्म्माण किया है जैसे दर्पण (काच) से अपना स्वलंकृत स्वरूप स्पष्ट दृष्ट पडता है वैसेही इस ग्रन्थसे अन्नौषध और सुवर्णादि भस्मोंके अनुपान यथार्थरूपसे ज्ञात होंगे. यह ग्रन्थ नव प्रमोद (विभागों) में पूर्ण किया गया है तत्तत्प्रमोदका वृत्तांत तत्तत्प्रमोदावलोकनसेही ज्ञात होगा. विशेषतः यदि इस ग्रन्थमें कहीं मेरी बालबुद्धिद्वारा कुछ उचितमें अनुचित हो गया हो तो विद्वान् पुरुष क्षमा कर सुधार लेंगे.

भवदीय कृपाभिलाषी देशहितेच्छु—
ज्ञारसरामशर्म्मा वैद्य,
कामठी.

॥ श्रीः ॥

अथ अनुपानदर्पणस्थविषयानुक्रमणिका ।

विषय.	पृष्ठ.
प्रथम प्रमोद.	
मङ्गलाचरण, ग्रन्थारम्भ	१
वैद्यविवेक	३
द्वितीय प्रमोद.	
आयुर्वेदविवेक	५
शल्यतन्त्र	६
शालाक्यंनाम	,,
कायचिकित्सा	७
भूतविद्या	,,
कौमारभृत्य	,,
अगदतन्त्र	८
रसायनतन्त्र	,,
वाजीकरणतन्त्र	,,
आयुर्वेदनिरुक्ति	,,
तृतीय प्रमोद.	
मानविवेक	९
औषधमात्राका मान	१०
नाडीविवेक	११
चतुर्थ प्रमोद.	
अनुपानविवेक	१४
अनुपानविशेषवर्णन	१५
मदिरादि अनुपान वर्णन	१६
वर्गवर्गका पृथक् पृथक् अनुपान-वर्णन	१७
अनुपान पीनेकी प्रशंसा	२०
अनुपानविधिकी योग्यायोग्यता.	,,
कितनेक रोगोंमें दुग्धानुपान....	२२
योगराजगुग्गुलुअनुपान	२५
नारायणचूर्णानुपान	२६
निर्गुंडीअनुपान	,,
भृंगराजानुपान	२७
सकलरोगोंमें हरीतकीके अनुपान.	२८
गुडूची अनुपान	२९
नेत्ररोगपर गुडूचीस्वरसका औषध	३०
नेत्ररोगमें पुनर्नवानुपान	३१
त्रिफलानुपान....	,,
पंचम प्रमोद.	
मृत्युंजयादि रसधातूपधातुओंका अनुपानविवेक	३४
वसंत कुसुमाकर रसका अनुपान.	,,
लोकनाथ रसका अनुपान	३५
स्वर्णमालिनीवसंत रसके अनुपान	३७
बृहन्मालिनी वसंतरसके अनुपान.	३८
पाशुपत रसके अनुपान	,,
पर्पटी रसके अनुपान....	३९
जयाजयंती इन्होंका अनुपान.	४०
सुवर्णभस्मके अनुपान	४३
रौप्यभस्मानुपान	४४
ताम्रभस्मानुपान	४६
वङ्गभस्मानुपान	,,

विषय.	पृष्ठ.
जसदभस्मके अनुपान	४९
नागभस्मानुपान	५०
लोहभस्मानुपान	५१
स्वर्णमाक्षिकानुपान	५२
रौप्यमाक्षिक अनुपान	,,
तुत्थ भस्मके अनुपान	५३
शिलाजतुके अनुपान	५४
पारदभस्मके अनुपान	"
रससिंदूरके अनुपान	५७
रसकर्पूरके अनुपान	,,
गंधकके अनुपान	५८
हिंगुलके अनुपान	५९
अभ्रकके अनुपान	,,
हरितालके अनुपान	६१
मनाशिलके अनुपान	६२
सौवीरके अनुपान	६३
खर्परके अनुपान	६४
हीरक भस्मके अनुपान	६५
वैक्रांत भस्मके अनुपान	,,
नीलवैक्रांत भस्मके अनुपान.	६६
प्रवालभस्मके अनुपान	,,
रोगविशेषमें अनुपानविशेष.	६७
विषके पृथक् पृथक् अनुपान.	६८
षष्ठ प्रमोद.	
योगराजगुग्गुलविधि	७५
नारायणचूर्णविधि	७७
मृत्युंजयरस निर्माणविधि	७९
वसंतकुसुमाकररसनिर्माण-विधि	८१
लोकनाथरसनिर्माणविधि	८२
स्वर्णमालिनीवसंतरस निर्माणविधि	८६
बृहन्मालिनीवसंतरसनिर्माण-विधि	,,
पाशुपतरसनिर्माणविधि	८७
पर्पटीरसनिर्माणविधि	८८
जयावटीनिर्माणविधि	९०
जयंतीवटी निर्माणविधि	९१
सप्तम प्रमोद.	
धातूपधातुरसोपरसरत्नोपरत्नविषोपविषोंका शोधनमारणविवेक.	९२
धातु	,,
उपधातु	,,
रस	९३
उपरस....	,,
रत्न	,,
उपरत्न	९४
विष	,,
उपविष	,,
सप्तधातुशोधन	९५
उपधातुशोधन	,,
रससंस्कार	९७
रसशोधन	९८
उपरसशोधन	१००
रत्नशोधन	१०३
विषशोधन	,,
उपविषशोधन	१०४
जैपालशोधन	,,

विषय.	पृष्ठ.
स्वर्णमारणविधि	....१०५
रौप्यमारणविधि	.... ,,
ताम्रमारणविधि	....१०६
वंगमारणविधि	....१०८
जसदमारणविधि	....१०९
नागमारणविधि	.... ,,
लोहमारणविधि	.... ,,
स्वर्णमाक्षिक मारणविधि	....११०
रौप्यमाक्षिक मारणविधि	.... ,,
तुत्थमारणविधि	.... ,,
कांस्यरीतिमारणविधि	.... ,,
सिंदूरमारणविधि	....१११
शिलाजतुमारणविधि	.... ,,
मंडूरविधि	.... ,,
हंसमंडूरविधि	....११२
रसमारण	....११३
रससिंदूरविधि	.... ,,
रसकर्पूरविधि	....११४
हिंगुलमारण	.... ,,
अभ्रकमारण	....११५
अन्यप्रकारसे अभ्रकमारणविधि	११६
हरितालमारण	.... ,,
वज्रमारण	....११७
प्रवालमारण	.... ,,

अष्टम प्रमोद.

विषय.	पृष्ठ.
पक्वसुवर्णभस्मका गुण	....११८
अपक्वस्वर्णभस्मका दोष	.... ,,
पक्वरूपेके भस्मका गुण	.... ,,
अपक्वरूपेके भस्मका दोष	....११९
पक्वताम्रभस्मके गुण....	....११९
अपक्वताम्रभस्मके दोष	.... ,,
पक्ववंगभस्मके गुण	....१२०
अपक्ववंगभस्मके दोष	.... ,,
पक्वजसदभस्मके गुण	.... ,,
अपक्वजसदभस्मके दोष	....१२१
पक्वनागभस्मके गुण....	.... ,,
अपक्वनागभस्मके दोष	.... ,,
पक्वलोहभस्मके गुण....	.... ,,
अपक्वलोहभस्मके दोष	....१२२
पक्वसुवर्णमाक्षिकभस्मके गुण.	,,
अपक्वस्वर्णमाक्षिकभस्मके दोष.	१२३
पक्वरौप्यमाक्षिकभस्मके गुण.	,,
अपक्वरौप्यमाक्षिकभस्मके दोष.	,,
पक्व तथा अपक्व तुत्थभस्मके गुण तथा दोष	.... ,,
शुद्धशिलाजितके गुण	....१२४
अशुद्धशिलाजितके दोष	.... ,,
पक्वपारदभस्मके गुण	.... ,,
अशुद्धअपक्वपारद भस्मके दोष.	१२५
शुद्धरससिंदूरके गुण	.... ,,
अशुद्धरससिंदूरके दोष	.... ,,
शुद्धरसकर्पूरके गुण	....१२६
अशुद्धरसकर्पूरके दोष	.... ,,
शुद्धगंधकके गुण	.... ,,
अशुद्धगंधकके दोष	.... ,,
शुद्धहिंगुलके गुण	....१२७
अशुद्धहिंगुलके दोष	.... ,,
पक्वअभ्रकभस्मके गुण	.... ,,

विषय.	पृष्ठ.
अपक्वअभ्रकभस्मके दोष	....१२७
पक्वहरितालभस्मके गुण	....१२८
अपक्व हरिताल भस्मके दोष.	,,
शुद्ध मनःशिलभस्मके गुण	,,
अशुद्धमनःशिलभस्मके दोष.	१२९
शुद्धसौवीरके गुण	,,
अशुद्धसौवीरके दोष	,,
शुद्धखर्परके गुण	,,
अशुद्धखर्परके दोष	....१३०
पक्ववज्रभस्मके गुण	,,
अशुद्धअपक्व वज्रभस्मके दोष.	,,
पक्व वैक्रांतभस्मके गुण.	,,
अशुद्धअपक्वैक्रांतभस्मके दोष	१३१
शुद्धप्रवालभस्मके गुण	,,
अशुद्धप्रवालके दोष	,,
विषके गुणागुण	,,

नवम प्रमोद.

विषय.	पृष्ठ.
धात्वादि दोषशांतिविवेक	१३२
अपक्वस्वर्ण दोषशांति	,,
अपक्वरौप्यदोषशांति	,,
अपक्वताम्रदोषशांति	....१३३
अपक्ववंगदोषशांति	,,
अपक्वजसददोषशांति	,,
अपक्वनागदोषशांति	,,
अपक्वलोहदोषशांति	....१३४
अपक्वलोहजन्यकीटशांति	,,
अपक्वस्वर्णमाक्षिकदोषशांति.	,,
अपक्वरौप्यमाक्षिकदोषशांति.	,,
अपक्वतुत्थदोषशांति	.... १३५
अशुद्धशिलाजितदोषशांति	,,
अशुद्धरस सिंदूरदोषशांति	,,
अशुद्धरसकर्पूरदोषशांति	,,
अशुद्धगंधकदोषशांति	....१३६
अशुद्धहिंगुलदोषशांति	,,
अपक्वअभ्रकदोष शांति	,,
अपक्वहरितालभस्म शांति	,,
अशुद्ध मनःशिलादोषशांति.	१३७
अशुद्धसौवीरदोषशांति	,,
अशुद्धखर्परदोषशांति	,,
अशुद्धअपक्ववज्रभस्मदोष शांति....	,,
अशुद्ध अपक्व वैक्रांतभस्म दोषशांति	,,
अशुद्धप्रवालदोषशांति	,,
अशुद्धविषदोषशांति	....१३८
जैपालदोषशांति	,,
ग्रंथसमाप्ति	....१३९
ग्रंथकर्ताका जन्मसंवत्सरादि वर्णन	,,

इत्यनुक्रमणिका समाप्ता ।

॥ श्रीः ॥

अथ भाषाटीकासहितं

अनुपानदर्पणम् ।

प्रणम्य श्रीगणेश्वरं हरिं हरं दिवाकरं शिवां गुरुं च लक्ष्मणाग्रजाह्वयं भिषग्वरम् ॥ गुणाकरं सुधाकरं गतस्पृहं दयाधरं करोम्यहं सतां मुदेऽनुपानदर्पणं परम् ॥ १ ॥

प्रारब्धग्रंथस्य निर्विघ्नेन परिसमाप्त्यर्थं सपञ्चामरगुरुनमस्कारात्मकं मङ्गलमातनोति पञ्चचामरवृत्तेन । ग्रन्थकर्ता कविः अहं (ज्ञारसरामः) ज्ञा अवबोधने-क्र्या० प० जानातीति ज्ञा बुद्धिः रस आस्वादने चुराद्यदन्तश्चास्माद्धातोः अकर्तरि च कारके संज्ञायाम् ३-३-१९ सूत्रेणानेन घञ् । रस्यते इति रसः स्वादो हर्षो वा । रसो गंधरसे स्वादे इति विश्वः । रसः स्वादे जले वीर्य्ये इति हैमः । रसो जलं रसो हर्ष इत्यनेकार्थध्वनिः । रमु क्रीडायामस्माद्धातोः ज्वलतिकसन्तेभ्यो णः ३-१-१४० सूत्रेणानेन णः । रमते इति रामः ज्ञा बुद्धिस्तस्या रसोऽवबोधात्मकः स्वादो हर्षो वा तस्मिन् रमते इति ज्ञारसरामः । अनुपानदर्पणं (अनुपानग्रंथानां मध्ये दर्पणमादर्शसमं) परं (उत्तमं ग्रंथं) करोमि । किं कृत्वा । श्रीगणेश्वरं (श्रिया शोभया युक्तानां गणानां प्रमथानामीश्वरस्तं गणाधिपम्) हरिं (विष्णुं) हरिर्विष्णुर्हरिर्मरुदित्यनेकार्थध्वनिः । हरं (महादेवं) हरः स्मरहरो भर्ग इत्यमरः । दिवाकरं (सूर्य्यं) सूरसूर्य्यार्य्यमादित्यद्वादशात्मदिवाकरा इत्यमरः । शिवां (दुर्गां) च पुनः गुरुं (गृणाति हितमुपदिशतीति गुरुस्तमायुर्वेदोपदेष्टारमित्यर्थः) प्रणम्य (नमस्कृत्य) कीदृशं गुरुं लक्ष्मणा-

ग्रजाह्वयं (लक्ष्मणाग्रजो रघुनाथ आह्वयो यस्य सः तं रघुनाथशर्म्माणं स्वामिनमित्यर्थः) पुनः कीदृशं भिषग्वरं (वैद्यश्रेष्ठं) भिषग्वैद्यौ चिकित्सके इत्यमरः। पुनः कीदृशं गुणाकरं (गुणानामाकरस्तं सद्गुणसम्पन्नमित्यर्थः) पुनः कीदृशं सुधाकरं (सुधा अमृतं करे यस्य स तं पीयूषपाणिं सिद्धहस्तमित्यर्थः) पीयूषममृतं सुधा इत्यमरः। पुनः कीदृशं गतस्पृहं (गता स्पृहा दीनेभ्यो धनप्राप्तिवांछा यस्य स तं संतुष्टमनसमित्यर्थः) पुनः कीदृशं दयाधरं (धरतीति धरः दयाया धरो दयाधरस्तं कृपालुं दुःखितेष्वनुकम्पाशीलम्) कृपा दयाऽनुकम्पा स्यादित्यमरः। कस्मै प्रयोजनाय सतां (विदुषां साधूनां वा) सत्ये साधौ विद्यमाने प्रशस्तेऽभ्यर्हिते च सदित्यमरः। सत्साधौ धीरशस्तयोरिति मेदिनी। मुदे (हर्षाय) मुत् प्रीतिः प्रमदो हर्षः प्रमोदामोदसम्मदा इत्यमरः। अनेन खलानां हर्षाभावः सूचितः। भवति चात्र—नन्दन्ति भोजनैर्विप्रा मयूरा घनगर्जनैः। साधवः परकल्याणैः खलाः परविपत्तिभिः ॥ परोत्कर्षाऽसहनत्वमेवासाधुधर्म्मत्वमिति भावः ॥ १ ॥

अर्थ—इस ग्रंथकी निर्विघ्नसे समाप्तिके लिये ग्रंथकर्ता कवि पंचचामरछंदसे गणेशादि पञ्च देवतोंसहित अपने गुरुको नमस्काररूप मङ्गल करता है। बुद्धिके विचाररूपी हर्षमें जो रमण करे उसे ज्ञारसराम कहते हैं सो मैं गणेश, विष्णु, महेश, सूर्य्य, देवी और वैद्योंमें श्रेष्ठ, सद्गुणसंपन्न, अमृतके समान जिनका हाथ, लोभरहित, दयासहित जो पंडित श्री १०५ रघुनाथशर्म्मा स्वामीजी दोसोदनिवासी जिन्होंने मुझे आयुर्वेद (वैद्यविद्या) पढाया उन गुरुजीको नमन करके सज्जनोंके आनंदार्थ अति उत्तम अनुपानदर्पण नामक ग्रंथको बनाता हूं ॥ १ ॥

---

१ सत्यं शौचं दया क्षांतिस्त्यागः संतोष आर्जवम् ॥ शमो दमस्तपः साम्यं तितिक्षोपरतिः श्रुतम् ॥ ज्ञानं विरक्तिरैश्वर्यं शौर्यं तेजो बलं स्मृतिः ॥ १ ॥ स्वातंत्र्यं कौशलं कांतिर्धैर्य्यमार्दवमेव च ॥ इत्यादयो गुणाः ।

अथातो वैद्यविवेकं व्याख्यास्यामः ।

शास्त्रं गुरुमुखोद्गीर्णमादायोपास्य चासकृत् ॥
यः कर्म्म कुरुते वैद्यः स वैद्योऽन्ये तु तस्कराः ॥ २ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० ४ ।

अर्थ-अब वैद्यके विवेक (विचार) को वर्णन करेंगे । जो गुरुमुखद्वारा शास्त्रग्रहण करके वारंवार विचारक्रियामें निपुण होकर चिकित्सा (व्याधिशमनोपाय) करता है वही वैद्य है और जो गुरुसे संपूर्ण ग्रन्थको विना पढेही वैद्य बन जावें वे वैद्य नहीं किन्तु चोर हैं । ऐसा धन्वंतरिजीने सुश्रुतसे कहा है ॥ २ ॥

एकं शास्त्रमधीयानो न विद्याच्छास्त्रनिश्चयम् ॥
तस्माद्बहुश्रुतः शास्त्रं विजानीयाच्चिकित्सकः ॥ ३ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० ४ ।

अर्थ-गुरुके मुखद्वाराभी एकही शास्त्र पढनेवाला शास्त्रके सारको नहीं जान सक्ता इसलिये वैद्यको उचित है कि सब शास्त्रोंके विषयको पढ सुन और विचार कर अवश्य जान लेवे ॥ ३ ॥

अधिगतमप्यध्ययनमप्रभाषितमर्थतः खरस्य चन्दनभार इव केवलं परिश्रमकरं भवति-यथा खरश्चन्दनभारवाही भारस्य वेत्ता न तु चन्दनस्य॥
एवं हि शास्त्राणि बहून्यधीत्य चार्थेषु मूढाः खरवद्वहन्ति ॥ ४ ॥ सुश्रु० सू० स्था० अ० ४ ।

अर्थ-जो पुरुष सब शास्त्रकोभी पढ ले और उसे अर्थ अनर्थका ज्ञान न हो तो वह केवल शास्त्रोंका भार उठानेवाला है उसे शास्त्री सद्वैद्य कहना योग्य नहीं । जैसे गधेपर चंदन लादनेसे वह केवल चंदनके भार (बोझ) को जानता है परन्तु उसकी सुगन्धको नहीं

जानता इसलिये वैद्यकशास्त्र पढनेवालेको व्याकरण (पाणिनीयसूत्रों) का बोध अवश्य चाहिये जिससे अर्थानर्थको जान लेवे ॥ ४ ॥

भवन्ति चात्र–यस्तु केवलशास्त्रज्ञः कर्मस्वपरिनिष्ठितः ॥ स मुह्यत्यातुरं प्राप्य प्राप्य भीरुरिवाहवम् ॥ ५ ॥

अर्थ–जो केवल वैद्यशास्त्रको जानता हो और कर्म्म (अनुपानादिक्रिया) में निपुण न हो वह वैद्य रोगीको प्राप्त होकर मोहित (घबडाय) जाता है । जैसे कायर रण (संग्राम) पाकर घबरा जाता है तैसे ॥ ५ ॥

यस्तु कर्म्मसु निष्णातो धाष्टर्याच्छास्त्रबहिष्कृतः ॥ स सत्सु पूजां नाप्नोति वधं चार्हति राजतः ॥ ६ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० ३ ।

अर्थ–और जो क्रियाको जानता हो परन्तु शास्त्रके बोधसे रहित हो वह वैद्य सज्जनोंमें आदर नहीं पाता और राजाको उचित है कि उस अनपढ वैद्यको अपने राज्यसे बाहर कर दे वा मरवा डाले नहीं तो वह बहुतसी प्रजाको नष्ट कर देगा ॥ ६ ॥

उभावेतावनिपुणावसमर्थौ स्वकर्म्मणि ॥ अर्द्धवेदधरावेतावेकपक्षाविव द्विजौ ॥ ७ ॥

अर्थ–उक्त दोनों प्रकारके वैद्य अशिक्षित होनेसे चिकित्सा करनेमें असमर्थ होते हैं जैसे एक पंखवाले पक्षी उडनेको असमर्थ होते हैं तैसे एक अथवा जो इन दोनोंमें अर्थात् क्रिया और शास्त्रमें अशिक्षित हैं वे पक्षोंरहित पक्षीके समान दुःखित और असमर्थ होते हैं ॥ ७ ॥

औषध्योऽमृतकल्पास्तु शस्त्राशनिविषोपमाः ॥ भवन्त्यज्ञैरुपहृतास्तस्मादेतौ विवर्जयेत् ॥ ८ ॥

अर्थ-जो औषधि अमृतके समान हैं वे उन अशिक्षित (विन पढे हुए मूर्ख) वैद्योंके हाथसे शस्त्र, वज्र और विषके समान हो जाती हैं इसलिये सबको उचित है कि मूर्ख वैद्योंसे औषध कदापि न लेवें ॥८॥

यस्तूभयज्ञो मतिमान्स समर्थोऽर्थसाधने ॥
आहवे कर्म्म निर्वोढुं द्विचक्रः स्यन्दनो यथा ॥ ९ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० ३।

अर्थ-जो बुद्धिमान् शास्त्र और क्रियामें निपुण है वही प्रयोजन सिद्ध करता है अर्थात् उसीसे रोग निवृत्त होता है। जैसे युद्धमें दो पहियेके रथसे कार्य्य सिद्ध होता तैसे, इसलिये अष्टांग आयुर्वेदको पढे हुए और क्रियामें निपुण ऐसे वैद्यसेही सबने औषध सेवन करना चाहिये। ये सब सुश्रुतके सूत्रस्थानके तीसरे तथा चौथे अध्यायमें लिखा है ॥ ९ ॥

इति श्रीमत्पंडितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपान-दर्पणे वैद्यविवेककथने प्रथमः प्रमोदः ॥ १ ॥

अथ द्वितीयः प्रमोदः।

अथायुर्वेदविवेकं व्याख्यास्यामः।

इह खल्वायुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्ववेदस्यानुत्पाद्यैव प्रजाः श्लोकशतसहस्रमध्यायसहस्रं च कृतवान् स्वयंभूस्ततोऽल्पायुष्ट्वमल्पमेधस्त्वं चावलोक्य नराणां भूयोऽष्टधा प्रणीतवान् ॥ १ ॥

अर्थ-अब आयुर्वेदविवेकका वर्णन करेंगे। यह आयुर्वेद जो अथर्ववेदका उपाङ्ग है उसको सृष्टिसे पूर्वही परमात्माने एक लक्ष

श्लोक और एक सहस्र अध्यायमें निर्म्मित किया इतना बनानेके पश्चात् मनुष्योंकी अल्पायु और अल्पबुद्धि देखकर उस आयुर्वेदके पुनः आठ भाग किये ॥ १ ॥

शल्यं शालाक्यं कायचिकित्सा भूतविद्या कौमारभृत्यमगदतन्त्रं रसायनतंत्रं वाजीकरणतंत्रमिति॥२॥

अर्थ—उन आठ भागोंके ये नाम हैं । १ शल्य, २ शालाक्य, ३ कायचिकित्सा, ४ भूतविद्या, ५ कौमारभृत्य, ६ अगदतंत्र, ७ रसायनतंत्र और ८ वाजीकरणतंत्र ॥ २ ॥

अथास्य प्रत्यङ्गलक्षणसमासः ।

१ तत्र शल्यं नाम विविधकाष्ठपाषाणपांशुलोहलोष्टास्थिवालनखपूयास्रावान्तर्गर्भशल्योद्धरणार्थं यंत्रशस्त्रक्षाराग्निप्रणिधानव्रणविनिश्चयार्थं च ॥ ३ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० १ ।

अर्थ—अब इस आयुर्वेदके प्रत्येक भागका पृथक् पृथक् लक्षण कहते हैं । १ शल्यका लक्षण—अनेक प्रकारके तृण (कठोर घास वा गोखरू नागफनी आदिके कांटे), काष्ठ (लकडीकी फांस आदि), लोहेकी कील, हड्डी बाल नख आदिके लगनेसे जो घाव हो जाता है अथवा उक्त वस्तुओंका कुछ भाग (अंश) घावमें रह जानेसे जो घाव बिगड जाता है उसके दूर करनेको जो शस्त्र वा यन्त्रद्वारा उन वस्तुओंका निकालना या गर्भमें मरे हुए बालकको शस्त्र वा यंत्रद्वारा निकालना अथवा घावके उत्तम प्रकारसे जाननेके हेतु जो यत्न किया जाता है उसको शल्यचिकित्सा कहते हैं ॥ ३ ॥

२ शालाक्यं नाम ऊर्ध्वजत्रुगतानां रोगाणां श्रवणनयनवदनघ्राणादिसंश्रितानां व्याधीनामुपशमनार्थम् ॥ ४ ॥

अर्थ- २ शालाक्यलक्षण-जो कण्ठसे ऊपरके अङ्ग जैसे मुख नाक नेत्र ओष्ठ कान आदिमें उत्पन्न हुए रोगोंके दूर करनेको यत्न किया जाता है उसे शालाक्य कहते हैं ॥ ४ ॥

३ कायचिकित्सा नाम सर्वाङ्गसंश्रितानां व्याधीनां ज्वरातिसाररक्तपित्तशोषोन्मादापस्मारकुष्ठमेहादीनामुपशमनार्थम् ॥ ५ ॥ सुश्रु०सू०स्था०अ०१।

अर्थ-३ कायचिकित्सालक्षण-जो संपूर्ण अंग (शरीर, देह) में हुए ज्वर, अतिसार, रक्तविकार, पित्तरोगशोष (खुशकी), उन्माद (खपती-पगला), अपस्मार (मृगी), कुष्ठ, प्रमेह (परमा) आदि रोगोंके दूर करनेको यत्न किया जाता है उसे कायचिकित्सा कहते हैं ॥ ५ ॥

४ भूतविद्या नाम देवासुरगन्धर्वयक्षरक्षःपितृपिशाचनागग्रहाद्युपसृष्टचेतसां शान्तिकर्म्मबलिहरणादिग्रहोपशमनार्थम् ॥ ६ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० १।

अर्थ-४ भूतविद्यालक्षण-जो देवता, असुर, गंधर्व, यक्ष, राक्षस, पितर, पिशाच, सर्प और नवग्रह आदिमें चित्त लगनेसे अनेक भ्रमजन्य पीडा होती है उनकी शान्ति करनेको यत्न किया जाता है उसको भूतविद्या कहते हैं ॥ ६ ॥

५ कौमारभृत्यं नाम कुमारभरणधात्रीक्षीरदोषसंशोधनार्थं दुष्टस्तन्यग्रहसमुत्थानां च व्याधीनामुपशमनार्थम् ॥ ७ ॥

अर्थ-५ कौमारभृत्यलक्षण-बालकोंका पालन, पोषण, धायके दूधमें जो दोष होते हैं उनके तथा उस बिगडे हुए दूधके पीनेसे

जो बालकोंको रोग होते हैं उनके दूर करनेके यत्नोंको कौमारभृत्य तंत्र कहते हैं ॥ ७ ॥

६ अगदतंत्रं नाम सर्पकीटलूतावृश्चिकमूषिकादिदष्टविषव्यंजनार्थं विविधविषसंयोगविषोपहतोपशमनार्थम् ॥ ८ ॥

अर्थ–६ अगदतंत्रलक्षण–सांप, कीडे, बन्दर, मूसे आदि विषैले जीवोंके काटनेसे जो मनुष्योंके शरीरमें विष फैल जाता है उसको दूर करनेको जो उपाय किया जाता है उसे अगदतंत्र कहते हैं ॥८॥

७ रसायनतन्त्रं नाम वयःस्थापनमायुर्मेधाबलकरं रोगापहरणसमर्थम् ॥ ९ ॥ सुश्रु० सू० स्था० अ० १ ।

अर्थ–७ रसायनतंत्रलक्षण–जिससे मनुष्योंकी आयु पूर्ण हो और बल बुद्धिकी वृद्धि तथा समस्त रोग निवृत्त हों उस उपायको रसायनतंत्र कहते हैं ॥ ९ ॥

८ वाजीकरणतन्त्रं नाम अल्पदुष्टविशुष्कक्षीणरेतसामाप्यायनप्रसादोपचयजननिमित्तं प्रहर्षजननार्थं च एवमयमायुर्वेदोऽष्टाङ्ग उपदिश्यते॥१०॥

अर्थ–८ वाजीकरणतंत्रलक्षण–जिससे थोडे वीर्यवाले पुरुषकी वीर्य वृद्धि, बिगडे वीर्यवालेकी वीर्यशुद्धि और क्षीणवीर्यवालेकी पुनः वीर्योत्पत्ति और उक्त तीनों प्रकारके मनुष्योंको जो आनंद देनेवाला उपाय हो उसे वाजीकरणतंत्र कहते हैं इस प्रकारसे यह आयुर्वेद अष्टाङ्ग कहलाता है ॥ १० ॥

इह खल्वायुर्वेदप्रयोजनं व्याध्युपसृष्टानां व्याधिपरिमोक्षः स्वस्थस्य रक्षणं च आयुरस्मिन् विद्यतेऽनेन वा आयुर्विन्दतीत्यायुर्वेदः ॥ ११ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० १ ।

अर्थ-इस जगत्में आयुर्वेदके प्रकाश करनेका यही प्रयोजन है कि रोगयुक्त मनुष्योंको रोगसे छुडाना और रोगरहित मनुष्योंकी रोगसे रक्षा करना (बचाना)। आयुर्वेदका अर्थ यह है कि, आयु अर्थात् शरीर, इन्द्रिय और जीव इन तीनोंका स्वस्थतापूर्वक संयोग हो जिसमें उसे आयुर्वेद कहते हैं अथवा २ आयुका जिससे विचार हो उसे आयुर्वेद कहते हैं। अथवा ३ आयु जिसके द्वारा जानी जाय उसे आयुर्वेद कहते हैं। अथवा ४ जिससे आयु प्राप्त हो उसे आयुर्वेद कहते हैं। यह सब सुश्रुतके सूत्रस्थानके पहिले अध्यायमें लिखा है ॥ ११ ॥

इति श्रीमत्पण्डितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपानदर्पणे आयुर्वेदविवेककथने द्वितीयः प्रमोदः ॥ २ ॥

अथ तृतीयः प्रमोदः।

अथ मानविवेकं व्याख्यास्यामः।

न मानेन विना युक्तिर्द्रव्याणां ज्ञायते क्वचित् ॥
अतः प्रयोगकार्यार्थं मानमत्रोच्यते मया ॥ १ ॥

अर्थ-अब इसके आगे मानविवेक वर्णन करेंगे। मान (तोल) विना द्रव्य (औषध) आदिकी योजना (युक्ति) नहीं हो सक्ती इसलिये इस ग्रंथमें प्रथम मानपरिभाषा लिखते हैं ॥ १ ॥

यतो मन्दाग्नयो ह्रस्वा हीनसत्वा नराः कलौ ॥
अतस्तु मात्रा तद्योग्या प्रोच्यते सुज्ञसम्मता ॥ २ ॥

अर्थ-यद्यपि वैद्यक ग्रंथोंमें १ मागध और २ कालिंग ये दो प्रकारके मान दिये हैं परन्तु हम ग्रंथविस्तारभयसे तथा कलियुगमें मंदाग्नि, छोटे और हीनबल मनुष्य होनेसे उनके योग्य कालिंग मा-

नानुसारही मात्रा वैद्योंको मन्तव्य होनेके कारण इस ग्रंथमें कालिंग-मानही वर्णन करते हैं ॥ २ ॥

यवो द्वादशभिर्गौरसर्षपैः प्रोच्यते बुधैः ॥
यवद्वयेन गुंजा स्यात्त्रिगुंजो वल्ल उच्यते ॥ ३ ॥

अर्थ–१२ सपेद सरसोंका १ यव, २ यवोंकी १ गुंजा, ३ गुंजा (चिरंभी) का १ वल्ल ॥ ३ ॥

माषो गुञ्जाभिरष्टाभिः सप्तभिर्वा भवेत्क्वचित् ॥
स्याच्चतुर्माषकैः शाणः स निष्कं टंक एव च ॥ ४ ॥

अर्थ–८ गुंजा अथवा ७ गुंजाका १ मासा, ४ मासेका १ शाण जिसे निष्क तथा टंकभी कहते हैं ॥ ४ ॥

गद्यानो माषकैः षड्भिः कर्षः स्याद्दशमाषकः ॥
चतुःकर्षैः पलं प्रोक्तं दशशाणमितं बुधैः ॥
चतुःपलैश्च कुडवं प्रस्थाद्याः पूर्ववन्मताः ॥ ५ ॥

शार्ङ्ग० खं० १ अ० १ ।

अर्थ–६ मासेका १ गद्यान, १० मासेका १ कर्ष, ४ कर्षका १ पल, उस १ पलके १० शाण (४० मासे) होते हैं और ४ पलका एक कुडव होता है इसके आगे प्रस्थ आदि मान मागध परिभाषानुसारही ग्रंथांतरसे जानना चाहिये यह मान शार्ङ्गधरसंहिताके प्रथम खंडके पहले अध्यायमें लिखा है ॥ ५ ॥

स्थितिर्नास्त्येव मात्रायाः कालमग्निं वयो बलम् ॥
प्रकृतिं दोषदेशौ च दृष्ट्वा मात्रां प्रकल्पयेत् ॥ ६ ॥

अर्थ–अब औषधमात्राका मान दर्शाते हैं । यद्यपि १ स्वरस, २ क्वाथ, ३ फांट, ४ हिम, ५ कल्क, ६ गुटिका, ७ चूर्ण, ८ अवलेह, ९ स्नेह (तेल घृत), १० आसव, ११ रस (धातुभस्म) आदिकी

मात्रा ग्रंथोंमें पृथक् २ वर्णन कीभी है तथापि समस्त ऋषिमुन्यादि वैद्यक ग्रंथकर्ताओंका अंतिम यही सिद्धांत है कि ग्रंथोक्त मात्रापरही वैद्य निश्चय न रक्खे किन्तु काल (समय), रोगीकी अग्नि, अवस्था, बल, प्रकृति, दोष (वात, पित्त, कफ) और देश (अनूपादि) को देखकर अपनी बुद्धिके अनुसार औषधमात्राकी योजना करे ॥ ६॥

नाल्पं हन्त्यौषधं व्याधिं यथाम्भोऽल्पं महानलम्॥
अतिमात्रं च दोषाय यथा सस्ये बहूदकम् ॥७ ॥

भा०प्र०पू०खं०भा०२।

अर्थ-क्योंकि जैसे बढी हुई अग्नि थोडे पानीसे शमन नहीं होती तैसेही बढा हुआ रोगभी नियत मात्रासे दूर नहीं होता तो वहां रोगानुसार मात्राको बढाना चाहिये और जहां अल्प रोग जान पडे वहां नियत मात्राकोभी अल्प (थोडी) कर देनी चाहिये क्योंकि जैसे यव आदि अन्नके छोटे २ अंकुरोंपर अधिक जल गिरनेसे वे अंकुर गल जाते हैं तैसेही थोडे रोगपर अधिक मात्रा होनेसे वह हानिही पहुंचाती है इसलिये वैद्यको उचित है कि मात्राको विचारक देवे । ऐसा भावप्रकाशके पूर्वखंडके दूसरे भागमें लिखा है ॥ ७ ॥

अथ नाडीविवेकं व्याख्यास्यामः ।

करस्यांगुष्ठमूले या धमनी जीवसाक्षिणी ॥
तच्चेष्टया सुखं दुःखं ज्ञेयं कायस्य पण्डितैः ॥८॥

अर्थ-अब नाडीविवेक वर्णन करते हैं । रोगीकी नाडी देखनेके समय वैद्य प्रसन्नबुद्धि स्थिरचित्त होकर स्त्रीके वाम (बांये) और पुरुषके दाहने हाथके अंगूठेके मूलमें प्राणवायुकी साक्षीभूत जो नाडी है उसपर अपने सीधे हाथकी तर्जनी आदि ३ अंगुली रखके उस नाडीकी चेष्टा (गति) से शरीरके सुखदुःखको जाने ॥ ८ ॥

नाडी धत्ते मरुत्कोपे जलौकासर्पयोर्गतिम् ॥
कलिंगकाकमण्डूकगतिं पित्तस्य कोपतः ॥ ९ ॥

अर्थ–वातप्रकोपसे सर्प और जोककी गतिसमान, पित्तप्रकोपसे कलिंग (पक्षिविशेष वा बुलबुल) काक और मेंडुककी गति सदृश॥९॥

हंसपारावतगतिं धत्ते श्लेष्मप्रकोपतः॥
लावतित्तिरवर्तीनां गमने सन्निपाततः ॥ १० ॥

अर्थ–कफप्रकोपसे हंस तथा कबूतरकी गतिसमान, सन्निपात (त्रिदोष) प्रकोपसे लवा, तित्तिर तथा बटेरकी गतिसम ॥ १० ॥

कदाचिन्मंदगमना कदाचिद्वेगवाहिनी ॥
द्विदोषकोपतो ज्ञेया हन्ति च स्थानविच्युता ॥ ११ ॥

अर्थ–और द्विदोष (वातपित्त, वातकफ, पित्तकफ) प्रकोपसे कभी मंद और कभी वेगसे नाडी चलती है और जो नाडी अपने स्थानको छोड देती है वह रोगीको नष्ट कर देती है ॥ ११ ॥

स्थित्वा स्थित्वा चलति या सा स्मृता प्राणनाशिनी ॥
अतिक्षीणा च शीता च जीवितं हन्त्यसंशयम् ॥१२॥

अर्थ–ठहर २ के चलनेवाली तथा अत्यन्त क्षीण और जो ठंढी पड जावे सो नाडीभी रोगीके प्राणनाशिनीही जानो ॥ १२ ॥

ज्वरकोपेन धमनी सोष्णा वेगवती भवेत् ॥
कामक्रोधाद्भवेद्वेगा क्षीणा चिन्ताभयाप्लुता ॥ १३ ॥

अर्थ–सामान्य ज्वरप्रकोपसे नाडी उष्णतापूर्वक अधिक वेगसे चलती है, काम और क्रोधसेभी नाडी अत्यंत वेगसे चलती है, चिन्ता तथा भययुक्त मनुष्योंकी नाडी क्षीण (बलहीन) चलती है ॥१३॥

---

१ कलिंगभृङ्गधूम्याटा इत्यमरः ।

मन्दाग्नेः क्षीणधातोश्च नाडी मन्दतरा भवेत् ॥
असृक्पूर्णा भवेत्कोष्णा गुर्वी सामा गरीयसी ॥ १४ ॥

अर्थ-जिसकी अग्नि मन्द हो तथा धातुक्षीण हो उन मनुष्योंकी नाडी अत्यंत मंद चलती है रक्तप्रकोपयुक्त नाडी कुछ २ उष्ण जड और भारी चलती है ॥ १४ ॥

लघ्वी वहति दीप्ताग्नेस्तथा वेगवती भवेत् ॥
सुखितस्य स्थिरा ज्ञेया तथा बलवती मता॥
चपला क्षुधितस्यापि तृप्तस्य वहति स्थिरा॥ १५ ॥

अर्थ-जिस मनुष्यकी जठराग्नि प्रदीप्त हो उसकी नाडी हलकी और वेगसे चलती है रोगरहित मनुष्यकी नाडी स्थिर और बलयुक्त चलती है भूखे मनुष्यकी नाडी चंचल और भोजनादिसे तृप्त हुए मनुष्यकी निश्चल (स्थिरतायुक्त) नाडी चलती है ॥ १५ ॥

भाष्यं नाडीपरिक्षार्थमेते श्लोकाः शार्ङ्गधरस्य प्रथमखंडस्य तृतीयाध्याये कथिताः अतोऽधिकाश्चापि सन्त्यनेका आयुर्वेदीयग्रन्थेषु श्लोकाः परं च तत्र तेषां लेखनं तद्ग्रंथस्य विस्तारार्थमेव कुतो यथा रुग्विनिश्चयं निदानेन भवति न भवति तथा नाड्या तदेवाह भिषग्वरो वाग्भटः कवीश्वरो लोलिंबराजश्च ॥

अर्थ-नाडीपरीक्षार्थ ये सब श्लोक शार्ङ्गधरके प्रथमखंडके तीसरे अध्यायमें वर्णन किये हैं। इसमें अधिकभी श्लोक कई वैद्यक ग्रंथोंमें लिखे हैं परंतु उनका लिखना केवल उस ग्रंथके विस्तारार्थही है क्यों कि रोगनिश्चय जैसे निदानसे होता है वैसा नाडीसे नहीं होता अत एव वैद्यश्रेष्ठ वाग्भट्टजी तथा कवीश्वर लोलिंबराजजीनेभी कहा है कि ॥

रोगमादौ परीक्षेत तदनंतरमौषधम् ॥
ततः कर्म्म भिषक् पश्चात् ज्ञानपूर्वं समाचरेत्॥१६॥
वा० भ० ।

आदौ निदानविधाना विदध्याद्व्याधिनिश्चयम् ॥
ततः साध्यं समीक्षेत पश्चाद्भिषगुपाचरेत् ॥ १७ ॥
वै० जी० वि० १ ।

अर्थ–प्रथम वैद्य निदानविधिसे रोगका निश्चय करे फिर साध्य असाध्यका निश्चय करे नंतर ज्ञानपूर्वक चिकित्सा करे अर्थात् साध्य हो तो उसका यत्न और असाध्य रोग हो तो उसका त्याग कर देवे ॥ १६ ॥ १७ ॥

इति श्रीमत्पंडितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपानदर्पणे मानविवेकनाडीविवेककथने तृतीयः प्रमोदः ॥ ३ ॥

अथ चतुर्थः प्रमोदः ।

अथातोऽनुपानविवेकं व्याख्यास्यामः ।

अम्लेन केचिद्विहिता मनुष्या माधुर्य्ययोगे प्रणयीभवन्ति ॥ तथाम्लयोगे मधुरेण तृप्तास्तेषां यथेष्टं प्रवदंति पथ्यम् ॥ १ ॥

अर्थ–अब इसके आगे अनुपानविवेक वर्णन करेंगे। अन्न, औषध और रस आदिके पीछे या संगही जो सेवन (पान) किया जावे उसे अनुपान कहते हैं । कई मनुष्य खटाईसे विरक्त (अप्रसन्न) और मिठाईसे अनुरक्त (प्रसन्न) रहते हैं और कई मिठाईसे विरक्त और खटाईसे अनुरक्त रहते हैं उनको यथायोग्य (उनके स्वभावानुसार) पथ्य होना उचित है ॥ १ ॥

शीतोष्णतोयासवमद्ययूषफलाम्लधान्याम्लपयो-
रसानाम् ॥ यस्यानुपानं तु हितं भवेद्यत्तस्मै प्रदेयं
त्विह मात्रया तत् ॥ २ ॥

अर्थ-ठंढा तथा उष्ण पानी आसव (अर्क), मद्य (मदिरा), यूष (मूंग आदि वस्तुओंका औटाके निकाला हुआ साररूपी रस), फलकी खटाई, कांजी, दूध, रस (जो कि गीली औषधसे निकाला गया हो) इनमेंसे जिस मनुष्यको जो हित समझावे वही उसीको मात्रा (प्रमाणसे) अनुपान देना चाहिये ॥ २ ॥

व्याधिं च कालं च विभाव्य धीरैर्द्रव्याणि योज्यानि
च तानि तानि ॥ सर्वानुपानेषु वरं वदंति मेध्यं
यदंभः शुचिभाजनस्थम् ॥ ३ ॥

अर्थ-रोग तथा समयके अनुकूल खानेकी वस्तुओंको विचार कर दे और शुद्ध व स्वच्छ पात्रमें रक्खा हुआ पानी सब अनुपानोंमें श्रेष्ठ होनेसे पीनेको देना चाहिये ॥ ३ ॥

लोकस्य जन्मप्रभृति प्रशस्तं तोयात्मकाः सर्व-
रसाश्च दृष्टाः ॥ संक्षेप एषोऽभिहितोऽनुपानेष्वतः
परं विस्तरतोऽभिधास्ये ॥ ४ ॥

अर्थ-संसारको जन्मसे मरणपर्यंत पानी हितही है क्योंकी सब रसादि पानीसेही होते हैं इसलिये किसी अनुपानमें पानी वर्जित नहीं यह संक्षेपसे अनुपान कह अब इसके आगे विस्तारसे कहते हैं ॥४॥

उष्णोदकानुपानं तु स्नेहानामथ शस्यते ॥
ऋते भल्लातकस्नेहात्स्नेहात्तौवरकात्तथा ॥ ५ ॥

अर्थ-भिलावा और तुर (जिसके केशरके समान पत्ते और

---

१ यूषः स्मृतो वैदलानामष्टादशगुणेंभसि मदनपालनिघंटाविति ।

उडदके समान होते हैं) तेलको छोडकर समस्त तैलादि चिकने पदार्थोंके भक्षणमें उष्ण पानी अनुपान है ॥ ५ ॥

अनुपानं वदन्त्येके तैले यूषाम्लकांजिके ॥
शीतोदकं माक्षिकस्य पिष्टान्नस्य च सर्वशः ॥ ६ ॥

अर्थ–कई आचार्य कहते हैं कि तैल, यूष, खटाई, कांजी, सहत, और पीसे हुए अन्न (सत्तु आदि) के भक्षणमें ठंढा पानी अनुपान है ॥ ६ ॥

दधिपायसमद्यार्तिविषजुष्टे तथैव च ॥
केचित्पिष्टमयस्याहुरनुपानं सुखोदकम् ॥ ७ ॥

अर्थ–मद्यपानजन्य पीडा और विषभक्षणमें दही और दूध अनुपान है कई आचार्य पीसे अन्न भक्षणका अनुपान सुखोदक (थोडा उष्ण पानी) कहते हैं ॥ ७ ॥

पयो मांसरसो वापि शालिमुद्गादिभोजिनाम् ॥
युद्धाध्वातपसंतापविषमद्यरुजासु च ॥ ८ ॥

अर्थ–धान मूंग आदि भक्षण करनेवालोंको दूध या मांसरस अनुपान है। युद्ध मार्ग धूप अग्निज्वाला इनसे थके हुओंको और विषज तथा मद्यज रोगयुक्त पुरुषोंकोभी दूध या मांसरसही अनुपान है ॥८॥

माषादेरनुपानं तु धान्याम्लं दधि मस्तु वा ॥
मद्यं मद्योचितानां तु सर्वमांसेषु पूजितम् ॥ ९ ॥

अर्थ–उडद आदिका अनुपान कांजी अथवा मट्ठा है। मांसभक्षणमें मद्य पीनेवालोंको मद्यही अनुपान है ॥ ९ ॥

अमद्यपानामुदकं फलाम्लं वा प्रशस्यते ॥
क्षीरं घर्म्माध्वभाष्यस्त्रीक्लान्तानाममृतोपमम् ॥ १० ॥

अर्थ–मद्य न पीनेवालोंको जल या फलकी खटाई अनुपान है

घाम (धूप), मार्ग (वाट, पथ, रस्ता), पढाने या पढने और स्त्रियोंसे थके हुए मनुष्यको दूध अमृतके समान अनुपान है ॥ १० ॥

सुराकृशानां स्थूलानामनुपानं मधूदकम् ॥
निरामयानां चित्रं तु भुक्तमध्ये प्रकीर्तितम् ॥ ११ ॥

अर्थ-मद्य (मदिरा, दारु, सराफ, बरांडी) से दुबले और अत्यंत मोटोंको जलयुक्त मधु (सहत) अनुपान है रोगरहित मनुष्योंको अनेक प्रकारकी वस्तु भोजनके मध्य २ (बीच २) में खिलानाही अनुपान है ॥ ११ ॥

स्निग्धोष्णं मारुते पथ्यं कफे रूक्षोष्णमिष्यते ॥
अनुपानं हितं चापि पित्ते मधुरशीतलम् ॥ १२ ॥

अर्थ-वातरोगमें चिकना, उष्ण; कफरोगमें उष्ण, रूखा और पित्तमें मीठा तथा ठंढा अनुपान पथ्य है ॥ १२ ॥

हितं शोणितपित्तिभ्यः क्षीरमिक्षुरसस्तथा ॥
अर्कशेलुशिरीषाणामासवास्तु विषार्तिषु ॥ १३ ॥

अर्थ-रक्तपित्तमें दूध और ऊंस (सांठे) का रस अनुपान पथ्य है। विषजनित रोगमें अर्क (आकडा, अकौवा), रीठा और सिरसका आसव अनुपान है ॥ १३ ॥

अतः परं तु वर्गाणामनुपानं पृथक् पृथक् ॥
प्रवक्ष्याम्यनुपूर्वेण सर्वेषामेव मे शृणु ॥ १४ ॥

अर्थ-इसके पश्चात् वर्ग वर्गका पृथक् २ अनुपान वर्णन करते हैं ॥ १४ ॥

तत्र पूर्वसस्यजातीनां बदराम्लवैदलानां धान्याम्लम् १५

अर्थ-सस्यजाति (शूकधान्य[1], शमीधान्य[1], कुधान्य[2]) का खट्टे बेर

---

१ शूकधान्य और शमीधान्य उसको कहते हैं जो कि बिनही ऋतुमें उत्पन्न होते हैं। २ कुधान्य कोदू, सांवा, वांसके बीज और प्रियंगु आदिको कहते हैं।

और वैदल (जिनकी दाल बनती है जैसे मूंग, उडद, मसूर, मटर, तूवर, चने आदि) इनकी कांजी अनुपान है ॥ १५ ॥

अम्लानां फलानां पद्मोत्पलकन्दासवः ॥ १६ ॥

अर्थ–खट्टे फलोंको नीले कमलके कंदका आसव अनुपान है ॥१६॥

कषायाणां दाडिमवेत्रासवः ॥ १७ ॥

अर्थ–कषैले भोजनको दाडिम तथा वेतका आसव अनुपान है १७

मधुराणां त्रिकटुकयुक्तः कन्दासवः ॥ १८ ॥

अर्थ–मीठे भोजनको सोंठ, मिरच, पीपलयुक्त कंदोंका आसव अनुपान है ॥ १८ ॥

तालफलादीनां धान्याम्लम् ॥ १९ ॥

अर्थ–ताडफल, नारियल, कटहर और केलेको धानकी कांजी अनुपान है ॥ १९ ॥

कटुकानां दूर्वानलवेत्रासवः ॥ २० ॥

अर्थ–चरपरे भोजनको दूब, नल (देवनल) और वेत्र (वेंत) का आसव अनुपान है ॥ २० ॥

पिप्पल्यादीनां श्वदंष्ट्रावसुकासवः ॥ २१ ॥

अर्थ–पीपल, पीपलामूल, चव्य (चाभ), चित्रक (चीता), अदरक,काली मिर्च, गजपीपल, रेणुक, अजमोदा,इन्द्रजव, पाठा, जीरा, सरसों, पहाडी नींबफल, हींग, भार्ङ्गी, महुआ, अतीस, वच, वायविडंग और कटुकी इस पिप्पल्यादि वर्गको गोखरू, वसुक (बुक केदारगिरी बगहुल प्रसिद्ध) का आसव अनुपान है ॥ २१ ॥

कूष्माण्डादीनां दार्वीकरीरासवः ॥ २२ ॥

अर्थ–कूष्मांड (कद्दू), लौकी(सफेद फूलका कद्दू) और तरबूज आदि शाकोंको दार्वी और करीनलका आसव अनुपान है ॥ २२ ॥

चंचुप्रभृतीनां लोध्रासवः ॥ २३ ॥

अर्थ–चूच (लाली), जाई, जुई, जीवंती (शाकभेद), कुंदरु,

करहारी, भिलावा, वृद्धदारुक, वृक्षादनी (वृक्षभेद), फंजी (वाड), सेमर, रीठा, वनस्पतिप्रसव (वृक्षभेद), शण (अंबाडेकी भाजी दक्षिणमें प्रसिद्ध) और कचनार इन सबोंको लोधका आसव अनुपान है ॥ २३ ॥

जीवन्त्यादीनां त्रिफलासवः ॥ २४ ॥

कुसुंभशाकस्य स एव ॥ २५ ॥

अर्थ-जीवंत्यादि[1] वर्गको और कसूंभ सागको त्रिफलेका आसव अनुपान है ॥ २४ ॥ २५ ॥

मण्डूकपर्ण्यादीनां महापञ्चमूलासवः ॥ २६ ॥

अर्थ-ब्राह्मी, हुलहुल, पीपल, गुरच, गोभी, बावची, मटर, दोनों कटियाली, बैंगन, करेला, एरंड, पित्तपापडा, चिरायता, ककोडा, नीमतुरै, वेतका अग्रभाग और रूषादिको बृहत्पञ्चमूलका आसव अनुपान है ॥ २६ ॥

तालमस्तकादीनामम्लफलासवः ॥ २७ ॥

अर्थ-ताडके गूदे आदिको खट्टे फलोंका आसव अनुपान है॥२७॥

सैन्धवादीनां सुरासव आरनालं च ॥ २८ ॥

अर्थ-सेंधानोन, समुद्रनोन, बिडनोन, सौंचलनोन, सांभरानोन और उद्भिदनोन (जो कहीं खारकी भूमिमेंसे निकाला हुआ पानी सूर्यकी उष्णतासे या अग्निसे जमाया जाता है) इन सबोंको मद्य आसव और आरनाल अनुपान है ॥ २८ ॥

तोयं वा सर्वत्रेति ॥ २९ ॥

अर्थ-अथवा सर्वत्र केवल जलही अनुपान उत्तम है ॥ २९ ॥

भवन्ति चात्र-सर्वेषामनुपानानां माहेन्द्रं तोयमुत्तमम् ॥
सात्म्यं यस्य तु यत्तोयं तत्तस्मै हितमुच्यते ॥ ३० ॥

---

१ जीवंत्यादिवर्ग विस्तारपूर्वक सुश्रुतमें देखो ।

अर्थ–यहां ऐसा जानो कि सब अनुपानोंमें अंतरिक्ष (जो वर्षता हुआ पानीही पात्रमें ले लिया जावे) वह उत्तम है या जिसको जो पानी अनुकूल हो उसको वही हित है ॥ ३० ॥

उष्णं वाते कफे तोयं पित्ते रक्ते च शीतलम् ॥
दोषवद्गुरु वा भुक्तमतिमात्रमथापि वा ॥ ३१ ॥

अर्थ–वात और कफजनित रोगमें उष्ण पानी, पित्त और रक्तज रोगमें ठंढा पानी अनुपानमें देना उचित है । दोषयुक्त या प्रमाणसे अधिक खाया हुआ अन्नभी ॥ ३१ ॥

यथोक्तेनानुपानेन सुखमन्नं प्रजीर्य्यति ॥
रोचनं बृंहणं वृष्यं दोषसंघातभेदनम् ॥ ३२ ॥

अर्थ–उचित अनुपानसे सुखपूर्वक पच जाता है और उचित अनुपान रुचिवर्द्धक, बृंहण (वीर्यवर्द्धक), पराक्रमविकाशक, दोष-नाशक ॥ ३२ ॥

तर्पणं मार्दवकरं श्रमक्लमहरं सुखम् ॥
दीपनं दोषशमनं पिपासाच्छेदनं परम् ॥ ३३ ॥

अर्थ–तृप्ति तथा कोमलताकारक, श्रम-भ्रमहारक, सुखदायक, अग्निउन्नायक, दोष (वात, पित्त, कफ,) कोपसंहारक, तृषा (प्यास)-दारक ॥ ३३ ॥

बल्यं वर्णकरं सम्यगनुपानं सदोच्यते ॥
तदादौ कर्षयेत्पीतं स्थापयेन्मध्यसेवितम् ॥ ३४ ॥

अर्थ–और बल तथा वर्णकारक होता है । सो अनुपान यदि भोजनके पहलेही पान किया जावे तो शरीरको दुर्बल और मध्यमें जैसाका तैसा (न घटावे न बढावे ॥ ३४ ॥

पश्चात्पीतं बृंहयति तस्माद्वीक्ष्य प्रयोजयेत् ॥
स्थिरतां गतमक्लिन्नमन्नमद्रवपायिनाम् ॥ ३५ ॥

अर्थ-और अंतमें पीनेसे शरीरको पुष्ट करता है इसलिये विचारके अनुपान देवे जल आदि पीये विना भक्षित अन्न स्थिर और कडा रहनेसे तृप्ति देनेवाला नहीं होता ॥ ३५ ॥

भवत्याबाधजननमनुपानमतः पिबेत् ॥
न पिबेच्छ्वासकासार्तो रोगे चाप्यूर्ध्वजत्रुगे ॥३६॥

अर्थ-वरन पीडाकारक हो जाता है इसलिये भोजनके पश्चात् अनुपान पीनाही चाहिये । श्वास-कासवाला ठुड्डीसे ऊपरके अंगमें जिसके रोग हो वह ॥ ३६ ॥

क्षतोरस्कः प्रसेकी च यस्य चोपहतः स्वरः ॥
पीत्वाऽध्वभाष्याध्ययनगेयस्वप्नान्न शीलयेत् ॥३७॥

अर्थ-उरःक्षती (जिसके हृदयमें घाव हो गया हो), प्रसेकी (जिसके मुखसे लारें गिरें वा पसीनेमें भीगा हुआ) और जिसका स्वर (शब्द) बैठ गया हो ये मनुष्य अनुपान न पीवे और इनसे व्यतिरिक्त (रोगरहित मनुष्य) भी अनुपान पीकर मार्गका चलना, अधिक बोलना,पढना,गाना और सोना ये कर्म्म कदापि न करें॥३७॥

प्रदूष्यामाशयं तद्धि तस्य कंठोरसि स्थितम् ॥
स्यन्दाग्निसादच्छर्द्यादीनामयान् जनयेद्बहून् ॥३८॥

अर्थ-उक्त कर्म्मोंके करनेसे वह अनुपान आमाशयको दूषित करके उस मनुष्यके कंठ और हृदयमें प्राप्त होकर कफस्राव, मंदाग्नि और वमन (उलटी) आदि रोगोंको उत्पन्न करता है ॥ ३८ ॥

गुरुलाघवचिन्तेयं स्वभावं नातिवर्तते ॥
तथा संस्कारमात्रांतकालांश्चाप्युत्तरोत्तरम् ॥ ३९ ॥

अर्थ-द्रव्योंका भारीपन, हलकापन, स्वभाव, संस्कार, मात्रा और समय ये कभी नहीं छूटते और सब एकसे दूसरा बलवान् है ॥ ३९ ॥

मंदकर्म्मानलारोग्याः सुकुमाराः सुखोचिताः ॥
जन्तवो ये तु तेषां हि चिन्तेयं परिकीर्तिता ॥४०॥

अर्थ–इसलिये विचारके वैद्यने अनुपान देना चाहिये क्योंकि आलसी, मंदाग्निवाले, सुकुमार और सुखसे रहनेवाले मनुष्योंके लिये उक्त अनुपानविधिका विचारना है ॥ ४० ॥

बलिनः खरभक्षाश्च ये च दीप्ताग्नयो नराः ॥
कर्म्मनित्याश्च ये तेषां नावश्यं परिकीर्तयेत् ॥ ४१ ॥

सुश्रु० सू० स्था० अ० ४६ ।

अर्थ–और जो बलवान्, कठिन भोजन करनेवाले, तीव्राग्नि (तेज अग्नि) वाले तथा प्रतिदिन परिश्रम करनेवाले पुरुषोंके लिये उक्त विधिके विशेष विचारकी कोई आवश्यकता नहीं । यह अनुपानविधि सुश्रुतसंहिताके सूत्रस्थानके ४६ वें अध्यायमें लिखा है ॥ ४१ ॥

अथ कतिपयरोगेषु दुग्धानुपानान्याह ।

क्षीरोचितस्य प्रक्षीणश्लोष्मणो दाहतृड्वतः ॥
क्षीरं पित्तानिलार्तस्य पथ्यमप्यतिसारिणः ॥ ४२ ॥

अर्थ–अब कितनेक रोगोंपर दूधके अनुपान कहते हैं । दूध देने योग्य (जिसके शरीरको दूध अनुकूल हो) उसको, क्षीण कफवालेको, दाह तथा तृषावालेको, पित्तवातसे पीडितको और अतिसारवाले मनुष्यको दूध देना पथ्य है ॥ ४२ ॥

तद्वपुर्लंघनोत्तप्तं प्लुष्टं वनमिवाग्निना ॥
दिव्यांबु जीवयेत्तस्य ज्वरं चाशु नियच्छति ॥४३॥

अर्थ–वह दूध जैसे ग्रीष्माग्निसे तप्त वनके समान लंघनसे तपायमान रोगीके शरीरको वर्षाके जलकी नाई जिला देता है और उसके ज्वरकोभी शीघ्रही नाश कर देता है ॥ ४३ ॥

संस्कृतं शीतमुष्णं वा तस्माद्धारोष्णमेव वा ॥
विभज्य काले युंजीत ज्वरिणं हंत्यतोन्यथा ॥ ४४ ॥

अर्थ-औषधोंसे सिद्ध किया हुआ, ठंढा अथवा उष्ण (गरम) या धारोष्ण (धारासेही निकला हुआ गरम २) दूधको समयके अनुकूल रोगानुसार विचार कर जिसको जैसा हित समझे उसको वैसाही वैद्यने देना चाहिये। अन्यथा देनेसे अमृतसमान दूध विषपान-सदृश होकर ज्वरयुक्त मनुष्यको नष्ट कर देता है ॥ ४४ ॥

पयः सशुंठीखर्जूरमृद्वीकाशर्कराघृतम् ॥
शृतशीतं मधुयुतं तृड्दाहज्वरनाशनम् ॥ ४५ ॥

अर्थ-सोंठ, खजूर (खारक), मुनक्का, मिश्री (खांड) और घी इन्होंसे युक्त दूधको औटाकर ठंढा करे और उसमें सहत मिलाकर पिलावे तो वह दूध दाह, तृषा और ज्वरका नाश करता है ॥ ४५ ॥

तद्वद्द्राक्षाबलायष्टीसारिवाकणचंदनैः ॥
चतुर्गुणेनांभसा वा पिप्पल्या वा शृतं पिबेत् ॥४६ ॥

अर्थ-इसी प्रकार दाख, खरेटी, मुलहटी, सारिवा, छोटी पीपल और चंदन इन सर्वसहित औटाकर ठंढा किया हुआ दूध अथवा इनके क्वाथमें सिद्ध किया हुआ दूध अथवा चौगुने पानीकरके सिद्ध किया हुआ दूध या केवल पीपलीसे सिद्ध किया हुआ दूध पिलानेसे वह दूध दाह, तृषा और ज्वरका नाश करता है ॥ ४६ ॥

कासाच्छ्वासाच्छिरःशूलात्पार्श्वशूलाच्चिरज्वरात् ॥
मुच्यते ज्वरितः पीत्वा पञ्चमूलीशृतं पयः ॥ ४७ ॥

अर्थ-पञ्चमूलमें[1] सिद्ध किये हुए दूधको पिलानेसे ज्वरयुक्त रोगी-

---

१ शालिपर्णी (जिसे गौडदेशमें शालपाणीभी कहते हैं), पृश्निपर्णी (जिसे मध्यदेशमें चंकरोत और पिठवनी कहते हैं), छोटी कटियाली, बडी कटियाली और गोखरू इसे लघुपञ्चमूल कहते हैं।

भी कास, श्वास, शिरकी शूल, पार्श्वशूल और पुराने ज्वरसे छूट जाता है ॥ ४७ ॥

शृतमेरण्डमूलेन बालबिल्वेन वा ज्वरात् ॥
धारोष्णं वा पयः पीत्वा विबद्धानिलवर्चसः ॥ ४८ ॥

अर्थ–एरण्ड मूलमें अथवा कच्चे बेलके गूदेमें औटाकर सिद्ध किये हुए दुग्धपानसे रोगी ज्वरसे छूट जाता है। धारोष्ण दूधके पीनेसे अधोवायुका रुकना, मलकी रुकावट ॥ ४८ ॥

सरक्तपित्तातिसृतेः सतृट्शूलप्रवाहिकात् ॥
सिद्धं शुण्ठीबलाव्याघ्रीगोकण्टकगुडैः पयः ॥ ४९ ॥

अर्थ–रक्त तथा फेनयुक्त अतिसार और तृषा, शूलयुक्त प्रवाहिका ये सब रोग दूर हो जाते हैं। सोंठ, खरेटी, कटियाली, गोखरू और गुड इन करके सिद्ध किया (औटाया) हुआ दूध पिलानेसे ॥४९॥

शोथमूत्रशकृद्वातविबन्धज्वरकासजित् ॥
वृश्चीकबिल्ववर्षाभूसाधितं ज्वरशोफनुत् ॥
शिंशपासारसिद्धं वा क्षीरमाशु ज्वरापहम् ॥ ५० ॥

वाग्भ० चि० स्था० अ० २ ।

अर्थ–शोथ (सूजन), मूत्र तथा मलका रुकना, ज्वर और खांसी इन सबका नाश करता है तथा सीसमके गूदेमें सिद्ध किया हुआ दूध शीघ्रही ज्वरका नाश करता है। ऐसा वाग्भट्टके चिकित्सास्थानके दूसरे अध्यायमें लिखा है ॥ ५० ॥

सौभाग्यपुष्टिबलशुक्रविवर्धनानि किं सन्ति नो भुवि बहूनि रसायनानि॥ कन्दर्पवर्धिनि परंतु सिताज्ययुक्ताद्दुग्धादृते न मम कोपि मतः प्रयोगः॥५१॥

वै० जी० वि० ५ ।

अर्थ–लोलिंबराजजी अपनी स्त्रीसे कहते हैं कि हे कंदर्पवर्धिनि

(कामदेवको बढानेवाली स्त्री) ! सुंदरता, पुष्टता, बल और वीर्य-को बढानेवाली रसायनरूप क्या बहुतसी वस्तुएं पृथ्वीमें नहीं हैं किन्तु बहुतेरे हैं परन्तु मिश्री और घृतसहित दूध जैसा सुंदरता, पुष्टता, बल और वीर्यको बढानेवाला है तैसा मेरे मतमें कोई दूसरा प्रयोग (उपाय) नहीं है ॥ ५१ ॥

अथ योगराजगुग्गुल्वनुपानानि ।

रास्नादिक्काथसंयुक्तो विविधं हन्ति मारुतम् ॥
कांकोल्यादिशृतात् पित्तं कफमारग्वधादिना ॥५२॥

अर्थ-अब योगराजगुग्गुलके अनुपानोंको वर्णन करते हैं। रास्नादि क्काथसंग वातरोगको, कांकोल्यादि क्काथसंग पित्तरोगको, आर-ग्वधादि क्काथसंग कफरोगको ॥ ५२ ॥

दार्वीशृतेन मेहांश्च गोमूत्रेणैव पाण्डुताम् ॥
मेदोवृद्धिं च मधुना कुष्ठे निंबशृतेन वा ॥ ५३ ॥

अर्थ-दारुहलदीके काढेके संग प्रमेहको, गोमूत्रसंग पांडुरोगको, सहतसंग मेदोवृद्धिको, निंबके क्काथके संग कुष्ठको ॥ ५३ ॥

छिन्नाक्काथेन वातास्रं शोथं शूलं कणाशृतात् ॥
पाटलाक्काथसहितो विषं मूषकजं जयेत् ॥ ५४ ॥

अर्थ-गुर्च (गुडवेल) के क्काथसंग रक्तवातको, पीपलीके क्काथसंग शोथ तथा शूलको, सिरसके क्काथसंग मूषकदंश विषको ॥ ५४ ॥

त्रिफलाक्काथसहितो नेत्रार्तिं हन्ति दारुणाम् ॥
पुनर्नवादेः क्काथेन हन्यात्सर्वोदराण्यपि ॥ ५५ ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० ७ ।

अर्थ-त्रिफलाके क्काथसंग नेत्ररोगको और पुनर्नवा (साठी) के क्काथसंग देनेसे समस्त उदररोगको योगराज गुग्गुल नाश करता है । ऐसा शार्ङ्गधरके दूसरे खंडके सातवें अध्यायमें लिखा है ॥५५॥

अथ नारायणचूर्णानुपानान्याह ।

दद्याद्युक्तानुपानेन तथाध्माने सुरादिभिः ॥
गुल्मे बदरनीरेण विड्संगे दधिमस्तुना ॥ ५६ ॥

अर्थ–अब नारायणचूर्ण अनुपानोंको वर्णन करते हैं । आध्मान (पेट फूलने) में मदिरा आदिके संग, गुल्ममें बेरके क्वाथसंग, मलबद्धमें दहीके पानीसंग ॥ ५६ ॥

उष्णांबुभिश्च जीर्णे च वृक्षाम्लैः परिकर्तृषु ॥
उष्ट्रीदुग्धेनोदरेषु तथा तक्रेण वा गवाम् ॥ ५७ ॥

अर्थ–अजीर्णमें उष्ण (गरम) पानीसंग, परिकर्त (गुदामें कतरनेके समान पीडा करनेवाले) रोगमें अमलीके क्वाथसंग, उदररोगमें ऊंटनीके दूधसंग अथवा गऊकी छाछसंग ॥ ५७ ॥

प्रसन्नया वातरोगे दाडिमांभोभिरर्शसि ॥
द्विविधे च विषे दद्यात् घृतेन विषनाशनम् ॥
चूर्णं नारायणं नाम दुष्टरोगगणापहम् ॥ ५८ ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० ६ ।

अर्थ–वातरोगमें सुरामंडसंग, अर्श (मूलव्याधि) में अनारके रससंग और स्थावर तथा जंगमविषमें घीके संग और उक्त रोगोंसे व्यतिरिक्त रोगोंमें जैसा योग्य अनुपान समझे उसके संग देनेसे यह नारायणचूर्ण उक्त रोगादि समस्त दुष्टरोगोंका नाश करता है । ऐसा शार्ङ्गधरसंहिताके दूसरे खंडके छठे अध्यायमें लिखा है ॥ ५८ ॥

अथ निर्गुण्ड्यनुपानानि ।

[1]प्रस्थं निर्गुण्डिचूर्णस्य गोमूत्रेण समं पिबेत् ॥
दशरात्रप्रयोगेन कुष्ठनाशो भवेद् ध्रुवम् ॥ ५९ ॥

---

१ शरावोष्टपलं तद्वज्ज्ञेयमत्र विचक्षणैः ॥
शरावाभ्यां भवेत्प्रस्थश्चतुःप्रस्थैस्तथाढकम् ॥ १ ॥ शा० ।

अर्थ-अब निर्गुण्डीके अनुपान कहते हैं । १ प्रस्थ (५३ तोले ४ मासे भार) निर्गुंडीके चूर्णको गोमूत्रसंग दशरात्रि पर्यन्त पिलानेसे कुष्ठ (कोढ) दूर हो जाता है ॥ ५९ ॥

निर्गुंडीचूर्णमादाय घृतेन सह भक्षयेत् ॥
कृशस्तु दुर्बलो वापि बलवीर्ययुतो भवेत् ॥ ६० ॥

अर्थ-निर्गुण्डीचूर्णको घीके संग सेवन करनेसे कृश तथा बलहीनभी मनुष्य बलवीर्ययुक्त हो जाता है ॥ ६० ॥

निर्गुण्डीचूर्णमादाय पिबेदुष्णेन वारिणा ॥
सप्तरात्रप्रयोगेन रोगमुक्तो भवेन्नरः ॥ ६१ ॥

अर्थ-निर्गुंडीचूर्णको गरम २ पानीके संग सात रात्रिपर्यंत सेवन करनेसे रोगरहित मनुष्य हो जाता है ॥ ६१ ॥

निर्गुंडीमूलमुद्धृत्य गृहे च धारयेद्बुधः ॥
नश्यन्ति सर्वविघ्नानि गृहान्नागाश्च सर्वशः ॥ ६२ ॥

अर्थ-निर्गुंडीके मूल (जड) को उखाडके यदि गृहस्थ अपने घरमें रक्खे तो उसके घरमें सर्प नहीं रहता और सभ प्रकारके विघ्न दूर हो जाते हैं ॥ ६२ ॥

अथ भृंगराजानुपानानि ।

भृंगराजपत्ररसं कृष्णजीरसमं पिबेत् ॥
तैलेन सह संदद्याद्वलीपलितवर्ज्जितः ॥ ६३ ॥

अर्थ-अब भृंगराजके अनुपान कहते हैं। भृंगराजके पत्तोंके रसको काले जीरेके अथवा तैलके संग पान करे तो वह मनुष्य वृद्धावस्थामेंभी तरुणके समान बलवान् रहे ॥ ६३ ॥

भृंगराजरसं चैव गुडूचीरससंयुतम् ॥
मासमात्रप्रयोगेन सर्वव्याधिर्विनश्यति ॥ ६४ ॥

अर्थ–भृंगराजके रसको गुर्चके रससंग १ मास पर्यन्त पीवे तो सब प्रकारके रोग दूर होंय ॥ ६४ ॥

अथ सकलरोगेषु हरीतक्यनुपानानि ।

सितायुक्ता च शरदि हेमन्ते नागरेण च ॥
शिशिरे पिप्पलीयुक्ता वसन्ते मधुना सह ॥ ६५ ॥

अर्थ–अब सब रोगोंपर हरीतकी (हर्ड) के अनुपानोंको कहते हैं । शरदऋतुमें मिश्रीके संग, हेमंतमें सोंठके संग, शिशिरमें छोटी पीपलके संग, वसन्तमें सहतके संग ॥ ६५ ॥

ग्रीष्मे च गुडसंयुक्ता वर्षासु लवणेन च ॥
अनेनैव विधानेन भक्षयेद्यो हरीतकीम् ॥ ६६ ॥

अर्थ–ग्रीष्मऋतुमें गुडके संग और वर्षामें सैंधव (सेंधानोन) के संग हरीतकी (हिरडा हर्ड) को खानेसे ॥ ६६ ॥

तस्य वृद्धिर्बलं वीर्य्यमारोग्यं स्थिरयौवनम् ॥
अग्निर्दहति काष्ठानि तनुरोगान् हरीतकी ॥ ६७ ॥

अर्थ–मनुष्य रोगरहित और बलवीर्यसहित आयुपर्यन्त रहता है। जैसे अग्नि काष्ठको दग्ध कर देती है तैसेही शरीरके समस्त रोगोंको हरीतकी नाश कर देती है ॥ ६७ ॥

कदाचित्कुप्यते माता नोदरस्था हरीतकी ॥
मातेव सर्वदा ज्ञेया हितदात्री हरीतकी ॥ ६८ ॥

इति गौरिकांचलिकातंत्रे ।

अर्थ–कोई समय अपने बालकपर माता क्रोधित हो जाती है पर पेटमें हरीतकी जाकर कुपित नहीं होती इसलिये माताके समान हित करनेवाली हरीतकी (हर्ड) को जानना चाहिये। ये निर्गुंडी, भृंगराज और हरीतकीके उक्त अनुपान गौरिकांचलिकातंत्रमें लिखे हैं ॥६८॥

अन्यच्च-ग्रीष्मे तुल्यगुडां सुसैन्धवयुतां मेघावने ह्यम्बरे तुल्यां शर्करया शरद्यमलया शुण्ठ्या तुषारागमे ॥ पिप्पल्या शिशिरे वसन्तसमये क्षौद्रेण संयोजिता राजन् प्राप्य हरीतकीमिव रुजो नश्यन्ति ते शत्रवः ॥ ६९ ॥ मद० निघं० ।

अर्थ-ग्रीष्मऋतुमें समानभाग गुडके संग, वर्षाऋतुमें सेंधानोनके संग, शरदऋतुमें समभाग शक्करके संग, हेमंतऋतुमें सोंठके संग, शिशिरऋतुमें पीपलके संग, वसंतऋतुमें सहतके संग हरड भक्षण करनेसे जैसे सब रोग नष्ट होते हैं तैसे हे राजन्! तेरे शत्रुभी तुझको प्राप्त होतेही नष्ट होवें। इसी प्रकार हरीतकीके अनुपान मदनपाल निघंटुमें लिखे हैं ॥ ६९ ॥

अथ गुडूच्यनुपानान्याह ।

घृतेन वातं सगुडा विबंधं पित्तं सिताढ्या मधुना कफं च ॥ वातास्रमुग्रं रुबुतैलमिश्रा शुण्ठ्यामवातं शमयेद्गुडूची ॥ ७० ॥ मद० निघं० ।

अर्थ-गुडूचीके अनुपानोंको वर्णन करते हैं। घृतके संग वादीको, गुडके संग विबंध (मलके रुकने) को, मिश्रीसंग पित्तको, मधु (सहत) संग कफको, एरंड तैलसंग वातरक्तको और सोंठसंग देनेसे आमवातको गुडूची (गुर्च) दूर करती है। ऐसा मदनपाल-निघंटुमें लिखा है ॥ ७० ॥

अमृतास्वरसो हन्ति क्षौद्रयुक्तो हि कामलाम् ॥ शार्ङ्गधरेण चोक्तत्वाच्छ्लोकोयं रचितो मया ॥ ७१ ॥

अर्थ-गुडूचीका स्वरस (गीली गुर्चसे निकाला हुआ रस) सहतके साथ पिलानेसे कामला (कमल-पीलिया) का नाश कर देता है। ऐसा शार्ङ्गधरजीने स्वसंहिताके द्वितीयखंडमें किसी एक श्लोकके

चरणमें कहा है इसलिये यहां हमने श्लोक बनाकर लिखा है ॥ ७१ ॥

समधुश्छिन्नास्वरसो नानामेहनिवारणः ॥
वदन्ति भिषजः सर्वे शरदिन्दुनिभानने ॥ ७२ ॥

वै० जी० वि० ४ ।

अर्थ–लोलिंबराजजी अपनी स्त्रीसे कहते हैं कि हे शरदऋतुके चंद्रसमान मुखवाली स्त्री ! समस्त वैद्योंका तथा मेराभी यही कहना है कि गुडूचीका स्वरस सहतके संग सेवन करनेसे २० प्रकारके प्रमेह (परमे) नाश हो जाते हैं ॥ ७२ ॥

जीर्णज्वरं कफकृतं कणया समेतश्छिन्नोद्भवोद्भव-
कषायक एष हन्ति ॥ रामो दशास्यमिव राम इव
प्रलंबं रामो यथा समरमूर्द्धनि कार्तवीर्य्यम् ॥ ७३ ॥

वै० जी० वि० १ ।

अर्थ–और गुडूची (गुरच) का क्वाथ छोटी पीपलके चूर्णसंग लेनेसे कफकृत जीर्णज्वरको नाश करता है । जैसे रामचंद्रजीने रावण-का, बलदेवजीने प्रलंबासुरका और परशुरामजीने सहस्रार्जुनका नाश किया तैसे । यह सब वैद्यजीवनमें लिखा है ॥ ७३ ॥

अमृताक्वाथकल्काभ्यां सक्षीरं विपचेद् घृतम् ॥
वातरक्तं जयत्याशु कुष्ठं जयति दुस्तरम् ॥ ७४ ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० ९ ।

अर्थ–गुरचके क्वाथ या कल्कमें दूधसहित घृतको औटावे जब घृत (घी) मात्र शेष रह जावे उसे छान ले इसे गुडूची (अमृता)-घृत कहते हैं । इसके सेवनसे वातरक्त और कुष्ठ दूर होते हैं । ऐसा शार्ङ्गधरमें लिखा है ॥ ७४ ॥

गुडूचीस्वरसः कर्षं क्षौद्रं स्यान्माषकोन्मितम् ॥
सैन्धवं क्षौद्रतुल्यं स्यात्सर्वमेकत्र मर्दयेत् ॥ ७५ ॥

अर्थ-गुरचके १ कर्ष (१० मासे) रसमें १ मासा सहत और १ मासा सेंधानोन मिलाकर खरल करे और इसको नेत्रमें लगावे तो ॥ ७५ ॥

अंजयेन्नयनं तेन पिल्लार्म्मतिमिरं जयेत् ॥
काचं कंडूं लिंगनाशं शुक्लकृष्णगतान् गदान् ॥७६॥
शार्ङ्ग० खं० ३ अ० १३ ।

अर्थ-पिल्लार्म्म रोग, तिमिर (दिनौंधी), काचबिंदु, खुजाल, लिंगनाश और नेत्रके श्वेत तथा काले विभागमें जो कुछ नेत्ररोग हो सो सब दूर होय । ऐसा शार्ङ्गधरके ३ खंडके १३ वें अध्यायमें लिखा है ॥ ७६ ॥

अथ नेत्ररोगे पुनर्नवानुपानानि ।

दुग्धेन कंडूं क्षौद्रेण नेत्रस्रावं च सर्पिषा ॥
पुष्पं तैलेन तिमिरं कांजिकेन निशांधताम् ॥
पुनर्नवा जयत्याशु भास्करस्तिमिरं यथा ॥ ७७ ॥
शार्ङ्ग० खं० ३ अ० १३ ।

अर्थ-अब नेत्ररोगपर पुनर्नवा (साठी) के अनुपानोंकोभी कहते हैं । पुनर्नवाको दूधमें घिसके नेत्रमें लगानेसे नेत्रोंकी खुजाल, सहतमें घिसकर लगानेसे नेत्रस्राव (नेत्रोंसे जलका वहाव), घीमें घिसकर लगानेसे फुल्ली, तेलमें लगानेसे तिमिर (दिनौंधी) और कांजीमें घिसकर लगानेसे नक्तांध (रतौंधी) ये सब नेत्रोंके रोग दूर होते हैं । यह शार्ङ्गधरके ३ रे खंडके १३ वें अध्यायमें लिखा है ॥ ७७ ॥

अथ त्रिफलानुपानानि ।

एका हरीतकी योज्या द्वौ च योज्यौ बिभीतकौ ॥
चत्वार्यामलकान्येव त्रिफलैषा प्रकीर्तिता ॥ ७८ ॥

अर्थ–अब त्रिफलाके अनुपान वर्णन करते हैं।१ हरीतकी (हर्ड), २ बहेडा, ४ आंवलेके योगको त्रिफला कहते हैं। अथवा १ भाग हर्ड, उससे दूना बहेडा, उससे दूना आंवला इनके योगको त्रिफला कहते हैं ॥ ७८ ॥

त्रिफला शोथमेहघ्नी नाशयेद्विषमज्वरान् ॥
दीपनी श्लेष्मपित्तघ्नी कुष्ठहंत्री रसायनी ॥
सर्पिर्मधुभ्यां संयुक्ता सैव नेत्रामयान् जयेत् ॥ ७९ ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० २ ।

अर्थ–त्रिफलाके चूर्णको नित्य सेवन करनेसे शोथ, प्रमेह, विषमज्वर, कफ, पित्त, कुष्ठ इन सबका नाश होता है और अग्नि दीप्त होती है। तथा रोगरहित वह मनुष्य होकर अपनी पूर्णायुको प्राप्त होता है और उसका बल वीर्य नित्य वर्धितही हो जाता है। इसी त्रिफला-चूर्णको नित्य रात्रिसमय सहत और घीके संग यदि सेवन करे तो समस्त नेत्ररोग दूर हो जाते हैं ॥ ७९ ॥

फलत्रिकोद्भवं क्वाथं गोमूत्रेणैव पाययेत् ॥
वातश्लेष्मकृतं हन्ति शोथं वृषणसंभवम् ॥ ८० ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० २ ।

अर्थ–और त्रिफलाके क्वाथको गोमूत्रके संग पीनेसे वादी तथा कफसे उत्पन्न भई पोतोंकी शोथ (सूजन) भी दूर हो जाती है॥८०॥

क्षौद्रेण त्रिफलाक्वाथः पीतो मेदहरः स्मृतः ॥
शीतीभूतं तथोष्णांबु मेदोहृत् क्षौद्रसंयुतम् ॥८१॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० २ ।

अर्थ–त्रिफलाक्वाथ सहतसंग पिलानेसे मेदोवृद्धि दूर करता है और इसी प्रकार गरम पानीभी ठंडा होनेपर सहतसंग पीनेसे मेदका नाश करता है ॥ ८१ ॥

त्रिफलारग्वधक्काथः शर्कराक्षौद्रसंयुतः ॥
रक्तपित्तहरो दाहपित्तशूलनिवारणः ॥ ८२ ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० २ ।

अर्थ-यदि त्रिफलाके क्काथको बहेडेकी भीतरकी गुठली (मींगी, बीजा), शर्करा और सहतके संग पिलावे तो रक्तपित्त, दाह और पित्त-शूल ये सब दूर होंय । ये सब शार्ङ्गधरके २ रे खंडके २ अध्यायमें लिखा है ॥ ८२ ॥

त्रिफलाया रसः क्षौद्रयुक्तो जयति कामलाम् ॥
शार्ङ्गधरेण चोक्तत्वाच्छ्लोकोयं रचितो मया ॥ ८३ ॥

अर्थ-त्रिफलाके क्काथको केवल सहतसंग पिलावे तो कामला दूर होय ऐसाभी शार्ङ्गधरजीने अपने ग्रंथमें कहीं लिखा है इसलिये हमने यहां श्लोक बनाकर लिखा है ॥ ८३ ॥

मृतायस्त्रिफलायष्टिचूर्णं मधुघृतान्वितम् ॥
दिनांते लेढि नित्यं स रतौ चटकवद्भवेत् ॥ ८४ ॥

इति ग्रंथांतरे ।

अर्थ-त्रिफलाचूर्ण सहत, घी और कांतिसार इन तीनोंके संग नित्य रात्रिको सेवन करे तो वह पुरुष मैथुन (स्त्रीसंग) जैसे चटक (लाल) मुनियांके संग करता है तैसे करे अर्थात् कभी थके नहीं ८४

इति श्रीपंडितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपान-दर्पणेऽन्नौषध्यनुपानविवेककथने चतुर्थः प्रमोदः ॥ ४ ॥

अथ पंचमः प्रमोदः ।

अथातो मृत्युञ्जयादिरसानां धातूपधातूनां चानुपान-
विवेकं व्याख्यास्यामः ।

मृत्युर्विनिर्जितो यस्मात्तेन मृत्युंजयो रसः ॥
मधुना लेहनं प्रोक्तं सर्वज्वरनिवृत्तये ॥ १ ॥

अर्थ–अब इसके आगे मृत्युंजयादि रसोंका तथा सप्त धातु और सप्तोपधातुओंका अनुपानविवेक वर्णन करेंगे । मृत्युको जीतनेसे मृत्युंजय रस कहलाया है । मृत्युंजयरसको मधु (सहत) संग देनेसे सब प्रकारके ज्वर दूर होते हैं ॥ १ ॥

दध्युदकानुपानेन वातज्वरनिबर्हणः ॥
आर्द्रकस्य रसैः पानं दारुणे सन्निपातके ॥ २ ॥

अर्थ–दहीके जलसंग देनेसे वातज्वरका, अदरखके रससंग देनेसे भयंकर सन्निपातका ॥ २ ॥

जम्बीरद्रवयोगेन ह्यजीर्णज्वरनाशनः ॥
अजाजीगुडसंयुक्तो विषमज्वरनाशनः ॥ ३ ॥

इति रसेन्द्रसारसंग्रहे ज्वराधिकारे ।

अर्थ–जंबीरद्रव (जंबीरिका यंत्रसे निकाला हुआ अर्क) संग देनेसे अजीर्णज्वरका और जीरा व गुडसंग देनेसे मृत्युंजय रस विषमज्वरका नाश करता है । ऐसा रसेन्द्रसारसंग्रहके ज्वराधिकारमें लिखा है ॥ ३ ॥

अथ वसन्तकुसुमाकररसस्यानुपानानि ।

शिलाजतुमधूषणैः क्षयगदेषु सर्वेष्वपि

प्रमेहरुजि रात्रिभिः समधुशर्कराभिः सह ॥
सितामलयजद्रवैर्महति रक्तपित्तेथ वा
सितामधुसमन्वितैर्वृषभपल्लवानां द्रवैः ॥ ४ ॥

अर्थ-अब वसन्तकुसुमाकर रसके अनुपान वर्णन करते हैं। शिलाजीत और काली मिरचके चूर्णसहित सहतमें मिलाकर देनेसे समस्त क्षयरोगोंका; हलदी, सहत और मिश्रीसंग देनेसे समस्त प्रमेहोंका; मिश्री और चंदनके क्वाथसंग देनेसे अथवा मिश्री, मधु और अडूसेके रससंग देनेसे अत्यंत बढे हुए रक्तपित्तका वसंतकुसुमाकर रस नाश करता है ॥ ४ ॥

त्रिजातगजचन्दनैरपि चतुष्टिपुष्टिप्रदो
मनोभवकरः परो वमिषु शंखपुष्पीरसैः ॥
अभीरुरसशर्करामधुभिरम्लपित्तामये
परेषु तु यथोचितं ननु गदेषु संयोजयेत् ॥ ५ ॥

इति ग्रन्थांतरे ।

अर्थ-त्रिजात (तज, पत्रज, इलायची), गजपीपल और चंदनके साथ वसन्तकुसुमाकरको सेवन करानेसे तुष्टि (हर्ष), पुष्टि (प्रबलता) को देता है और कामदेवको बढाता है। शंखाहोलीके रससंग देनेसे वमनका, शतावरीके रस मिश्री और सहत संग देनेसे अम्लपित्तका वसंतकुसुमाकर नाश करता है। उक्त रोगोंसे अन्य रोगोंमें वैद्यने अपनी बुद्ध्यनुसार अनुपानोंकी योजना करनी चाहिये। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ५ ॥

अथ लोकनाथरसस्यानुपानानि ।

अरुचौ निस्तुषं धान्यं घृतभृष्टं सशर्करम् ॥
दद्यात्तथा ज्वरे धान्यं गुडूचीक्वाथमाहरेत् ॥ ६ ॥

अर्थ–अब लोकनाथरसके अनुपानोंको वर्णन करते हैं। लोकनाथरसको अरुचिरोगमें निस्तुष धान्य (छिले हुए धनियों) को घीमें भूंजिके उसमें शक्कर मिलाकर उसके संग देवे, ज्वरमें धनिया और गुरचके क्वाथसंग देवे ॥ ६ ॥

उशीरवासकक्वाथं दद्यात्समधुशर्करम् ॥
रक्तपित्ते कफे श्वासे कासे च स्वरसंक्षये ॥ ७ ॥

अर्थ–रक्तपित्त, कफ, श्वास, कास और स्वरभंग इन रोगोंमें सहत शक्करयुक्त खस और अडूसेके क्वाथसंग देवे ॥ ७ ॥

अग्निभृष्टजयाचूर्णं मधुना निशि दीयते ॥
निद्रानाशेऽतिसारे च ग्रहण्यां मंदपावके ॥ ८ ॥

अर्थ–निद्रानाश, अतिसार, संग्रहणी और मंदाग्निमें सेकी हुई भांगके चूर्णको सहतमें मिलाकर उसके संग रात्रिके समय देवे ॥ ८॥

सौवर्चलाभयाकृष्णाचूर्णमुष्णजलैः पिबेत् ॥
शूलेजीर्णे तथा कृष्णा मधुयुक्ता ज्वरे हिता ॥ ९ ॥

अर्थ–शूल और अजीर्णमें सोंचरनोन, हर्ड और पीपलके चूर्णसंग उष्ण जलसे देवे। ज्वरमें सहत और छोटी पीपलसंग देवे ॥ ९ ॥

प्लीहोदरे वातरक्ते छर्द्यां चैव गुदांकुरे ॥
नासिकादिषु रक्तेषु रसदाडिमपुष्पजम् ॥ १० ॥

अर्थ–प्लीहोदर, वातरक्त, उलटी, गुदांकुर और नकसीर (नासिकासे रक्त गिरना) इन रोगोंमें दाडिमपुष्परससंग देवे ॥ १० ॥

दूर्वायाः स्वरसं नस्यं दद्याच्छर्करया युतम् ॥
कोलमज्जाकणं बर्हिपक्षभस्म सशर्करम् ॥ ११ ॥

अर्थ–तथा नासिकासे रुधिरस्रावमें दूबका रस शक्करसहित नाकमें सुंघावे। बेरकी मींगी, पीपल, मोरपंखके चंदवोंकी भस्म इन सबका महीन चूर्ण शर्करासहित ॥ ११ ॥

मधुना लेहयेच्छर्दिहिक्काकोपस्य शान्तये ॥
विधिरेष प्रयोज्यस्तु सर्वस्मिन्पोटलीरसे ॥ १२॥

अर्थ-सहतमें मिलाकर इसके संग लोकनाथरसको उलटी(वांति) रोग और हुचकीमें देवे तो इन अनुपानोंसे उक्त समस्त रोगोंका यह लोकनाथरस नाश करता है। जैसी अनुपानविधि लोकनाथरसकी कही है वैसीही पोटलीरसकी ॥ १२ ॥

मृगांके हेमगर्भे च मौक्तिकाख्ये रसे तथा ॥
इत्ययं लोकनाथाख्यो रसः सर्वरुजो जयेत् ॥ १३ ॥

शार्ङ्ग०खं० २ अ० १२।

अर्थ-मृगांककी और मौक्तिकरसकीभी जानो। यह लोकनाथ-रस समस्त रोगोंको दूर करनेवाला है। ऐसा शार्ङ्गधरसंहिताके दूसरे खंडके १२ वें अध्यायमें लिखा है॥ १३ ॥

अथ स्वर्णमालिनीवसन्तरसस्यानुपानानि ।

जीर्णज्वरे धातुगतेऽतिसारे रक्तान्विते रक्तजदृष्टि-
रोगे ॥ घोरे व्यथे पित्तकृतेथ रोगे बलप्रदो दुग्ध-
युतं च पथ्यम् ॥ १४ ॥

अर्थ-अब स्वर्णमालिनी वसन्त (जिसे अनभिज्ञ लोग सुवर्ण वसन्तमालिनीभी कहते हैं उस) के अनुपानोंको वर्णन करते हैं। स्वर्णमालिनीवसन्तको छोटी पीपल और सहतसंग सेवन करनेसे जीर्णज्वर, धातुगतज्वर, रक्तातिसार, अत्यंत पीडायुक्त रक्तज नेत्ररोग और पित्तजनित सर्व रोग दूर होकर बलयुक्त वह मनुष्य हो जाता है इसमें दुग्धयुक्त पथ्य देना चाहिये ॥ १४ ॥

वसन्तो मालिनीपूर्वः सर्वरोगहरः शिशोः ॥
गर्भिण्या देयमेतच्च जयन्तीपुष्पकैर्युतम् ॥ १५ ॥

सर्वज्वरहरं श्रेष्ठं गर्भपालनमुत्तमम् ॥ १६ ॥

इति ग्रंथांतरे ।

अर्थ–यह स्वर्णमालिनीवसन्त रस उक्त अनुपानसेही बालकोंके रोगोंको दूर करता है और जयन्ती पुष्पके साथ देनेसे गर्भिणी स्त्रीके ज्वरको दूर करके गर्भकी रक्षा करता है । ऐसा ग्रंथान्तरमें लिखा है ॥ १५ ॥ १६ ॥

अथ बृहन्मालिनीवसन्तरसस्यानुपानानि ।

वल्लप्रमाणं मधुपिप्पलीभ्यां जीर्णज्वरे धातुगते प्रदेयः ॥ छिन्नोद्भवासत्वसितायुतश्च सर्वप्रमेहेषु च योजनीयः ॥ १७ ॥

अर्थ–अब बृहन्मालिनीवसन्तरसके अनुपानोंको वर्णन करते हैं । ३ रती भार बृहन्मालिनीवसन्तरसको सहत और छोटी पीपलके संग सेवन करानेसे जीर्णज्वर और धातुगतज्वर दूर होय । गुरच (गिलोय) सत्व और मिश्रीसंग देनेसे प्रमेहमात्र दूर होय ॥ १७ ॥

कृच्छ्राश्मरीं निहन्त्याशु मातुलुंगार्द्रकद्रवैः ॥
रसो वसन्तनामायं मालिनीपदपूर्वकः ॥ १८ ॥

इति भैषज्यसारामृतसंहितायाम् ।

अर्थ–अदरखका रस और बिजोरेके रसके साथ देनेसे मूत्रकृच्छ्र और पथरी दूर होय । यह बृहन्मालिनीवसन्तरस भैषज्यसारामृतसंहितामें लिखा है ॥ १८ ॥

अथ पाशुपतरसस्यानुपानानि ।

तालमूलीरसेनैव ह्युदरामयनाशनः ॥
मोचारसेनातिसारं ग्रहणीं तक्रसैंधवैः ॥ १९ ॥

अर्थ–अब पाशुपतरसके अनुपानोंको वर्णन करते हैं । तालमूलीके

रससंग उदररोगका, मोचरससंग अतिसारका, छाछ और सेंधानोनके संग संग्रहणीका ॥ १९ ॥

सौवर्चलकणाशुंठीयुतः शूलं विनाशयेत् ॥
अर्शांसि हन्ति तक्रेण पिप्पल्या राजयक्ष्मकम् ॥२०॥

अर्थ-सोंचरनोन, पीपल और सोंठसंग शूलका, केवल छाछसंग अर्श (मसे, मूलव्याधि, बवासीर) का, छोटी पीपलसंग राजयक्ष्मा (क्षयी) का ॥ २० ॥

वातरोगं निहंत्याशु शुण्ठीसौवर्चलान्वितः ॥
शर्कराधान्ययोगेन श्लेष्मरोगं च तत्क्षणात् ॥ २१ ॥
अतः परतरो नास्ति धन्वंतरिमतो रसः ॥ २२ ॥

इति रसेन्द्रसारसंग्रहेऽजीर्णाधिकारे ।

अर्थ-सोंठ और सोंचरनोनके संग वातरोगका, मिश्री और धनियके संग पित्तरोगका, छोटी पीपल और सहतसंग देनेसे कफरोगका पाशुपत रस नाश करता है इससे उत्तम कोई दूसरा रस नहीं है इसे धन्वंतरिजीने सर्वोत्तम रस माना है। ऐसा रसेंद्रसारसंग्रहके अजीर्णाधिकारमें लिखा है ॥ २१ ॥ २२ ॥

अथ पर्पटीरसस्यानुपानानि ।

सहिंगुजीरकव्योषैः शमयेद्ग्रहणीं रसः ॥
दशमूलांभसा वातज्वरं त्रिकटुना कफम् ॥ २३ ॥

अर्थ-अब पर्पटीरसके अनुपानोंको वर्णन करते हैं। हींग, जीरा और त्रिकटु (सोंठ, मिरच, पीपल) संग देनेसे संग्रहणीको, दशमूलके क्वाथसंग देनेसे वातज्वरको, त्रिकुटासंग देनेसे कफको ॥ २३ ॥

ज्वरं मधुकसारेण पंचकोलेन सर्वजम् ॥
यक्ष्माणं मधुपिप्पल्या गोमूत्रेण गुदांकुरान् ॥ २४ ॥

अर्थ–मुलहटीके सारसंग देनेसे ज्वरको, पंचकोलके काढेके संग देनेसे सब प्रकारके ज्वरको,सहत और छोटी पीपलके संग देनेसे क्षयीको, गोमूत्रसंग देनेसे अर्शको ॥ २४ ॥

शूले चैरंडतैलेन पाण्डुशोथं सगुग्गुलुः ॥
कुष्ठानि भंगभल्लातबाकुचीपञ्चनिंबकैः ॥ २५ ॥

अर्थ–एरंडतेलके संग देनेसे शूलको, गुग्गुलसंग देनेसे पांडु और शोथको; भंगरा, भिलावा, बावची और नींबका पंचाग इनके संग देनेसे कोढको ॥ २५ ॥

धत्तूरबीजसंयोगान्महोन्मादविनाशिनी ॥
अपस्मारं निहन्त्याशु व्योषनिंबदलैः सह ॥ २६ ॥

अर्थ–धत्तूरेके बीजोंसंग देनेसे उन्मादको, त्रिकुटा और नींबके पत्तोंके संग देनेसे मृगीको पर्पटी रस दूर करता है ॥ २६ ॥

स्तनंधयशिशूनां तु नितरां पर्पटी हिता ॥
पथ्यायाश्चूर्णसंयुक्ता व्याधींश्चान्यान्सुदुस्तरान् ॥२७॥

इति ग्रंथांतरे ।

अर्थ–यह रस दूध पीनेवाले बालकोंको अत्यंत हितकारी है और हिर्डेके चूर्णसंग सेवन करनेसे यह पर्पटी रस अनेक प्रकारकी व्याधियोंका नाश करता है । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ २७ ॥

अथ जयाजयन्त्योरनुपानानि ।

जयन्ती वा जया वाथ क्षीरैः पित्तज्वरापहा ॥
मुद्गामलकयूषेण पथ्यं देयं घृतं विना ॥ २८ ॥

अर्थ–अब जया जयंती वटीके अनुपानोंको वर्णन करते हैं। जया तथा जयंती वटी दूधके संग देनेसे पित्तज्वरका नाश करती है। इसपर घृत विना पथ्य मूंग और आंवलोंके यूष साथ देना चाहिये ॥ २८ ॥

जयन्ती वा जया वाथ सक्षौद्रमरिचान्विता ॥
सन्निपातज्वरं हन्ति रसश्चानंदभैरवः ॥२९॥

अर्थ-काली मिरच और सहतसंग जया तथा जयंतीको देनेसे सन्निपात ज्वर दूर होय और इसी अनुपानसे आनंदभैरवरसभी सन्निपातका नाश करता है ॥ २९ ॥

जयन्ती वा जया वाथ विषमज्वरनुद्धृतैः ॥
सर्वज्वरं मधुव्योषैर्गवां मूत्रेण शीतकम् ॥ ३० ॥

अर्थ-घृतसंग विषम ज्वरका, त्रिकटु चूर्ण और सहतसंग समस्त ज्वरमात्रका, गोमूत्रसंग शीतज्वरका ॥ ३० ॥

चन्दनस्य कषायेण रक्तपित्तज्वरापहा ॥
जयंती वा जया वाथ माक्षिकेण च कासजित् ॥३१॥

अर्थ-चंदनक्वाथसंग रक्तपित्तज्वरका, सहतसंग खांसीका ॥ ३१ ॥

जयन्ती वा जया वाथ तण्डुलोदकपानतः ॥
अश्मरीं हन्ति नो चित्रं मूत्रकृच्छ्रं तु दारुणम्॥३२॥

अर्थ-दूधसंग पांडु और शोथका, चावलोंके पानीसंग देनेसे पथरी और मूत्रकृच्छ्रका जया तथा जयंती वटी नाश करती है॥३२॥

जयन्तीं वा जयां वाथ गोमूत्रेण युतां पिबेत् ॥
हन्त्याशु काकणं कुष्ठं सुलेपेन च तद्द्रुतम् ॥ ३३ ॥

अर्थ-यदि जया अथवा जयंतीको गोमूत्रसंग सेवन करावे और गोमूत्रमें घिसकर कुष्ठपर लेप लगावे तो काकण कुष्ठ दूर होय॥३३॥

द्विनिष्कं केतकीमूलं पिष्ट्वा तोयेन पाययेत् ॥
जयंती वा जया वाथ मेहं हंति सुराह्वयम् ॥ ३४ ॥

अर्थ-दो निष्क (८ मासे) केतकीमूलको पानीमें पीसकर उसके संग जया तथा जयंतीको देवे तो सुराप्रमेह दूर होय ॥ ३४ ॥

जयन्ती वा जया वाथ मधुना मेहजिद्भवेत् ॥
लोध्रमुस्ताभयातुल्यं कट्फलं च जलैः सह ॥ ३५ ॥

अर्थ–सहतसंग अथवा लोद, नागरमोथा, हर्ड और कट्फल ॥ ३५ ॥

क्वाथयित्वा पिबेच्चानु मधुना सर्वमेहजित् ॥
जयंती वा जया वाथ गुडैः कोष्णजलैः पिबेत् ॥३६॥

अर्थ–इनके मधुयुत क्वाथसंग जया तथा जयंतीका सेवन करानेसे समस्त प्रमेहमात्र दूर होय। गुड और कुछ २ गरम पानीके संग जया या जयंतीका सेवन करानेसे ॥ ३६ ॥

त्रिदोषोत्थं हरेद्गुल्मं रसश्चानंदभैरवः ॥
जयंती वा जया हन्ति शुंठ्या सर्वं भगंदरम् ॥ ३७ ॥

अर्थ–त्रिदोषज गुल्म दूर होय और इसी अनुपानसे आनंदभैरव रसभी नाश करता है । जया तथा जयंतीको सोंठसंग देनेसे भगंदरमात्र दूर होय ॥ ३७ ॥

जयंती वा जया वाथ तक्रेण ग्रहणीप्रणुत् ॥
जयंती वा जया वाथ रसश्चानंदभैरवः ॥ ३८ ॥

अर्थ–जया तथा जयंतीका छाछसंग सेवन करानेसे संग्रहणी दूर होय । जयन्ती, जया तथा आनंदभैरव ॥ ३८ ॥

रक्तपित्ते त्रिदोषोत्थे शीततोयेन पाययेत् ॥
जयंती वा जया वाथ भृंगद्रावैर्निशांध्यनुत् ॥ ३९ ॥

अर्थ–इनमेंसे किसी एकको ठंढे जलके साथ देवे तो त्रिदोषज रक्तपित्त दूर होय और जया तथा जयंतीको भंगरेके रससंग देनेसे रतौंधीका नाश होय ॥ ३९ ॥

जयंती वा जया वाथ घृष्ट्वा स्तन्येन चांजयेत् ॥
श्रावणं सर्वदोषोत्थं मांसवृद्धिं च नाशयेत् ॥ ४० ॥

इति रसेन्द्रसारसंग्रहे ज्वराधिकारे।

अर्थ-जया तथा जयंतीको स्त्रीके दूधमें घिसकर नेत्रमें लगानेसे नेत्रस्राव, मांसवृद्धि और सर्व दोषज कर्णरोगभी दूर होंय। ये सब रसेंद्रसारसंग्रहके ज्वराधिकारमें लिखा है ॥ ४० ॥

अथ सुवर्णभस्मानुपानानि।

मत्स्यपित्तस्य योगेन स्वर्णं तत्कालदाहजित् ॥
भृङ्गयोगाच्च तद्वृष्यं दुग्धयोगाद्बलप्रदम् ॥ ४१ ॥

अर्थ-अब सुवर्णभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं। स्वर्णभस्म मछलीके पित्तेके साथ सेवन करनेसे तत्क्षण दाहको दूर करे। भंगरेके रससंग सेवन करनेसे स्त्रीप्रसंग (मैथुन, संभोग, सहवास) में हितप्रद होय, दुग्धसंग सेवनसे बल बढावे ॥ ४१ ॥

पुनर्नवायुतं नेत्र्यं घृतयोगे रसायनम् ॥
स्मृत्यादिकृद्वचायोगात् कान्तिकृत्कुंकुमेन च ॥४२॥

अर्थ-साठीके साथ नेत्रोंको हित करे। घृतसंग सेवनसे वयस्थापन, आयु, बल, बुद्धिकी वृद्धि और समस्त रोगनिवृत्ति करे। वचके साथ सेवनसे बुद्धि बढावे। केशरसंग सेवनसे कांति (तेज) को करे॥४२॥

राजयक्ष्मा च पयसा निर्विष्या च विषं हरेत् ॥
शुण्ठीलवंगमरिचैस्त्रिदोषोन्मादहारकम् ॥ ४३ ॥

अर्थ-दुग्धसंग राजयक्ष्मा (क्षयी) को हरे। निर्विषी (निर्विष) संग विषरोगको और सोंठ, लौंग, काली मिरचके साथ सेवनसे त्रिदोषजन्य उन्माद (खपतीपने) को दूर करे ॥ ४३ ॥

मध्वामलकचूर्णं तु सुवर्णं चेति तत्त्रयम् ॥

प्राश्यारिष्टगृहीतोपि मुच्यते प्राणसंकटात् ॥
शंखपुष्प्या वयोर्थं च विदार्य्या च प्रजार्थकः ॥४४॥

इति ग्रंथांतरे ।

अर्थ–आमलेके चूर्ण और सहतसंग स्वर्णभस्म सेवन करनेसे प्रबल व्याधिगृहीत रोगीभी प्राणसंकष्टसे छूट जावे अर्थात् आरोग्य होय, शंखाहूलीके साथ सेवन करनेसे आयु बढावे और विदारीकन्दके साथ सेवनसे स्वर्णभस्म पुत्रप्रद होता है । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ४४ ॥

अथ रौप्यभस्मानुपानानि ।

भस्मीभूतं रजतममलं तत्समं व्योमभानुः
सर्वैस्तुल्यं त्रिकटुरसवरं सारमाज्येन युक्तम् ॥
लीढंप्रातः क्षपयति नृणां यक्ष्मपाण्डूदरार्शः-
श्वासान् कासान् नयनतिमिरं पित्तरोगानशेषान् ॥४५॥

इति ग्रंथांतरे ।

अर्थ–अब रौप्य (चांदीकी) भस्मके अनुपान वर्णन करते हैं । चांदीकी भस्म समान अभ्रक और ताम्रभस्म लेवे और इन सबके समान त्रिकुटाका रस अथवा चूर्ण लेवे और इन सबमें कुछ अनुपानानुसार लोहभस्म योजित करके इन सबको घृतमें मिलाकर प्रातःकाल सेवन करे तो क्षयी, पांडु, अर्श, श्वास, कास, नेत्रोंका तिमिर और पित्तरोग ये सब दूर होंय । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ४५ ॥

इत ऊर्ध्वमथ ताम्रभस्मानुपानानीतः प्रागने-
कायुर्वेदीयग्रंथाशयान्मन्निर्म्मिताः श्लोकाः ।
दाहं शर्करया हन्त्यनिलं पित्तं च श्रेष्ठया ॥
त्रिजातेन प्रमेहांश्च गुल्मान् क्षारेण हन्ति वै ॥ ४६ ॥

अर्थ-अब इसके आगे ताम्रभस्मके अनुपानसे पूर्व जितने श्लोक हैं वे सब अनेक वैद्यक ग्रंथोंके मतसे हमने बनाये हैं। मिश्रीसंग दाहका, त्रिफलासंग वात और पित्तका, तज पत्रज इलायचीके चूर्णसंग प्रमेहमात्रका, क्षारसंग गुल्मका ॥ ४६ ॥

कासे कफे वासकस्य रसे त्र्यूषणसंयुते ॥
श्वासे पद्माविश्वयुतं क्षयजिद्गिरिजेन वै ॥ ४७ ॥

अर्थ-सोंठ, मिरच और पीपलीके चूर्णयुक्त अरूसेके रससंग कास और कफका, भारंगी और सोंठसंग श्वासका और शिलाजीत संग रौप्यभस्म क्षयीका नाश करता है ॥ ४७ ॥

रजतं भस्मीभूतं क्षीणे पयसा सदा समं पेयम् ॥
पलभोजिनां च पुंसां पिशितरसेन भिषजाथ वा देयम् ॥

अर्थ-क्षीणतामें रौप्यभस्म दुग्धके साथ पिलावे और मांसभक्षण करनेवाले मनुष्योंको क्षीणतामें मांसरसके साथ रौप्यभस्म वैद्य देवे तो क्षीणता दूर होय ॥ ४८ ॥

मृतरौप्यं वराकृष्णासंयुतं नात्र संशयः ॥
यकृत्प्लीहहरं प्रोक्तं यथा बलहराबला ॥ ४९ ॥

अर्थ-त्रिफला और छोटी पीपलके चूर्णसहित रौप्यभस्म यकृत् और प्लीहा रोगका नाश करता है। जैसे क्रीडासे पुरुषके बलका नाश स्त्री कर देती है तैसे ॥ ४९ ॥

शोफे पृथ्वीकेन देयं सुवैद्यैः पांडौ मंडूरेण सार्द्धं च चूर्णम् ॥ भस्मीभूतं रौप्यमाज्येन युक्तं ज्ञेयं कांतिक्षुत्करं विस्रसाहम् ॥ ५० ॥

अर्थ-शोथरोगमें पुनर्नवा (साठी) के साथ और पांडुमें मंडूरके संग रौप्यभस्मको वैद्यने देना चाहिये और घृतयुक्त रौप्यभस्म कांति तथा क्षुधाकी वृद्धि और जरा (बुढापे) का नाश करता है ॥ ५० ॥

अथ ताम्रभस्मानुपानानि ।

दुग्धं खण्डं चानुपानं प्रदद्यात्साज्यं भोज्यं त्या-
ज्यमम्लेन युक्तम् ॥ वीर्यं पुष्टिं दीपनं देहदार्ढ्यं
दिव्या दृष्टिर्जायते कामरूपम् ॥ ५१ ॥

अर्थ–अब ताम्रभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं। १ रती ताम्रभस्म सेमरके रससंग सहत और घृतयुक्त नित्य सेवन करके ऊपरसे मिश्रीयुक्त दूध पीवे तथा घृतयुक्त मिष्ट पक्वान्न खावे और खट्टे पदार्थोंको न खावे तो वीर्यपुष्ट, अग्निदीपन, देहदृढ, दिव्यदृष्टि और कामदेवके समान सुंदरता होय ॥ ५१ ॥

पूर्वेषां मतमालोक्य वैद्यैश्चाधुनिकैर्बुधैः ॥
स्वबुद्ध्या दीपयेत्ताम्रं रोगनाशनवस्तुभिः ॥ ५२ ॥
इति ग्रंथान्तरे ।

अर्थ–ताम्रभस्मको समस्त रोगोंपर छोटी पीपल और सहतसंग देवे अथवा प्राचीन वेद्योंके मतानुसार अपनी बुद्धिसे रोगनाशक वस्तुवोंके साथ आधुनिक वैद्यने ताम्रभस्मको देना चाहिये। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ५२ ॥

अथ वङ्गभस्मानुपानानि ।

जातीफलेनेति करोति पुष्टिं वक्त्रे सुगंधिं स्फटिके-
न चोक्तम् ॥ प्राचीनवैद्यैर्मृतरङ्गकोऽतः श्लोको
मयाऽयं रचितोऽत्र नूनम् ॥ ५३ ॥

अर्थ–अब वंगभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं। प्राचीन वैद्योंने ऐसा कहा है कि वंगभस्म जायफलके संग पुष्टता और कपूरके संग मुखमें सुगंधि करता है इसलिये हमने यहां यह श्लोक बनाकर लिखा है ॥ ५३ ॥

तुलसीपत्रसंयुक्तः प्रमेहं नाशयेद् ध्रुवम् ॥
घृतेन पांडुरोगं च टंकणैर्गुल्मनाशनम् ॥ ५४ ॥

अर्थ-तुलसीपत्रके संग प्रमेहका, घृतसंग पांडुका, सुहागेके संग गुल्मका ॥ ५४ ॥

निशया रक्तपित्तं च मधुना बलवृद्धिकृत् ॥
खंडया सह पित्तघ्नं नागवल्ल्या च बन्धनम् ॥ ५५ ॥

अर्थ-और हलदीके संग देनेसे वंगभस्म रक्तपित्तका नाश करता है, सहतसंग देनेसे बल बढाता है, मिश्रीके संग पित्तका, नागरवेलके पानसंग देहके जकडनेका ॥ ५५ ॥

पिप्पल्या चाग्निमांद्यत्वं निशया चोर्ध्वश्वासहृत् ॥
चंपकस्वरसेनैव दुर्गंधिं नाशयेद्ध्रुवम् ॥ ५६ ॥

अर्थ-पिप्पलीसंग अग्निमंदका, हलदीके संग ऊर्ध्व श्वासका, चंपाके रससंग दुर्गंधिका ॥ ५६ ॥

निंबकस्वरसेनाढ्यं देहे दहनशांतये ॥
कस्तूरीसंयुक्तवंगभक्षणाद्वीर्यरोधकृत् ॥ ५७ ॥

अर्थ-और नींबके या नींबूके रसके संग दाहका नाश करता है, कस्तूरीके संग वंगभस्म सेवनसे वीर्यस्तंभ होता है ॥ ५७ ॥

खदिरक्काथयोगेन चर्म्मपक्षिमलैः सह ॥
पूगीफलेन सार्द्धं वाऽजीर्णं नाशयते क्षणात् ॥ ५८ ॥

अर्थ-खैरके क्काथ और पक्षिमल संग देनेसे चर्म्मरोगका, सुपारीसंग अजीर्णका ॥ ५८ ॥

नवनीतसमायुक्तमस्थिजीर्णं नवं भवेत् ॥
दुग्धसार्द्धं भवेत्तुष्टिर्जययाः स्तंभनं भवेत्॥ ५९ ॥

अर्थ-और मक्खनके संग अस्थिजीर्ण (हड्डियोंकी जीर्णता) का

नाश करता है,दुग्धसंग तुष्टि और भांगके संग देनेसे वंगभस्म स्तंभन करता है ॥ ५९ ॥

लशुनैर्वातजां पीडां नाशयेन्नात्र संशयः ॥
समुद्रफलसंयोगान्निर्गुण्ड्या सह भक्षणात् ॥ ६० ॥

अर्थ–लहसनसंग वातव्याधि, समुद्रफल और संभालूके संग देनेसे ॥ ६० ॥

कुष्ठं नाशयते क्षिप्रं सिंहनादे मृगा इव ॥
आघाटजटिकायोगात्षण्ढत्वं नाशयेद् ध्रुवम् ॥ ६१ ॥

अर्थ–कुष्ठका और चिरचिट्टीकी जडके साथ देनेसे नपुंसकताका नाश करता है ॥ ६१ ॥

देवपुष्पस्य संयोगात्समुद्रफलयोगतः ॥
नागपत्ररसैर्लेपाल्लिंगवृद्धिः प्रजायते ॥ ६२ ॥

अर्थ–लोंग, समुद्रफल और वंगभस्मको नागरवेलके पानके रसमें खल करके लिंगपर लेप करे तो लिंगवृद्धि होय ॥ ६२ ॥

गोरोचनलवंगेन तिलकान्मोहनं भवेत् ॥
एरंडजटिकायोगे घर्षयित्वा च वंगकम् ॥ ६३ ॥

अर्थ–वंगभस्मको गोरोचन और लवंगमें मिलाकर तिलक करनेसे संमोहन होय और एरंडमूलसंग वंगभस्म घिसकर ॥ ६३ ॥

लेपयेच्च ललाटे वै तदा शीर्षगदं जयेत् ॥
कौब्जेऽपामार्गमूलेन प्लीहे टंकणसंयुतम् ॥ ६४ ॥

अर्थ–ललाटपर लगानेसे शिरपीडा दूर होय, कुब्ज (कुबडेपनके) रोगमें ऊंगा (आंधाझाडे) की जडके संग, तापतिल्लीमें सुहागेके संग ॥ ६४ ॥

रसोनतैलयुक् नस्यमपस्मारनिषूदनम् ॥
पुत्राप्त्यै रासभीक्षीरैस्तक्राढ्यं वातगुल्मनुत् ॥६५॥

अर्थ-यदि लहसनके तेलमें वंगभस्म मिलाकर नास देवे तो मृगी (अपस्मार) दूर होय । पुत्रप्राप्तिके लिये गधीके दूधसंग, वायगोलेमें छाछसंग ॥ ६५ ॥

यवानिकायुतं वाते वाजिगंधायुतं तु वा ॥
जलोदरे त्वजाक्षीरसंयुतं गुणकृद्भवेत् ॥
जातीफलाश्वगंधाभ्यां कटिपीडानिवारणम् ॥ ६६ ॥
इति ग्रंथांतरे ।

अर्थ-वादीमें अजवायन अथवा असगंधसंग, जलोदरमें बकरीके दूधसंग और कटि (कमर) के दुखनेमें जायफल और असगंधसंग वंगभस्म देना चाहिये । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ६६ ॥

अथ जसदभस्मानुपानानि ।

शृणु सखे जसदस्य वदाम्यहं सुखकरं ह्यनुपानपरं वरम् ॥ विविधतंत्रमतं सुविचार्य वै निधनगस्य गदापहरं नृणाम् ॥ ६७ ॥

अर्थ-अब जसदभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं। हे मित्र! मनुष्यके रोग हरनेवाला और सुख करनेवाला जो जसदभस्मका अनुपान उसे मैं अनेक ग्रंथोंके मतको विचारके वर्णन करता हूं तू सुन ॥६७॥

जसदभस्म जयेत्त्रिसुगंधिना ननु सखे त्रिमलोद्भवमामयम् ॥ हरति शालिहिमेन तथा ज्वरं सह मृदुच्छदया लघु मायुजम् ॥ ६८ ॥

अर्थ-तज, पत्रज और इलायचीके साथ त्रिदोषका, चावलोंके हिम और खर्जूरके साथ पित्तज्वरका जसदभस्म नाश करता है॥६८॥

शिखरदीप्ययुतं शमयेज्ज्वरं जसदभस्म सखे शृणु शीतजम् ॥ रुधिरजं त्वतिसारगदं वमिं कणसितायुतमाशु निहन्ति वै ॥ ६९ ॥

अर्थ–हे मित्र ! औरभी सुनिये । लवंग और अजवायनके संग शीतज्वरका तथा जीरा और शक्करसंग जसदभस्म रक्तातिसार और वमन (उलटी) का शीघ्रही नाश करता है ॥ ६९ ॥

मथरसेन धनंजयमन्दतां नयनरोगमथोषसि चां-
जितम् ॥ सृणिकया ध्रुवमाशु सखेऽथ वा हरति
गोहविषा प्रतनेन वै ॥ ७० ॥

अर्थ–अरनी (अग्निमंथ) के रससंग मंदाग्निका और प्रातःकाल सीधूके संग अथवा पुराने गोघृतसंग अंजन करनेसे नेत्ररोगका जसदभस्म नाश करता है ॥ ७० ॥

सुभसितं ह्यशितं जसदं यदा लघु निहन्ति च
मेहगदं तदा ॥ अहिलतादलयुक्तमिदं सदा सह
सखे महिषीहविषाथ वा ॥ ७१ ॥

अर्थ–हे मित्र ! तांबूल (नागवेलके पान) संग अथवा भैंसके घीसंग सेवन करनेसे जसदभस्म शीघ्रही प्रमेह (परमा) का नाश करता है ॥ ७१ ॥

शिखरदीप्यकणैश्च सशर्करैर्हरति शूलगदं हि भ-
यानकम् ॥ सह कवोष्णयवानिकया सखे जयति
चाशु विबंधगदं ध्रुवम् ॥ ७२ ॥

अर्थ–शर्करा, लवंग, अजवायन और जीरेके साथ भयानक शूल तथा अजवायन और कुछ उष्ण पानीसंग विबंध रोग (मलकी रुकावट कब्जी) का जसदभस्म नाश करता है ॥ ७२ ॥

अथ नागानुपानानि ।

मृतं नागं वायुं हरति सह मायुं च सितया
शिरोरोगं दाहं ह्यरुचिमथ नेत्रामयमरम् ॥

प्रलापं संतापं विविधगदतापं जयति वै
सखे देयं वैद्यैर्ननु गदगणेऽन्ये स्वमतिना ॥ ७३ ॥

अर्थ-अब नागभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं । मिश्रीसाथ वात, पित्त, शिरपीडा, दाह, अरुचि, नेत्ररोग, प्रलाप, सन्ताप और अनेक रोगजन्य पीडाको नागभस्म दूर करता है । और हे मित्र ! इनसे व्यतिरिक्त रोगोंपर वैद्योंने अपनी बुद्धिसे विचारके अनुपानके साथ नागभस्मको देना चाहिये ॥ ७३ ॥

अथ लोहानुपानानि ।

लोहं मृतं सर्वगदेषु देयं सदा सुवैद्यैश्चपलेन साकम् ॥
भार्ङ्गीमधुव्योषयुतं जयेद्वै कृत्स्नं तथा धातु-
विकारमाशु ॥ ७४ ॥

अर्थ-अब लोहभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं । वैद्योंने लोहभस्मको सब रोगोंमें समस्त संस्कार शुद्ध पारेसंग अथवा पारदभस्मके संग सदा देना चाहिये और भार्ङ्गी, सहत, व्योष (सोंठ, मिरच, पिपल) इन सहित लोहभस्म समस्त धातुविकारको दूर करता है ॥ ७४ ॥

पुनर्नवाक्काथयुतश्च पाण्डुमेहं निशाक्षौद्रयुतं जयेद्वै ॥
कणामधुभ्यामथवा नराणां शैलेययुक्तं ननु मूत्र-
कृच्छ्रम् ॥ ७५ ॥

अर्थ-पुनर्नवा (साठी) के काथसंग पांडुको, हलदी और सहतसंग अथवा पीपल और सहतसंग प्रमेहको और शिलाजीतसंग मूत्रकृच्छ्रको लोहभस्म दूर करता है ॥ ७५ ॥

नूनं कफं गंधरसेन्द्रमाक्षिकैः सार्द्धं चतुर्जातिसि-
तान्वितं जयेत् ॥ वैरक्तपित्तं मृतलोहमाशुकं
कुर्य्यात्पुनर्भूपयसा तथा बलम् ॥ ७६ ॥

अर्थ–शुद्ध गंधक, शुद्ध पारा और सहतसंग कफका; तज, पत्रज, इलायची, नागकेशर और मिश्रीसंग लोहभस्म रक्तपित्तका नाश करता है और साठी (पुनर्नवा) के चूर्णयुक्त दूधसंग बलवीर्यकी वृद्धि करता है ॥ ७६ ॥

द्राक्षाकणासिंहकमाक्षिकैः कृता श्वासं जयेद्वै गुटिका मुखे धृता ॥ पारावतस्याथ मृतस्य सेवनान्मर्त्यो भवेच्चामयहीनविग्रहः ॥ ७७ ॥

अर्थ–दाख (मुनक्का), पीपल, अरुषा और सहतसंग लोहभस्मकी गोली बनाकर मुखमें रखनेसे सब प्रकारका श्वास दूर हो जाता है और सर्वदा तांबूलादि युक्तानुपानके संग लोहभस्मके सेवनसे मनुष्य रोगरहित आरोग्यसहित हो जाता है ॥ ७७ ॥

जसदानुपानादारभ्य लोहानुपानपर्य्यन्तं मत्कृतिरियं ज्ञेयानेकायुर्वेदीयग्रंथाशयात् ।

अर्थ–जसदभस्मके अनुपानसे लेकर लोहभस्मानुपानतक ये सब श्लोक मैंने अनेक वैद्यकग्रन्थानुसार बनाये हैं ॥

अथ स्वर्णमाक्षिकानुपानानि ।

अनुपानं वरा व्योषं तीक्ष्णं साज्यं हि माक्षिकम्॥७८॥

अर्थ–अब स्वर्णमाक्षिकके अनुपान वर्णन करते हैं। त्रिफला (हर्ड, बहेडा, आंवला), व्योष (सोंठ, मिरच, पीपल), केवल काली मिरच, मक्खन और सहत ये सोनामक्खीके अनुपान हैं अर्थात् किसी रोगपर सोनामक्खीको देना हो तो उक्त वस्तुओंके साथ दे ॥७८॥

अथ रौप्यमाक्षिकानुपानानि ।

लीढो व्योमवरान्वितो विमलको युक्तो घृतैः सेवितो हन्याद्दुर्भगकृज्ज्वरान् श्वयथुकं पांडुप्रमेहा-

रुचिम् ॥ मूलार्तिं ग्रहणीश्च शूलमतुलं यक्ष्मामयं कामलां सर्वान् पित्तमरुद्भवान्किमपरैर्योगैरशेषामयान् ॥ ७९ ॥

अर्थ-अब रौप्यमाक्षिकके अनुपान वर्णन करते हैं। अभ्रक, त्रिफला और गौके मक्खनके साथ रूपामक्खीकी भस्मको खानेसे स्वरूपका नाश करनेवाली जरा (बूढापन), शोथ, पांडु, प्रमेह, अरुचि, अर्श (बवासीर), संग्रहणी, भयंकर शूल, राजयक्ष्मा (क्षयी), कामला (पीलिया) और सर्व पित्तज तथा वातज रोग दूर होते हैं। इसी प्रकार पृथक् २ अनुपानोंसे रूपामक्खीकी भस्म समस्त रोगमात्रोंको दूर करती है ॥ ७९ ॥

विषव्योषवराज्येन विमलः सेवितो यदि ॥
भगंदरादिका रोगा नृणां गच्छन्ति दुस्तराः ॥ ८० ॥
इति ग्रंथांतरे।

अर्थ-तथा सींगियाविष, त्रिकटु, त्रिफला और घीके साथ रूपामक्खीकी भस्म सेवन करनेसे भगंदर आदि असाध्य रोगभी दूर होंय। ऐसे ग्रंथांतरमें उक्त अनुपान लिखे हैं ॥ ८० ॥

अथ तुत्थानुपानानि।

घृतेन कण्डूविषकुष्ठरोगान् तांबूलयोगेन कफं तथोग्रम् ॥ कृमिं कृमिघ्नेन च तुत्थभस्म क्षौद्रांजितं नेत्रगदं जयेद्वै ॥ ८१ ॥

अर्थ-गोघृत या माखनसंग कंडु (खाज), विष और कुष्ठोंको, तांबूलसंग कफको, वायविडंगके साथ कृमिको तुत्थभस्म[1] दूर करता है और सहतसंग नेत्रोंमें आंजनेसे नेत्ररोगोंका नाश करता है। यह श्लोक वैद्यकग्रंथाशयानुसार मेरा बनाया हुआ है ॥ ८१ ॥

---

१ तुत्थको लोकमें नीलातूथा तथा तूतियाभी कहते हैं।

अथ शिलाजत्वनुपानानि ।

एलापिप्पलिसंयुक्तं मासमात्रं तु भक्षयेत् ॥
मूत्रकृच्छ्रं मूत्ररोधं हन्ति मेहं तथा क्षयम् ॥ ८२ ॥

अर्थ–अब शिलाजीतका अनुपान कहते हैं। छोटी इलायची और पीपलके संग एक महीने पर्यन्त शिलाजीतका सेवन करनेसे मूत्रकृच्छ्र, मूत्ररोध, प्रमेह और क्षयी ये सब दूर होंय ॥ ८२ ॥

सर्वानुपानैः सर्वत्र रोगेषु विनियोजिते ॥
जयत्यभ्यासतो नूनं तांस्तान् रोगान्न संशयः ॥८३॥

अर्थ–और इनसे व्यतिरिक्त रोगोंपर विचारपूर्वक पृथक् २ अनुपानसंग शिलाजीतका सेवन करनेसे रोगमात्र दूर हो जाते हैं । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ८३ ॥

अथ पारदभस्मानुपानानि ।

पिप्पलीमरिचैः शुंठी भारङ्गी मधुना सह ॥
कासश्वासप्रशमनः शूलस्य च विनाशनः ॥ ८४ ॥

अर्थ–अब पारेकी भस्मके अनुपान वर्णन करते हैं । पीपल, काली मिरच, सोंठ, भार्ङ्गी और सहतसंग कास, श्वास और शूल रोगका पारदभस्म नाश करता है ॥ ८४ ॥

हरिद्राशर्करासार्द्धं रुधिरस्य विकारनुत् ॥
त्र्यूषणं त्रिफला वासा कामलापाण्डुरोगजित् ॥८५॥

अर्थ–हलदी और शक्करसंग रुधिरविकारको; हर्ड, बहेडा, आंवला, सोंठ, मिरच, पीपल और अडूसेके साथ कामला और पांडु रोगको ॥ ८५ ॥

शिलाजतु तथैला च शितोपलसमन्वितः ॥
मूत्रकृच्छ्रे प्रशस्तोयं सत्यं नागार्जुनोदितम् ॥ ८६ ॥

अर्थ-शिलाजीत, छोटी इलायची और मिश्रीसंग मूत्रकृच्छ्रको पारदभस्म दूर करता है । ऐसा नागार्जुनजीने कहा है ॥ ८६ ॥

लवंगं कुंकुमं पत्री हिंगुलं चाकलंकरा ॥
पिप्पली विजया चैव समान्येतानि कारयेत् ॥ ८७ ॥

अर्थ-लवंग, केशर, तालीसपत्र, शुद्ध हिंगुल, अकलकरा, पीपल और भांग ये सब समान लेवे ॥ ८७ ॥

कर्पूरादहिफेनानि नागाद्भागार्द्धकं क्षिपेत् ॥
सर्वमेकत्र संमर्द्य धातुवृद्धौ प्रदापयेत् ॥ ८८ ॥

अर्थ-तथा कपूर,अफीम आधा भाग लेवे,नागेश्वर १ भाग लेवे और इन्ह सबके चूर्णसंग पारदभस्म सेवन करे तो धातुवृद्धि होय ॥८८॥

सौवर्चलं लवंगं च भूनिंबं च हरीतकी ॥
अस्यानुपानयोगेन सर्वज्वरविनाशनः ॥ ८९ ॥

अर्थ-सौंचलनोन, लोंग, चिरायता, हर्ड इनके चूर्णसंग सब ज्वरका नाश करता है ॥ ८९ ॥

तथा रेचकरः प्रोक्तः सौवर्चलफलत्रिकम् ॥
लवंगं कुंकुमं चैव दरदेन च संयुतम् ॥ ९० ॥

अर्थ-और सौंचलनोन,त्रिफला, लोंग, केशर और शुद्ध शिंगरफ इनके संग सेवनसे पारदभस्म दस्त लाता है ॥ ९० ॥

ताम्बूलेन समं भक्ष्यं धातुवृद्धिकरं परम् ॥
विदारीचूर्णयोगेन धातुवृद्धिकरो मतः ॥ ९१ ॥

अर्थ-तांबूलसंग अथवा विदारीकंदके चूर्णसंग पारदभस्म धातुवृद्धि करता है ॥ ९१ ॥

विजयादीप्यसंयुक्तो वमनस्य विकारनुत् ॥
सौवर्चलं हरिद्रा च विजया दीप्यकं तथा ॥ ९२ ॥

अर्थ–भांग और अजवायनसंग वमन (उलटी) को दूर करता ह । सौंचलनोन, हलदी, भांग और अजवायनसंग ॥ ९२ ॥

अनेनोदरपीडां च सद्योत्पन्नां विनाशयेत् ॥
चतुर्वल्लं पलाशस्य बीजं च द्विगुणं गुडः ॥ ९३ ॥

अर्थ–पारदभस्म उदरपीडाको शीघ्र नाश करता है । चार वल्ल (१२ गुंजा) पलासके बीज, उनसे दूना गुड ॥ ९३ ॥

अस्यानुपानयोगेन कृमिदोषविनाशनः ॥
अहिफेनलवंगं च दरदं विजया तथा ॥ ९४ ॥

अर्थ–इस अनुपानसे पारदभस्मका सेवन करे तो कृमिरोग दूर होय । अफीम, लोंग, शुद्ध सिंगरफ और भांग ॥ ९४ ॥

अस्यानुपानतः सद्यः सर्वातीसारनाशनः ॥
सौवर्चलेन दीप्येन अग्निमांद्यहरः परः ॥ ९५ ॥

अर्थ–इस अनुपानके साथ सेवन करनेसे पारदभस्म शीघ्रही समस्त अतिसारोंका नाश करता है और सौंचलनोन और अजवायनके संग मंदाग्निको दूर करके ॥ ९५ ॥

क्षुद्बोधजनकश्चैव सिद्धनागेश्वरोदितम् ॥
गुडूचीसत्वयोगेन सर्वपुष्टिकरः स्मृतः ॥ ९६ ॥

अर्थ–क्षुधा बढाता तथा उत्पन्न करता है । ऐसा सिद्धनागेश्वरजीने कहा है और गुरच (गिलोय) के सत्वसंग सेवन करनेसे पारदभस्म पुष्टता करता है ॥ ९६ ॥

पित्ते शर्करयामलेन सहसा वाते च कृष्णासमं
दद्याच्छ्लेष्मणि शृंगवेरसहितं जंबीरनीरं ज्वरे ॥
रक्तोत्थे मधुना प्रवाहरुधिरे स्यान्मेघनादोदके
दद्याच्चाथ कृतातिसारविकृतौ रोगारिसंज्ञो रसः॥९७॥

अर्थ-पित्तरोगमें खांडके और आंवलेके चूर्णसंग, वातरोगमें पीपलके संग, कफरोगमें अदरखके संग, ज्वरमें जंबीरीके रससंग, रुधिरजन्य विकारमें सहतसंग, रक्तस्राव तथा प्रवाहिका और अतिसारमें चौलाईके रससंग पारेकी भस्मको देना चाहिये ॥ ९७ ॥

अथ रससिन्दूरानुपानानि ।

वाते सक्षौद्रपिप्पल्यपि च कफरुजि त्र्यूषणं साग्निचूर्णं पित्ते शैलासितेन्दुव्रणवति च वरा गुग्गुलुश्चारुबद्धः ॥ चातुर्जातेन पुष्टौ हरनयनफलाशाल्मलीपुष्पवृत्तं किं वा कान्तालललाटाभरणरसपतेः स्यादनूपानमेतत् ॥ ९८ ॥

अर्थ-अब रससिंदूरके अनुपान वर्णन करते हैं। वातरोगमें पीपल और सहतसंग; कफरोगमें त्रिकटु (सोंठ, मिरच, पीपल) और चित्रकके चूर्णसंग; पित्तरोगमें शिलाजीत, मिश्री और कपूरसंग; व्रणरोगमें त्रिफला और गुग्गुलसंग और पुष्टताके लिये चातुर्जातके अथवा त्रिफला और सेमरकंद (शाल्मलीमूल) के संग रससिंदूरको देवे ॥ ९८ ॥

अथ रसकर्पूरानुपानानि ।

वल्लं वल्लार्द्धमानेन जीर्णे गुडसमं ददेत् ॥
यथोचितानुपानेन सर्वकर्मसु योजयेत् ॥ ९९ ॥

अर्थ-अब रसकपूरके अनुपान वर्णन करते हैं। पुराने गुडके संग ३ रत्ती अथवा डेढ रत्ती प्रमाण रसकपूर देवे अथवा रोगानुसार अनुपान विचारकर दें ॥ ९९ ॥

दुग्धोदनं तु पथ्यं देयं चास्मिंश्च ताम्बूलम् ॥
हरति समस्तान् रोगान् कर्पूराख्यो रसो नृणाम् १००॥

अर्थ–और ऊपरसे पानका बीडा खिलावे तथा दुग्ध, चावल खानेको पथ्य देवे तो समस्त रोगमात्र दूर होंय ॥ १०० ॥

अथ गंधकानुपानानि ।

इत्थं विशुद्धस्त्रिफलाज्यभृंगमध्वान्वितः शाणमितोवलीढः ॥ गृध्राक्षितुल्यं कुरुतेक्षियुग्मं करोति रोगोज्झितदीर्घमायुः ॥ १०१ ॥

अर्थ–अब गंधकके अनुपान वर्णन करते हैं । त्रिफला, घृत और भांगरेके रससंग ४ मासे शुद्ध आंवलासार गंधक सेवन करनेसे गृध्र (गीध रात्रिका राजा घुग्घु) के समान दूरतककी वस्तु देखनेवाली दृष्टि (नेत्र) होवे और वह पुरुष रोगरहित दीर्घायु होय ॥ १०१ ॥

शुद्धं गन्धं निष्कमात्रं सदुग्धैः सेव्यं मासं शौर्यवीर्यप्रवृद्धयै ॥ षण्मासात्स्यात्सर्वरोगप्रणाशो दिव्यां दृष्टिं दीर्घमायुः स्वरूपम् ॥ १०२ ॥

अर्थ–तथा दूधके संग निष्क (४ मासे) मात्र शुद्ध गंधकका एक महीने पर्यंत सेवन करनेसे शूरता और वीर्यकी वृद्धि होय इसी प्रकार ६ मास पर्यंत खानेसे सब रोगोंका नाश, दिव्य दृष्टि और आयु तथा स्वरूपकी वृद्धि होय ॥ १०२ ॥

मोचाफलेन त्वग्दोषं चित्रकेण महाबलम् ॥
अटरूषकषायेण क्षयकासान् जयेद्भृशम् ॥ १०३ ॥

अर्थ–मोचाफलके साथ खानेसे त्वचाके दोषोंको, चित्रकसंग निर्बलताको, अडूसेके क्वाथसंग कास-श्वासको ॥ १०३ ॥

मन्दानलत्वं जयति त्रिफलाक्वाथसंयुतः ॥
ऊर्ध्वगान्सकलान्रोगान् हन्ति शीघ्रं सुगंधकः॥१०४॥

अर्थ–त्रिफलाके काढेसंग मंदाग्निको और देहके ऊर्ध्वभागगत

रोगोंको शुद्ध गंधक शीघ्रही दूर करता है। ये सब अनुपान ग्रंथांतरसे हमने यहां लिखे हैं ॥ १०४ ॥

अथ हिंगुलानुपानानि।

वामावश्यकरस्तथामयहरः संमारितो हिंगुलः
कन्दर्पं त्रिसुगंधिनाशु तनुते वह्निं बलं सन्मतिम्॥
ताम्बूलेन सखे निहन्ति कसनं श्वासं समस्तान्
ज्वरान् देयोऽन्येषु विचार्य सद्गुणयुतै रोगेषु
वैद्यैर्धिया ॥ १०५ ॥

अर्थ-अब हिंगुलके अनुपान वर्णन करते हैं। स्त्रीवशकारक, सकलरोगहारक, हिंगुलभस्म त्रिसुगंधिसंग देनेसे कामको, अग्निको, बल और बुद्धिको बढाता है और तांबूलसंग देनेसे हे मित्र! कास, श्वास और समस्त ज्वरोंका नाश करता है। इनसे व्यतिरिक्त रोगोंपर अपनी बुद्धिसे सद्वैद्योंने विचार कर देना चाहिये। यह श्लोक हमने अनेक वैद्यक ग्रंथाशयानुसार बनाकर लिखा है ॥ १०५ ॥

अथाभ्रकानुपानानि।

शुद्धाभ्रं ननु वल्लकद्वयमितं कृष्णामधुभ्यां युतं
मेहं श्वासविषं च कुष्ठमतुलं वातं च पित्तं कफम्॥
कासक्षीणक्षतक्षयं ग्रहणिकां पाण्डुं भ्रमं कामलां
गुल्माद्यं च तथानुपानविधिना मृत्युं च जेजीयते १०६

अर्थ-अब अभ्रकके अनुपान वर्णन करते हैं। पीपल और सहत-संग १ रत्तीसे लेकर ६ रत्ती पर्य्यन्त शुद्ध अभ्रकभस्म भक्षण करनेसे प्रमेह, श्वास, विष, कुष्ठ, वात, पित्त, कफ, खांसी, क्षीणता, क्षयी, व्रण, संग्रहणी, पांडु, भ्रम, कामला और गुल्म ये रोग दूर होंय। विशेष तो क्या पर यदि उक्तानुपानविधिसे अभ्रक सेवन करनेवाला मनुष्य मृत्युकोभी जीतता है ॥ १०६ ॥

अन्यच्च-अभ्रकं च निशात्यक्ते पिप्पलीमधुना सह ॥
विंशतिं च प्रमेहानां नाशयेन्नात्र संशयः ॥ १०७ ॥

अर्थ-प्रातःकाल पीपल और सहतसंग अभ्रक भस्म सेवनसे २० प्रकारके प्रमेह दूर होंय ॥ १०७ ॥

अभ्रकं हेमसंयुक्तं क्षयरोगविनाशनम् ॥
रौप्यहेमाभ्रकं चैव धातुवृद्धिकरं परम् ॥ १०८ ॥

अर्थ-सोनेके पत्तों (वर्खों) के संग क्षयीका नाश करता है। चांदी सोनेकी भस्मसंग अभ्रकभस्म खानेसे धातुवृद्धि होय ॥१०८॥

गोक्षीरशर्करायुक्तं पित्तरोगविनाशनम् ॥
शैलजं पिप्पलीचूर्णमाक्षिकैः सर्वमेहहृत् ॥ १०९ ॥

अर्थ-गोदुग्ध और मिश्रीसंग पित्तरोगका; शिलाजीत, पीपल, सुवर्णमाक्षिक भस्म इनके संग सब प्रमेहोंका ॥ १०९ ॥

अभयागुडसंयुक्तं वातरक्तं नियच्छति ॥
स्वर्णयुक्तं क्षयं हन्ति धातुवृद्धिं करोति च ॥
रक्तपित्तं निहन्त्याशु चैलाशर्करया सह ॥ ११० ॥

अर्थ-हर्ड और गुडके संग वातरक्तका और सोनेके वर्खोंके संग अभ्रकभस्म क्षयीका नाश करता है तथा धातुको बढाता है तथा इलायची और शर्करासंग रक्तपित्तका नाश करता है ॥ ११० ॥

अन्यच्च-सितामृतासत्वयुतं मेहं नाशयते ध्रुवम् ॥
वरामधुघृतैः शाकं वीर्य्यकृच्चक्षुरोगहृत् ॥ १११ ॥

अर्थ-मिश्री और गुरचसत्वके संग अभ्रकभस्म प्रमेहको दूर करता है। त्रिफला, सहत और घृतसंग वीर्यको बढाता है और नेत्ररोगको हटाता है ॥ १११ ॥

एलागोक्षुरभूधात्रीशर्करासहितं तथा ॥
गोदुग्धेन युतं हन्ति मूत्रकृच्छ्रं प्रमेहकम् ॥ ११२ ॥

अर्थ-इलायची, गोखरू, भूआंवला, मिश्री और गौके दूधसंग अभ्रकभस्म मूत्रकृच्छ्र और प्रमेहका नाश करता है ॥ ११२ ॥

त्रिसुगन्धवराव्योषशर्करानागकेशरम् ॥
माक्षिकेण निहन्त्याशु पाण्डुरोगं क्षयं ज्वरम्॥११३॥

अर्थ-त्रिसुगंध, तजपत्रज, इलायची, त्रिफला, त्रिकटु, मिश्री और नागकेशर इनके चूर्णको सहतमें मिलाकर उसके संग अभ्रक-भस्म खावे तो पांडु, क्षयी और ज्वर ये सब दूर होंय ॥ ११३ ॥

अन्यच्च-वल्लं व्योषसमन्वितं घृतयुतं वल्लोन्मितं सेवितं
दिव्याभ्रं क्षयपाण्डुसंग्रहणिकाशूलं च कुष्ठामयम् ॥
सर्वं श्वासगदं प्रमेहमरुचिं कासामयं दुर्द्धरं
मन्दाग्निं जठरव्यथां परिहरेच्छोषामयान्निश्चितम् ११४

अर्थ-इसी प्रकार वायविडंग, सोंठ, मिरच, पीपल और गौका घी इनके साथ ३ रत्ती अभ्रकभस्म भक्षण करे तो क्षयी, पांडु, संग्रहणी, शूल, कुष्ठ, समस्त श्वास, प्रमेह, अरुची, कास, मंदाग्नि, उदरव्याधि और शोषरोग ये सब दूर होंय यह निश्चय जानिये ॥ ११४ ॥

अथ हरितालानुपानानि ।

अनुपानान्यनेकानि यथायोगं प्रयोजयेत् ॥
गुडूच्यादिकषायेण गदानेतान् व्यपोहति ॥ ११५ ॥

अर्थ-अब हरितालभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं । हरिताल भस्म रोगानुसार यथायोग्य अनुपानसंग देना चाहिये । गुडूच्यादि[1] क्वाथसंग हरितालभस्म ॥ ११५ ॥

सोपद्रवं वातरक्तं कुष्ठान्यष्टादशापि वा ॥
सर्वरक्तविकारेषु देयमाम्रहरिद्रया ॥ ११६ ॥

---

१ गुडूच्यादि क्वाथ शार्ङ्गधरादि ग्रंथोंमें देख लो ।

अर्थ–उपद्रवसहित वातरक्तका तथा १८ प्रकारके कुष्ठका नाश करता है। अँबिया हरिद्रासंग सब रुधिरविकारमें हरितालभस्म देना चाहिये ॥ ११६ ॥

सुहालाहलजीराभ्यामपस्मारहरं परम् ॥
समुद्रफलयोगेन जलोदरविनाशनः ॥ ११७ ॥

अर्थ–विष और जीरेके संग अपस्मार (मृगी) का समुद्रफलसंग जलोदर (जिसे लोकमें जलंदर) कहते हैं उसका ॥ ११७ ॥

देवदालीरसैर्युक्तं भगंदरहरं परम् ॥
फिरंगदोषजं रोगं जातं हन्ति सुदुस्तरम् ॥ ११८ ॥

अर्थ–देवदालीके रससंग भगंदरका तथा फिरंगवातका ॥११८॥

मंजिष्ठादिकषायेण कुष्ठमष्टादशं जयेत् ॥
त्रिफलाशर्करायुक्तं पाण्डुरोगं जयत्यसौ ॥ ११९ ॥

अर्थ–मंजिष्ठादि क्वाथसंग १८ प्रकारके कुष्ठोंका त्रिफला और मिश्रीसंग पांडुरोगका ॥ ११९ ॥

शुंठीचूर्णयुतं हन्यादामवातं सुदुर्जयम् ॥
सौवर्णभस्मयोगेन रक्तपित्तविकारनुत् ॥ १२० ॥

अर्थ–सोंठके चूर्णसंग आमवातका, सुवर्णभस्मके संग रक्तपित्त-जन्य विकारका ॥ १२० ॥

तन्दुलीयरसैः शाकं ज्वरमष्टविधं जयेत् ॥
एवं सर्वेषु रोगेषु स्वबुद्ध्या कल्पयेद्भिषक् ॥ १२१ ॥

अर्थ–और चौंलाईके रससंग देनेसे हरितालभस्म ८ प्रकारके ज्वरोंका नाश करता है इसी प्रकार सब रोगोंमें वैद्य अपनी बुद्धिसे अनुपानोंकी कल्पना करके उनके साथ हरितालभस्म देवे ॥ १२१ ॥

अथ मनाश्शिलानुपानानि ।

मनश्शिला सुमाक्षिकेण शुक्रमाशु पिच्चटं

निहन्ति वासरांध्यमामयं सखे न संशयः ॥
कणामरीचचूर्णसंयुता शिलांबुनांजिता
त्रिदोषजं ज्वरं व्यथां च भूतसंनिवेशजाम् ॥ १२२ ॥

अर्थ-अब मनःशिला (मनशिल) के अनुपान वर्णन करते हैं। हे मित्र ! शुद्ध मनशिलाको सहतसंग नेत्रमें लगानेसे नेत्रमेंकी फूली, तिमिर (दिनौंधि) और नेत्रका चिपकना ये सब दूर होते हैं। तथा छोटी पीपल और काली मिरचके चूर्णसंग शुद्ध मनःशिलाको जलसे नेत्रमें आंजनेसे त्रिदोष (सन्निपात) ज्वर और भूतबाधा दूर होय ॥ १२२ ॥

दध्यंबुना हन्ति तथार्बुदं शिला श्वासं च भार्ङ्गी-
कटुभद्रसंयुता ॥ वासारसव्योषयुता जयेच्छिला
कासं बलासं कनकेन वै विषम् ॥ १२३ ॥

अर्थ-दहीके पानीसंग अर्बुदरोगका, भार्ङ्गी और सोंठसंग श्वासका, अडूसेके रस और त्रिकटुसंग खांसी तथा कफका और सुवर्णसंग विषका शुद्ध मनःशिला नाश करती है। शेष रोगोंपर वैद्य अपनी बुद्धिसे अनुपान विचारके देवे। यह दोनों श्लोक मैंने अनेक वैद्यकग्रंथोंके आशयसे बनाये हैं ॥ १२३ ॥

अथ सौवीरानुपानानि।

नीलांजनं शुंठ्यभयागुडैः कफं पित्तं निहन्त्याज्य-
सितायुतं ध्रुवम् ॥ वायुं कणाविश्वमरीचमाक्षि-
कैर्देयं धियान्येषु गदेषु पण्डितैः ॥ १२४ ॥

अर्थ-अब सुरमेके अनुपान वर्णन करते हैं। शुद्ध सुरमा नेत्रोंमें लगानेसे नेत्रोंके अनेक रोगोंको दूर करता है। यह बात तो प्रसिद्ध-ही है पर सोंठ, हर्ड और गुडसंग कफको; घीशक्करसंग पित्तको; छोटी पीपर, सोंठ, काली मिरच और सहतसंग वादीको शुद्ध सुरमा

दूर करता है। शेष रोगोंपर बुद्धिमानोंने अपनी बुद्धिसे अनुपान विचार कर देना चाहिये । यह श्लोकभी मेरा बनाया हुआ है ॥ १२४ ॥

अथ खर्परानुपानानि ।

तद्भस्म मृतकांतेन समेन सह योजयेत् ॥
अष्टगुंजामितं चूर्णं त्रिफलाक्वाथसंयुतम् ॥ १२५ ॥

अर्थ–अब खर्परभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं । खपरियेकी भस्मके समान कांतलोहकी भस्म लेवे और इन दोनोंको ८ गुंजाप्रमाण त्रिफलाके क्वाथ ॥ १२५ ॥

कांतपात्रस्थितं रात्रौ तिलजप्रतिवापकम् ॥
निषेवितं निहन्त्याशु मधुमेहमपि ध्रुवम् ॥ १२६ ॥

अर्थ–और तिलके तेलमें मिलाकर रात्रिभर कांतिलोहके[1] पात्रमें रहने दे पश्चात् इसका सेवन करे तो मधुप्रमेहभी दूर होय ॥ १२६ ॥

पित्तं क्षयं च पाण्डुं च श्वयथुं गुल्ममेव च ॥
रक्तगुल्मं च नारीणां प्रदरं सोमरोगकम् ॥ १२७ ॥

अर्थ–तथा पित्तरोग, क्षयी, पांडु, शोथ, वायगोला, रक्तगुल्म, स्त्रियोंका प्रदर, सोमरोग ॥ १२७ ॥

योनिरोगानशेषांश्च विषमांश्च ज्वरानपि ॥
रजःशूलं च श्वासं च हिध्मिनां च विशेषतः ॥१२८॥

अर्थ–सर्व योनिरोग, विषमज्वर, रजःशूल (मासिकधर्म होनेके समय स्त्रियोंकी योनिमें शूल होता है सो), श्वास और हुचकी इन सब रोगोंको खपरियेका भस्म उक्त अनुपानसे दूर करता है। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ २२८ ॥

---

१ जिस लोहेके पात्रमें दूध भरके औटावे उस पात्रसे उफान खाकर दूध बाहर न निकलने पावे उसे कांतिलोहपात्र जानो।

अथ हीरकभस्मानुपानानि ।

कुष्ठे खादिरत्वक् व्यथापवनजेसृक् शृंगवेरं मधु
देयं कासबलासश्वासविकृतौ वासोषणा त्वक्कणा ॥
पित्ते दाहसितासमं ज्वरगणे छिन्नाजले तिक्तके
वज्रं मारितशुक्तभस्म गदहृद्योज्यं भिषग्युक्तिभिः १२९

अर्थ-अब हीरेकी भस्मके अनुपान वर्णन करते हैं। खैरकी छालके संग कुष्ठरोगमें; अदरख, केसर और मधुसंग वातव्याधि तथा वातरक्त-रोगमें; अडूसा, काली मिरच, दालचीनी और पीपलसंग कास, श्वास और बलास (कफ) इन रोगोंमें; मिश्रीके संग पित्त और दाहमें; गिलोय और चिरायतेके संग समस्त ज्वरमात्रको हीरेके भस्म-को देनेसे उक्तरोग नाश होय और इनसे व्यतिरिक्त रोगोंमें वैद्य अपनी बुद्धिसे अनुपान विचारके उसके साथ देवे । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ १२९ ॥

अथ वैक्रांतानुपानानि ।

भस्मत्वं समुपागतो विकृतको हेम्नामृतेनान्वितो
पादांशेन कलाज्यवल्लसहितो गुंजोन्मितः सेवितः ॥
यक्ष्माणं ज्वरणं च पांडुगुदजं श्वासं च कासामयं
दुष्टां वै ग्रहणीमुरःक्षतमुखान् रोगान् जयेद्देहकृत्॥१३०

अर्थ-अब वैक्रांतके अनुपान वर्णन करते हैं । १ रत्ती वैक्रांतकी भस्मको उससे चतुर्थांश (चौथाई रत्ती) सुवर्णभस्म तथा पीपल, काली मिरच और मक्खनके साथ सेवन करे तो क्षयी, ज्वर, पांडु, अर्श, श्वास, कास, असाध्य संग्रहणी, उरःक्षत (छातेका घाव) और मुखरोग ये सब दूर होंय ॥ १३० ॥

नीलवैक्रांतभस्मानुपानानि ।

सूतभस्मार्द्धसंयुक्तं नीलवैक्रांतभस्मकम् ॥
मृताभ्रसत्वमुभयोस्तुलितं परिमर्दितम् ॥ १३१ ॥
क्षौद्राज्यसंयुतं प्रातर्गुञ्जामात्रं निषेवितम् ॥
निहन्ति सकलान् रोगान् दुर्जयानन्यभेषजैः ॥
त्रिःसप्तदिवसैर्नृणां गंगांभ इव पातकम् ॥ १३२ ॥

अर्थ–पारेकी भस्म १ भाग, नीलवैक्रांतभस्म आधा भाग इन दोनोंके तुल्य अभ्रकभस्म इन सबको मिलाकर खरल करे और उसमेंसे १ रत्ती मात्र लेकर सहत और घृतके संग प्रातःकाल सेवन करे तो समस्त असाध्य रोगभी जो कि अन्य औषधियोंसे दूर नहीं हो सक्ते इनसे दूर होय। यदि उक्त भस्मका २१ दिनपर्यन्त सेवन करे तो जैसे गंगाजल समस्त पातकोंको नाश कर देता है तैसेही यह भस्म रोगोंका नाश कर देता है । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ १३१ ॥ १३२ ॥

अथ प्रवालभस्मानुपानानि ।

प्रवालभस्म माक्षिकेण मागधीयुतेन वै
निहन्ति मारुतं च कोष्ठगं ज्वरं पुरातनम् ॥
जयेत्सुपक्कवारणीफलेन शुक्रसंक्षयं
ददाति पुष्टिमाशु शर्कराज्यसंयुतं नृणाम् ॥ १३३ ॥

अर्थ–अब प्रवालभस्मके अनुपान वर्णन करते हैं । छोटी पीपरी और सहतसंग कोष्ठगत वायुका तथा जीर्णज्वरका और पक्के केलेके संग धातुक्षयका प्रवालभस्म नाश करता है । शर्करा और घृतसंग प्रवालभस्म पुरुषोंको पुष्टता देता है ॥ १३३ ॥

सितापयोयुतं निहंति पित्तमाशु दारुणं
सखे सुशालिजैर्हिमैश्च मूत्रकृच्छ्रमामयम् ॥

चिकित्सकैर्विचार्य देयमामयेषु वै धिया
खिलेष्वनेकतंत्रसम्मतेन मत्कृतिस्त्विदम् ॥ १३४ ॥

अर्थ-मिश्री और दूधसंग पित्तको और चावलोंके हिमसंग हे मित्र ! भयंकर मूत्रकृच्छ्रकोभी प्रवालभस्म दूर करता है। शेष रोगोंपर वैद्योंने अपनी बुद्धिसे अनुपान विचारके प्रवालभस्म देना चाहिये। ये दोनों श्लोक मैंने अनेक तंत्रोंके सम्मतसे बनाये हैं ॥ १३४ ॥

अथ सामान्यतोऽखिलरसोपरसादीनां कतिपयरोगेष्वनुपानान्याह ग्रन्थकर्ता कविः श्रीलोलिंबराजानुमतेनात्र ।

शूले हिंगुघृतान्वितं मधुयुता कृष्णा पुराणज्वरे
वाते साज्यरसोनकः श्वसनके क्षौद्रान्वितं त्र्यूषणम् ॥
शीते व्याललतादलं समरिचं मेहे वरा सोपला
दोषाणां त्रितयेऽनुपानमुचितं सक्षौद्रमार्द्रादिकम् १३५

अर्थ-अब इसके अनन्तर ग्रंथकर्ता कवि कितनेक रोगोंपर सामान्य प्रकारसे सब रस और उपरस आदिके अनुपान लोलिंबराजजीके मतानुसार वर्णन करते हैं। यद्यपि हमने इस पांचवें प्रमोदमें मृत्युंजयादि रसोंके तथा सुवर्णादि सप्तधातु, उपधातुओंके और पारदादि रसोपरसोंके पृथक् २ अनुपान वर्णन कर चुके हैं तथापि साधारण प्रकारसे प्रत्येक भस्मको निम्नलिखित अनुपानोंके संग उन २ रोगोंपर कि जिन २ के नाम दर्शाते हैं वैद्य दे सक्ते हैं। शूलरोगमें घी और हींगसंग; जीर्णज्वरमें छोटी पीपल और सहतसंग; वातव्याधिमें घी और लहसनसंग; श्वासमें सोंठ, मिरच, पीपल और सहतसंग; शीतांगमें काली मिरच और नागरवेलके पानसंग; प्रमेहमें मिश्री और त्रिफलासंग और सन्निपातमें अदरखके रस और सहतसंग प्रत्येक रसादिकी भस्म देना चाहिये ॥ १३५ ॥

अन्यच्च–घनपर्पटकं ज्वरे ग्रहण्यां मथितं हेमगरे वमीषु लाजाः ॥ कुटजोऽतिसृतौ वृषोऽस्रपित्ते गुदकीलेष्वनलः कृमौ कृमिघ्नः ॥ १३६ ॥

अर्थ–ज्वरमें नागरमोथा और पित्तपापडेके संग, संग्रहणीमें छाछ-संग, विषरोगमें धतूरेके पानसंग, वमन (उलटी) में धानकी लाही (खील) के पानीसंग, अतिसारमें कुडालकी छालसंग, रक्तपित्तमें अरूसेके रससंग, अर्श (मूलव्याधि) में चित्रकसंग और कृमिरोगमें वायविडंगसंग, प्रत्येक रसादि भस्म देना चाहिये । ऐसा वैद्यजीवनमें लिखा है ॥ १३६ ॥

अथ विषानुपानानि ।

शिखिकर्किरसोपेतं विषमज्वरजिद्विषम् ॥
विषयष्ट्याह्वयं रास्ना सेव्यमुत्पलकंदकम् ॥ १३७ ॥

अर्थ–अब विष ([1]वच्छनाग आदि) के अनुपान वर्णन करते हैं । शुद्ध नीला तूथा और शुद्ध पारेके संग विषका सेवन करनेसे ज्वर दूर होय । मुलहटी, रास्ना, कमलगट्टा ॥ १३७ ॥

तंदुलोदकपीतानि रक्तपित्तस्य भेषजम् ॥
रास्नाविडंगत्रिफलादेवदारुकटुत्रयम् ॥ १३८ ॥

अर्थ–इनके चूर्णसंग चावलोंके पानीके साथ विषसेवनसे रक्तपित्त दूर होय। रास्ना, वायविडंग, त्रिफला, देवदारु, त्रिकटु ॥ १३८ ॥

पद्मकं क्षौद्रममृता विषं च श्वासकासजित् ॥
सितारसविषक्षीरप्रवालमधुभिः कृता ॥ १३९ ॥

अर्थ–कमलगट्टा, सहत और गिलोय (गुरच) संग विष सेवनसे

---

१ वच्छनागको संस्कृतमें वत्सनाभ कहते हैं विषके कहनेसे विषमात्रका ग्रहण होता है पर विशेषतः वच्छनागकेही अनुपान जानिये ।

श्वास, कास दूर होय । मिश्री, शुद्ध पारा, विष, दूध, मूंगेकी भस्म और सहत इनकी गोली बनाकर ॥ १३९ ॥

वान्ति निहन्ति गुटिका मनुजानां न संशयः ॥
मधुमद्यनिशारेणुसैन्धवैः कूटत्वग्युतम् ॥
च्यवनप्राशनोपेतं विषं क्षपयति क्षयम् ॥ १४० ॥

अर्थ-उसे खावे तो मनुष्योंकी वांती (उलटी) दूर होय । सहत, मद्य, हलदी, पित्तपापडा, सैंधव और कूडेकी छाल इनके साथ अथवा च्यवनप्राशन[1] अवलेहके संग विषका सेवन करनेसे क्षयी (राजयक्ष्मा जिसे गुजरातीभी कई कहते हैं) दूर होय ॥ १४० ॥

विजया पिप्पलीमूलं पिप्पलीद्वयचित्रकैः ॥
पुष्कराह्वसठीद्राक्षायवानीक्षारदीप्यकैः ॥ १४१ ॥

अर्थ-भांग, पीपरामूल, छोटी पीपल, गजपीपल, चित्रक, पोहकरमूल, कचूर, दाख, अजवायन, जवाखार, अजमोदा ॥ १४१ ॥

सितायष्टीद्विबृहतीसैन्धवैः पालिकैः पचेत् ॥
सविषार्द्धपलैः प्रस्थं घृताक्तं जीर्णभुक् पिबेत्॥१४२॥

अर्थ-मिश्री, मुलहटी, दोनों कटियाली, सेंधानोन और पालिक (पालका) इन सब औषधियोंको आधा पल लेवे और आधा पलही विष लेवे पश्चात् सबका चूर्ण करके उसे १ प्रस्थ (५३ तोले ४ मासे) घृतमें पकावे और उसमेंसे अनुपान योग्य नित्य सेवन करे जब वह विष पच जावे तब ऊपरसे औरभी स्वशक्ति अनुसार घृतपान करे ॥ १४२ ॥

दुर्नाममेहगुल्मार्शतिमिरकृमिपांडुकाः ॥
गलग्रहग्रहोन्मादकुष्ठानि च नियच्छति ॥ १४३ ॥

---

१ च्यवनप्राशन अवलेह ग्रंथांतरसे जानो ।

अर्थ–तो असाध्यमेह, गुल्म, अर्श, तिमिर, कृमि, पांडु, गलग्रह, ग्रह, उन्माद और कुष्ठ ये सब रोग दूर होंय ॥ १४३ ॥

मुस्ता वत्सकपाठाग्निव्योषप्रतिविषा विषम् ॥
धातकी मोचनिर्यासं चूतास्थि ग्रहणीहरम् ॥१४४॥

अर्थ–नागरमोथा, कूडेकी छाल, पाठा, चित्रक, त्रिकटु, अतीस धायडेके फूल, मोचरस और आमकी गुठली इनके संग विष सेवनसे संग्रहणी दूर होय ॥ १४४ ॥

कृच्छ्रघ्ना विषपथ्याग्निदंतीद्राक्षाविषावृषाः ॥
शिलाजतु विषं त्र्यूषमुदावर्ताश्मरीहरम् ॥ १४५ ॥

अर्थ–हर्ड, चित्रक, दंती, दाख और अरूसेके संग विष सेवनसे मूत्रकृच्छ्रका तथा शिलाजीत, सोंठ, मिरच और पीपलसंग विष सेवनसे उदावर्त और पथरीका नाश होय ॥ १४५ ॥

गोमूत्रक्षारसिंधूत्थविषपाषाणभेदकम् ॥
वज्रवद्दारयत्येतदेकतः पीतमश्मरीम् ॥ १४६ ॥

अर्थ–सेंधानोन और पाषाणभेदयुक्त गोमूत्रसंग विषको पान करे तो जैसे वज्र पर्वतोंको विदीर्ण कर देता है तैसे विष पथरीको विदीर्ण कर देता है ॥ १४६ ॥

त्रिफला सर्जिकाक्षारैर्विषं गुल्मप्रभेदनम् ॥
पिप्पली पिप्पलीमूलं विषं शूलहरं परम् ॥ १४७ ॥

अर्थ–त्रिफला और सज्जीखारके संग गुल्मका, पीपल और पीपलामूलके संग शूलका ॥ १४७ ॥

विषं द्रवंतीमधुकद्राक्षारास्नासठीकणाः ॥
विषवेल्लमिशिक्षीरं गुल्मप्लीहानिबर्हणम् ॥ १४८ ॥

अर्थ–द्रवंती, महुआ, दाख, रास्ना, कचूर, पीपल, वायविडंग, सोंफ और दूधसंग विष मोला और तापतिल्लीका नाश करता है॥१४८॥

प्लीहोदरघ्नं पयसा शताह्वा कृमिजिद्विषम् ॥
वायसीमूलक्वाथेन पीतं कुष्ठहरं विषम् ॥ १४९ ॥

अर्थ-केवल दूधके साथ विष पीनेसे प्लीहोदर (तापतिल्ली) और सोंफसंग विष सेवनसे कृमिरोगका नाश होय। कंजेकी जडके क्वाथ-संग विष सेवनसे कुष्ठभी दूर होय ॥ १४९ ॥

पयसा राजवृक्षत्वक्त्रायंतीबाकुचीबलात् ॥
प्लीहघ्नं बाकुचायां च विषं क्वाथेन कुष्ठजित् ॥१५०॥

अर्थ-अमलतासकी छाल, त्रायंती (त्रायमाणा), बावची, खरेटी इनके चूर्णसहित दूधसंग अथवा उक्तौषधियोंसे सिद्ध किये हुए दुग्ध-संग विष पान करे तो तापतिल्ली दूर होय और उक्तौषधियोंके क्वाथमें सुहागेके सहित विषपान करे तो कुष्ठभी दूर होय ॥ १५० ॥

अवल्गुजैलाकजयाविडक्षारद्वयं विषम् ॥
लेपः ससैन्धवः पिष्टो वारिणा कुष्ठनाशनः ॥ १५१ ॥

अर्थ-एलुवा, सज्जीखार, जवाखार और सेंधानोन इनके संग विष (सिंगियाविष) मिलाकर पानीसे खरल कर लेप करे तो कुष्ठ दूर होय ॥ १५१ ॥

एरंडतैलत्रिफलागोमूत्रं चित्रकं विषम् ॥
सर्पिषा सहितं पीतं वातार्तित्वमपोहति ॥ १५२ ॥

अर्थ-एरंडतैल, त्रिफला, गोमूत्र, चित्रक और विषको घृतके साथ पान करे तो वादीकी पीडाका नाश होय ॥ १५२ ॥

स्वरसं बीजपूरस्य वचा ब्राह्मीरसं घृतम् ॥
वंध्या पिबति सविषं सुपुत्रैः परिवार्य्यते ॥ १५३ ॥

अर्थ-बिजोरेका अंगरस, वच, ब्राह्मीका रस, नवीन घृत इनमें विषको युक्त करके पान करनेसे वंध्या स्त्रीभी गर्भवती अवश्य होय १५३

वीरालांगलिकीदंतीविषपाषाणभेदकैः ॥
प्रयोज्य मूढगर्भाणां प्रलेपो गर्भमोचनः ॥ १५४ ॥

अर्थ–सफेद कनेर, कलियारी, दंती, वच्छनाग (विष) और पाषाणभेद इनका लेप करनेसे मूढ गर्भकाभी विमोचन (निकल जाना) होय ॥ १५४ ॥

देवदारु विषं सर्पिर्गोमूत्रं कंटकारिका ॥
वचा वाक्स्खलनं हन्ति बुद्धेश्च परिवर्द्धनम् ॥१५५॥

अर्थ–देवदारु, विष (बच्छनाग), कटियाली और वच इनके सेवनसे जिव्हाके समस्त रोग (विकार) दूर हों और बुद्धि बढे॥१५५॥

विषं सर्पिः सिता क्षौद्रं तिमिरापहमंजनम् ॥
विषं चैकमजाक्षीरकल्पितं घृतधूपितम् ॥ १५६ ॥

अर्थ–घी, मिश्री और सहतमें शुद्ध विषको घिसकर नेत्रमें लगावे तो तिमिर (दिनौंधी) दूर होय। यदि केवल विषकोही बकरीके दूधमें घिसकर नेत्रमें आंजे और घीकी धूनी दे तौभी तिमिर रोगका नाश होय ॥ १५६ ॥

विषं धात्रीफलरसैरसकृत्परिवारितम् ॥
अंजनं शंखसहितं प्रगाढं तिमिरं जयेत् ॥ १५७ ॥

अर्थ–तथा शंखकी नाभीसहित विषको आंवलेके रसकी बहुतसी भावना देकर अंजन प्रस्तुत (तयार) करे और उसे नेत्रमें लगावे तो घोर तिमिर रोगकाभी नाश होय ॥ १५७ ॥

विषमिन्द्रायुधं स्तन्ये घृष्टं काचभिदंजनम् ॥
बीजपूररसैर्घृष्टं विषं तद्वत्सितान्वितम् ॥ १५८ ॥

अर्थ–हीरा और विषको स्त्रीके दूधमें घिसकर नेत्रमें लगानेसे अथवा बिजोरेके रसमें मिश्री डालकर उसमें विषको घिसकर नेत्रमें लगानेसे ॥ १५८ ॥

विषं मागधिका द्वे च निशे काचघ्नमंजनम् ॥
शुक्लार्मं च विषं कृष्णायुक्तं गोमूत्रभावितम् ॥१५९॥

अर्थ-तथा छोटी पीपल, दोनों हलदी और विष इनका अंजन बनाकर नेत्रमें लगानेसे नेत्रमें जो काचरोग होता है वह दूर होय और छोटी पीपलके संग विषको गोमूत्रसे घिसकर नेत्रमें लगानेसे शुक्लार्म्म नामक नेत्ररोग दूर होय ॥ १५९ ॥

भल्लातकाग्निशम्याकविषैर्वा मूत्रपेषितैः ॥
लेपो विचर्चिकादद्रुरसिकाकिटिभापहा ॥ १६० ॥

अर्थ-भिलावे, चित्रक, अमलतासके गूदेके संग विषको पीसकर लेप करनेसे विचर्चिका (व्योंची), दाद, रासिका और कीटभकुष्ठ ये सब दूर होंय ॥ १६० ॥

खर्जिकाक्षारसिंधूत्थशुक्तशुक्तं वरं विषम् ॥
कर्णयोः पूरणं तीव्रकर्णशूलनिबर्हणम् ॥ १६१ ॥

अर्थ-सज्जी, सेंधानोन, शिरका और कांजी इनके संग वच्छनाग विषको खरल करके कानोंमें डाले तो कर्णशूलका नाश होय ॥१६१॥

प्रपौंडरीकमंजिष्ठाविषतिंदुसमुद्भवैः ॥
निहन्ति साधितं तैलं गंडूषेण मुखामयान् ॥ १६२ ॥

अर्थ-कमलपुष्प, मजीठ, विष और कुचला इनसे तैलको बनाकर उसके कुल्ला करे तो समस्त मुखरोग दूर होंय ॥ १६२ ॥

शालाखदिरकंकोलजातीकर्पूरचंदनैः ॥
बोलाब्दवालैर्द्विगुणविषैः सारांबुपेषितैः ॥ १६३ ॥

अर्थ-अथवा शालकी छाल, कत्था, कंकोल, जायफल, भीमसेनी कपूर, चंदन, बोल, नागरमोथा और सुगंधवाला ये सब औषधि समान लेवे और उक्त औषधियोंसे दूना विष लेकर सबको खैरसारके पानी ॥ १६३ ॥

समूत्रवटिकाः कृप्ता धृता घ्नन्ति मुखामयान् ॥
कटुतैलं विषं नस्यं पलिकारूंषिकापहम् ॥ १६४ ॥

अर्थ–और गोमूत्रसे खरल करके गोलियां बनावे उस गोलीको मुखमें रक्खे तो मुखके समस्त रोग दूर होंय। कडवे तेलमें विष मिलाकर नास लेवे तो नासिकाके पलिका और अरूंषिकादि समस्त रोग दूर होंय ॥ १६४ ॥

गुंजाटंकणशिग्रुमूलरजनीसम्पाकभल्लातक-
स्नुह्यर्काग्निकरंजसैंधववचाकुष्ठाभयालाङ्गली-॥
वर्षाभूषडभूशिरीषवरणव्योषाश्वमारो विषं[1]
गोमूत्रं शमयेद्विलुप्तमपचीं ग्रंथ्यर्बुदे श्लीपदान्॥१६५॥

इति ग्रन्थान्तरे ।

अर्थ–चिरमी (गुमची गुंजा), सुहागा, सहजने (मुंगने) की जड, हलदी, अमलतास, भिलावा, थूहर, आक,चित्रक, कंजा, सेंधानोन, वच, कूठ, हर्ड, कलियारी, वर्षाभू (पुनर्नवा, सांठी), षडभू, शिरसकी छाल, सोंठ, मिरच, पीपल, कनेर और वच्छनाग (विष) इन सबको गोमूत्रमें पीसकर लगानेसे इंद्रलुप्त (मस्तकके बालोंके न आने मयीरोग), अपचीरोग, गांठ, अर्बुद और श्लीपद (हाथीपावभी जिसे कहते हैं) ये सब रोगोंका नाश होय।ये विषके अनुपानके समस्त श्लोक हमने ग्रंथान्तरसे लिखे हैं इनमें कहीं पाठ अशुद्ध जान पडे तो विद्वान् मुझे दोष न देवे मैंने जैसा पाठ था वैसाही लिख दिया है ॥१६५॥

इति श्रीमत्पण्डितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपानदर्पणे मृत्युंजयादिरसधातूपधातुपारदादिरसोपरसानां विषस्य चानुपानविवेककथने पञ्चमः प्रमोदः ॥ ५ ॥

---

१ विषके अनुपानमें जहां २ विष लिखा है वहां २ शुद्ध किया हुआ विष लेना चाहिये ।

अथ षष्ठः प्रमोदः।

अथातो योगराजगुग्गुलुनारायणचूर्णमृत्युंजयादिरसानां निर्म्माणविवेकं व्याख्यास्यामः।

अथ योगराजगुग्गुलुविधिः।

नागरं पिप्पली चव्यं पिप्पलीमूलचित्रकैः॥
भ्रष्टं हिंग्वजमोदं च सर्षपा जीरकद्वयम्॥१॥

अर्थ-अब इसके आगे योगराज गुग्गुल, नारायणचूर्ण और मृत्युंजय आदि रसोंको बनानेके विवेकको वर्णन करेंगे। प्रथम योगराज गुग्गुल बनानेकी विधि वर्णन करते हैं। १ सोंठ, २ छोटी पीपल, ३ चव्य (चव), ४ पीपलामूल, ५ चित्रक, ६ अग्निपक्व हींग, ७ अजमोदा, ८ सर्षप (शिरस सरसों), ९ सपेद जीरा, १० काला जीरा॥ १॥

रेणुकेंद्रयवाः पाठा विडंगं गजपिप्पली॥
कटुकातिविषा भार्ङ्गी वचा मूर्वेति भागतः॥ २॥

अर्थ-११ रेणुकबीज, १२ इंद्रजव, १३ पाठा, १४ वायविडंग, १५ गजपीपल, १६ कुटकी, १७ अतीस, १८ भार्ङ्गी, १९ वच और २० मूर्वा॥ २॥

प्रत्येकं शाणिकानि स्युर्द्रव्याणीमानि विंशतिः॥
द्रव्येभ्यः सकलेभ्यश्च त्रिफला द्विगुणा भवेत्॥ ३॥

अर्थ-यह २० प्रत्येक औषध शाण २ (४ मासे) प्रमाण लेवे और इन उक्त सर्व औषधियोंसे दूना त्रिफला लेकर॥ ३॥

एभिश्चूर्णीकृतैः सर्वैः समो देयस्तु गुग्गुलुः॥
वंगं रौप्यं च नागं च लोहसारं तथाभ्रकम्॥ ४॥

अर्थ–सबका चूर्ण करे पश्चात् इस चूर्णके समान (बराबर) शुद्ध गुग्गुलु[1] और वंगभस्म, रौप्यभस्म, नागभस्म, लोहभस्म, अभ्रकभस्म ॥ ४ ॥

मंडूरं रससिंदूरं प्रत्येकं पलसंमितम् ॥
गुडपाकसमं कृत्वा इमं दद्याद्यथोचितम् ॥ ५ ॥

अर्थ–मंडूर और रससिंदूर ये सात भस्म पल २ प्रमाण लेवे पश्चात् गुडकी चासनीकी तुल्य शुद्ध गुग्गुलकी चासनी बनाकर पूर्वोक्त औषधियोंका चूर्ण और उक्त भस्मोंको उस शुद्ध गुग्गुलकी चासनीमें मिलावे ॥ ५ ॥

एकपिंडं ततः कृत्वा धारयेद्घृतभाजने ॥
गुटिकाः शाणमात्रास्तु कृत्वा ग्राह्या यथोचिताः ॥६॥

अर्थ–जब वे सब मिलकर एक पिंड बन जावे तब उसकी चार मासेकी गोलियां बनाकर उन्हें घीकी मटकीमें रक्खे और उसमेंसे जितनी रोगीको सेवन करना योग्य समझे ग्रहण करे ॥ ६ ॥

गुग्गुलुर्योगराजोयं त्रिदोषघ्नो रसायनम् ॥
मैथुनाहारपानानां त्यागो नैवात्र विद्यते ॥ ७ ॥

अर्थ–इसे योगराज गुग्गुलु कहते हैं । यह त्रिदोषको दूर करनेवाला और रसायन (आयु, बल, बुद्धि, वृद्धिकारक और रोग-संहारक) है इसके सेवनसे मैथुन (स्त्रीसंग) तथा किसी पदार्थके खाने पीनेकी मनाई नहीं है ॥ ७ ॥

सर्वान्वातामयान् कुष्ठानर्शांसि ग्रहणीगदम् ॥
प्रमेहं वातरक्तं च नाभिशूलं भगंदरम् ॥ ८ ॥

अर्थ–यह योगराज गुग्गुल समस्त वातजन्य रोगोंका, कुष्ठोंका,

---

१ दशमूलके अथवा त्रिफलाके क्वाथमें गुग्गुलको शुद्ध करके लेना चाहिये ।

अर्शो (मूलव्याधि) मसोंका, ग्रहणी (संग्रहणी), प्रमेह, वातरक्त, नाभिशूल, भगंदर ॥ ८ ॥

उदावर्तं क्षयं गुल्ममपस्मारमुरोग्रहम् ॥
मंदाग्निश्वासकासांश्च नाशयेदरुचिं तथा ॥ ९ ॥

अर्थ-उदावर्त्त, क्षयी, गुल्म, अपस्मार (मृगी), उरग्रह, मंदाग्नि, श्वास, कास और अरुचि इतने रोगोंका नाश करता है॥ ९ ॥

रेतोदोषहरः पुंसां रजोदोषहरः स्त्रियाम् ॥
पुंसामपत्यजनको वंध्यानां गर्भदस्तथा ॥ १० ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० ७ ।

अर्थ-यह योगराजगुग्गुल पुरुषोंके धातुविकार, स्त्रियोंके रजोधर्म्मसंबंधी विकारोंको हरण करनेवाला तथा पुरुषोंकी धातुवृद्धिद्वारा पुरुषोंको पुत्र और वंध्या स्त्रियोंकोभी गर्भ देनेवाला है। ऐसा शार्ङ्गधरके दूसरे खंडके ७ वें अध्यायमें लिखा है ॥ १० ॥

अथ नारायणचूर्णविधिः ।

चित्रकस्त्रिफला व्योषं जीरकं हबुषा वचा ॥
यवानी पिप्पलीमूलं शतपुष्पाजगंधिका ॥ ११ ॥

अर्थ-अब नारायणचूर्ण बनानेकी विधि वर्णन करते हैं। १ चित्रक, २ त्रिफला ३ सोंठ, ४ मिरच, ५ पीपल, ६ जीरा, ७ हबुषा (हाऊवेर[1]), ८ वच, ९ अजवायन, १० पीपलामूल, ११ बडीशोफ, १२ वनतुलसी ॥ ११ ॥

अजमोदा शठी धान्यं विडंगं स्थूलजीरकम् ॥
हेमाह्वा पौष्करं मूलं क्षारौ लवणपञ्चकम् ॥ १२ ॥

---

१ इसे महाराष्ट्र भाषामें शेरणीभी कहते हैं यह नदीके समीप होती है प्रसिद्ध है ।

अर्थ–१३ अजमोदा, १४ कचूर, १५ धनिया, १६ वायविडंग, १७ कलौंजी, १८ चोख, १९ पोहकरमूल, २० सज्जीखार, २१ जवाखार, २२ पांचों नोन ॥ १२ ॥

कुष्ठं चेति समांशानि विशाला स्याद्विभागिका ॥
त्रिवृत्त्रिभागा विज्ञेया दन्त्या भागत्रयं भवेत् ॥ १३ ॥

अर्थ–और कूठ यह २७ औषध बराबर एक एक भाग तथा इंद्रायन दो भाग, निसोथ तीन भाग तथा दंती (दात्यूणी) भी तीन भाग ॥ १३ ॥

चतुर्भागा सातला स्यात्सर्वाण्येकत्र चूर्णयेत् ॥
पाचनस्नेहनाद्यैश्च स्निग्धकोष्ठस्य रोगिणः ॥ १४ ॥

अर्थ–चार भाग पीले थूहर[1]की जड अथवा पीला थूहरही लेवे पश्चात् उक्त समस्त औषधोंको कूटके महीन कपडछान चूर्ण बनावे और रोगीको प्रथम पाचन नंतर स्निग्ध (घृत) पान विधिपूर्वक कराके जब उसका कोठा सचिक्कण हो जावे तब ॥ १४ ॥

दद्याच्चूर्णं विरेकाय सर्वशूलप्रणाशनम् ॥
हृद्रोगे पाण्डुरोगे च कासे श्वासे भगंदरे ॥ १५ ॥
मंदाग्नौ च ज्वरे कुष्ठे ग्रहण्यां च गलग्रहे ॥ १६ ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० ६ ।

अर्थ–यह नारायणचूर्ण रेचन (दस्त) होनेके लिये देवे इससे सब प्रकारके शूल, हृद्रोग, पांडु, कास, श्वास, भगंदर, मंदाग्नि, ज्वर, कुष्ठ, संग्रहणी और गलग्रह आदि समस्त रोग दूर होते हैं । ऐसा शार्ङ्गधरके दूसरे खंडके ६ वें अध्यायमें लिखा है ॥ १५ ॥ १६ ॥

---

१ थूहर कई प्रकारका होता है पर नारायणचूर्णमें काडीदार थूहर जिसकी शाखें काडीरूपसेही निकलती हैं कुछ पीलापनभी रहता है उसे लेना चाहिये ।

अथ मृत्युंजयरसनिर्माणविधिः ।

अव्यक्तः सिद्धिदः शुद्धो रोगघ्नः कीर्तिवर्द्धनः ॥
यशप्रदः शिवः साक्षान्मृत्युञ्जयरसः स्मृतः ॥ १७ ॥

अर्थ-अब मृत्युंजयरस बनानेका विधि वर्णन करते हैं। अतुलित प्रभावयुक्त, सिद्धिप्रद, निर्मल (दोषरहित), रोगनाशक, कीर्तिविकाशक, यश देनेहारा, कल्याणस्वरूप यह मृत्युंजयरस है ॥ १७ ॥

विषस्यैकं तथा भागं मरिचं पिप्पली कणा ॥
गन्धकस्य तथा भागं भागं स्याट्टङ्कणस्य च ॥ १८॥

अर्थ-इसको इस प्रकारसे बनाना चाहिये। १ भाग विष (वच्छनाग), १ भाग काली मिरच, १ भाग छोटी पीपल, १ भाग शुद्ध आंवलासार गंधक, १ भाग शुद्ध सुहागा ॥ १८ ॥

सर्वत्र समभागं स्याद्धिङ्गुलं तु द्विभागिकम् ॥
चूर्णयेत्खल्वमध्ये तु मुद्गमानां वटीं चरेत् ॥ १९ ॥

अर्थ-ये सब समान लेवे और हिंगुल २ भाग लेवे पश्चात् सबको नागरवेलीके पानके रसमें अथवा अदरखके रसमें खरल करके मूंगके बराबर गोलियां बनावे ॥ १९ ॥

जंबीरस्य रसेनात्र कार्यं हिङ्गुलशोधनम् ॥
रसश्चेत्समभागः स्याद्धिङ्गुलं नेष्यते तदा ॥ २० ॥

अर्थ-इस मृत्युंजय रसमें जो हिंगुल डाले सो जंबीरीके रससे शुद्ध करके डाले यदि सब औषधियोंके समान १ भाग शुद्ध पाराही डाले तो फिर हिंगुलको न डाले ॥ २० ॥

गोमूत्रशोधितं चात्र विषं सौरविशोधितम् ॥
मृत्युरूपं ज्वरं हन्ति मृत्युञ्जयरसः स्मृतः ॥ २१ ॥

अर्थ-और विष (वच्छनाग) जो इसमें डाले उसेभी गोमूत्रमें

शुद्ध करके धूपमें सुखाकर डालना चाहिये इस प्रकारसे बनाया हुआ यह रस मृत्युरूप ज्वरका नाश करता है, इसीलिये इसको मृत्युंजय रस कहते हैं ॥ २१ ॥

तीव्रज्वरे महाघोरे पुरुषे यौवनान्विते ॥
पूर्णमात्रा प्रदातव्या पूर्णं वटिचतुष्टयम् ॥ २२ ॥

अर्थ–यदि रोगी तरुण (जवान) अवस्थावाला हो तो उसे अतिवेगयुक्त भयंकर ज्वरमेंभी इस मृत्युंजयरसकी पूर्ण मात्रा देनी चाहिये, चार गोलीकी पूर्ण (पूरी) मात्रा इस रसकी होती है॥२२॥

स्त्रीबालवृद्धक्षीणेषु ह्यर्द्धमात्रा प्रकीर्तिता ॥
अतिवृद्धे च क्षीणे च शिशौ चाल्पवयस्यपि ॥ २३॥

अर्थ–स्त्री, बालक, वृद्ध और क्षीण रोगीको अर्द्धमात्रा (२ गोली) तथा अत्यंत बूढेको, अत्यंत क्षीणको और अति छोटे बालकको ॥२३॥

तूर्य्यमात्रा प्रदातव्या व्यवस्था सारनिश्चिता ॥
नवज्वरे महाघोरे यामैका नाशयेद्ध्रुवम् ॥ २४ ॥

अर्थ–उक्त रसकी चौथाई मात्रा (१ गोली) ही देना चाहिये क्योंकि मात्राका नियम अवस्थानुसारही निश्चय किया गया है नवीन[1] महाभयंकर ज्वरको १ प्रहरमें ॥ २४ ॥

मध्यज्वरे तथाजीर्णे त्रिरात्रान्नाशयेद्ध्रुवम् ॥
सप्ताहात्सन्निपातोत्थं ज्वरं जीर्णकसंज्ञकम् ॥ २५ ॥

इति रसेन्द्रसारसंग्रहे ज्वराधिकारे ॥

अर्थ–मध्यज्वरको, अजीर्णज्वरको, पुराणज्वरको ३ दिनमें, सन्निपातको और जीर्णज्वरको ७ दिनमें यह मृत्युंजयरस दूर करता है ॥ ऐसा रसेन्द्रसारसंग्रहके ज्वराधिकारमें लिखा है ॥ २५ ॥

---

१ ज्वर आगमनसे ७ दिनतक तरुण (नवीन) ज्वर, ७ दिनसे १४ दिनतक मध्यज्वर, १४ दिनसे २१ दिनतक पुराणज्वर और २१ दिन पश्चात् जीर्णज्वर कहाता है।

अथ वसन्तकुसुमाकररसनिर्माणविधिः ।

प्रवालरसमौक्तिकां वरमिदं चतुर्भागभाक्
पृथक् पृथगथ स्मृते रजतहेमनी द्वांशके ॥
अथो भुजगरंगकं त्रिलवकं विमर्द्याखिलं
शुभेहनि विभावयेद्भिषगिदं धिया सर्वशः ॥ २६ ॥

अर्थ-अब वसंतकुसुमाकर रस बनानेकी विधि वर्णन करते हैं। मूंगा, चंद्रोदय, मोती और अभ्रकभस्म ये प्रत्येक ४ भाग (४ तोले) लेवे, रूपेकी और सोनेकी भस्म २ भाग (दो दो तोला) पृथक् २ लेवे, लोहभस्म (सार) सीसेकी भस्म और वंगभस्म (रांगेकी भस्म) ये प्रत्येक तीन भाग (तीन तीन तोले) लेवे पश्चात् शुभ दिन सुमुहूर्तमें वैद्य इन सबको एकत्र खरल (खलबत्ते) में डाले और निम्नलिखित रसोंकी यथायोग्य अपनी बुद्धिसे विचारके भावना देवे ॥ २६ ॥

द्रवैर्वृषनिशेक्षुजैः कमलमालतीपुष्पजैः
पयःकदलिकंदजैर्मलयजैणनाभ्युद्भवैः ॥
वसन्तकुसुमाकरो रसपतिर्द्विवल्लोन्मितः
समस्तगदहृद्भवेत्किल निजानुपानैरयम् ॥ २७ ॥

इति ग्रंथान्तरे ।

अर्थ-अडूसा, हलदी, सांठेका रस, कमलपुष्प, मालतीपुष्प, गोदुग्ध, केलाकंद, चंदन और कस्तूरी इनमेंसे जिसका रस निकल सके उनके रसकी और जिनका रस न निकल सके उनकी वैसेही भावना देनेसे सब रसोंका राजा यह वसंतकुसुमाकर रस बनता है। इसकी ४ रत्तीकी मात्रा न्यारे २ अनुपानोंके साथ देनेसे समस्त रोगोंका नाश होय । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ २७ ॥

अथ लोकनाथरसनिर्म्माणविधिः ।

शुद्धो बुभुक्षितः सूतो भागद्वयमितो भवेत् ॥
तथा गंधस्य भागौ द्वौ कुर्य्यात्कज्जलिकां तयोः॥२८॥

अर्थ–अब लोकनाथरसके बनानेकी विधि वर्णन करते हैं। २ भाग शुद्ध बुभुक्षित[1] पारा और १ भाग शुद्ध गंधक इन दोनोंको मिलाकर खरल करे जब इनकी कज्जली बन जावे तब ॥ २८ ॥

सूताच्चतुर्गुणेष्वेव कपर्देषु विनिक्षिपेत् ॥
भागैकं टंकणं दत्त्वा गोक्षीरेण विमर्दयेत् ॥ २९ ॥

अर्थ–पारेसे चौगुनी कौडियोंमें वह कज्जली भरे। पश्चात् १ भाग सुहागा लेकर उसे गोदुग्धमें खरल करके उन कौडियोंके मुखपर लगावे कि जिससे उन कौडियोंमें भरी हुई कज्जली बाहर न निकलने पावे ॥ २९ ॥

तथा शंखस्य खण्डानां भागानष्टौ प्रकल्पयेत् ॥
क्षिपेत्सर्वं पुटस्यान्तश्चूर्णं लिप्तशरावयोः ॥ ३० ॥

अर्थ–पीछे ८ भाग शंखके टुकडे लेके मट्टीके दो सिकोरे (शराई) जिसको भीतर चूनेसे पोत (लीप) देवे और इन चूनेसे पोते हुए दो सिकोरेमेंसे एक सिकोरेमें शंखके ८ भाग टुकडोंमेंसे आधे टुकडे भरकर उनपर वे कज्जली भरी हुई कौडियां रखकर उनके ऊपर जो शंखके शेष (आधे) टुकडे रहे सो रक्खे पश्चात् दूसरा सिकोरा ऊपरसे ढांककर इस संपुटके[2] मुखको कपडमिट्टीसे दृढ बंद करके ॥ ३० ॥

---

१ बुभुक्षित पारा उसे कहते हैं जो गन्धक आदिके जारणसे सुवर्णादि धातुओंके योग्य होय ।

२ संपुट उसे कहते हैं जो दोनों शराई (सिकोरे) के मुख मिलाकर बन्द किये जावे पर सम्पुट करनेके मिट्टीके सिकोरोंको प्रथमही पाषाणपर युक्तिसे घिस लेने चाहिये कि जिससे दोनों सिकोरोंकी कोरें ऐसी मिल जावें कि जिसमें सन्धिमात्र न रहे

गर्ते हस्तोन्मिते धृत्वा पचेद्गजपुटेन च ॥
स्वांगशीतं समुद्धृत्य पिष्ट्वा तत्सर्वमेकतः ॥ ३१ ॥

अर्थ-१ हाथ गहरे खड्डे (गड्डे) में उस संपुटको रखकर गज-[1]पुटसे पकावे (आंच देवे) जब पूर्ण शीतल हो जावे तब उस संपुटमेंसे शंखके टुकडोंकी और कज्जली भरी हुई कौडियोंकी समस्त भस्म एकत्र कर खलमें महीन पीस लेवे ॥ ३१ ॥

षड्गुंजासंमितं चूर्णमेकोनत्रिंशदूषणैः ॥
घृतेन वातजे दद्यान्नवनीतेन पित्तजे ॥ ३२ ॥

अर्थ-इसे लोकनाथरस कहते हैं। इसमेंसे ६ रत्तीमात्र लेकर उसमें २९ काली मिरचके चूर्णको मिलाकर घीके साथ वातरोगमें, नवनीत (माखन) के संग पित्तरोगमें ॥ ३२ ॥

क्षौद्रेण श्लेष्मजे दद्यादतिसारे क्षये तथा ॥
अरुचौ ग्रहणीरोगे कार्श्ये मंदानले तथा ॥ ३३ ॥

अर्थ-और सहतसंग कफरोगमें देवे तो उक्त समस्त रोग दूर होंय तथा अतिसार, क्षयी, अरुची, संग्रहणी, कृशता, मन्दाग्नि॥३३॥

कासे श्वासेषु गुल्मेषु लोकनाथो रसो हितः ॥
तस्योपरि घृतान्नं च भुंजीत कवलत्रयम् ॥ ३४ ॥

अर्थ-कास, श्वास और गुल्म इन रोगोंपरभी यह लोकनाथरस अति हितप्रद है इसको सेवन करनेवाला निम्नलिखित प्रकारसे आहार विहारका वर्ताव रक्खे उक्त रसकी पूर्वोक्त मात्रा लेकर उसपर घृतसहित चावलोंके ३ ग्रास (कवल) लेवे ॥ ३४ ॥

---

१ तीस अंगुल (सवाहात) का एक शंकु बनाके उसीके प्रमाण लंबा चौडा गहरा गड्डा खोदके उसमें ५०० गोबरी (आलने, कंडा) भरके उन कंडोंपर संपुट रखके ऊपरसे पुनः ५०० पूर्वोक्त गोबरी धरके आंच देवे इसे गजपुट कहते हैं ।

मंचे क्षणैकमुत्तानः शयीतानुपधानके ॥
अनम्लमन्नं सघृतं भुंजीत मधुरं दधि ॥ ३५ ॥

अर्थ–पश्चात् मंच (खाट) पर तकिया गद्दी (बिछौने) विनही एक क्षणभर सीधा सोवे, खटाईको छोडकर घृतसहित मिष्टान्न और मीठे दहीकोभी खावे ॥ ३५ ॥

प्रायेण जांगलं मांसं प्रदेयं घृतपाचितम् ॥
सुदुग्धभक्तं दद्याच्च जातेग्नौ सांध्यभोजने ॥ ३६ ॥

अर्थ–मांसाहारी (मांस खानेवाले मनुष्य) को जांगल (हरिण आदि जांगलदेशज जीवोंका) घृतपक्क मांसभी खानेको देवे और सायंकालके भोजनके समय यदि जठराग्नि प्रदीप्त होवे (अच्छी भूख लगे) तौ दूध चावल खानेको देवे ॥ ३६ ॥

सघृतान्मुद्गवटकान् व्यंजनेष्वेव चारयेत् ॥
तिलामलककल्केन स्नापयेत्सर्पिषाथ वा ॥ ३७ ॥

अर्थ–और मुख अच्छा होने तथा रुचि बढानेके लिये व्यञ्जनोंकी जगह घीमें बनाये (तले) हुए मूंगके वडे खावे, तिल और आंवलोंको पीसकर उनके कल्क (पीठी) से अथवा घृतसे ॥ ३७ ॥

अभ्यंजयेत्सर्पिषा च स्नानं कोष्णोदकेन च ॥
क्वचित्तैलं न गृह्णीयान्न बिल्वं कारवेल्लकम् ॥ ३८ ॥

अर्थ–शरीरको मलकर कुछ (अल्प) गरम पानीसे स्नान करे और तेलको खाने पीने शरीरके लगानेमें कदापि स्वीकार न करे। बील, करेले ॥ ३८ ॥

वार्ताकं शफरीं चिंचां त्यजेद्व्यायाममैथुनम् ॥
मद्यं संधानकं हिंगु शुण्ठीं माषान् मसूरकान् ॥ ३९ ॥

अर्थ–कटेलीका फल, मछली, अमली, व्यायाम (कसरत),

स्त्रीसंग (मैथुन), मदिरा, संधान[1], हींग, सोंठ, उडद, मसूर ॥३९॥

कूष्मांडं राजिकां कांपकांजिकं चैव वर्जयेत् ॥
त्यजेदयुक्तनिद्रां च कांस्यपात्रे च भोजनम् ॥ ४० ॥

अर्थ-कोहला, राई, कांजी, अयोग्य नींद, कांसेके पात्रमें भोजन ॥ ४० ॥

ककारादियुतं सर्वं त्यजेच्छाकफलादिकम् ॥
पथ्योऽयं लोकनाथस्तु शुभनक्षत्रवासरे ॥ ४१ ॥

अर्थ-जिनके नामके आदिमें ककार हो ऐसे शाक और फल इन सबको त्यागन कर (छोड) दे । यह लोकनाथरसका पथ्य वर्णन किया है । प्रथमारंभके दिन शुभ नक्षत्र, शुभ वार ॥ ४१ ॥

पूर्णातिथौ शुक्लपक्षे जाते चंद्रबले तथा ॥
पूजयित्वा लोकनाथं कुमारीं भोजयेत्ततः ॥ ४२ ॥

अर्थ-पंचमी, दशमी, पूनो तिथि, शुक्ल पक्ष और चन्द्रबलयुक्त उत्तम मुहूर्तमें लोकनाथ (परमेश्वर और उक्त रस) का पूजन करके कन्याको भोजन कराके ॥ ४२ ॥

दानं दद्याद्घटिकामध्ये ग्राह्यो रसोत्तमः ॥
रसात्संजायते तापस्तदा शर्करया युतम् ॥ ४३ ॥

अर्थ-और स्वशक्त्यनुसार दो घडी पर्यन्त अन्न, जल, वस्त्र, पुस्तक, छत्र, भूमि, गौ आदिका दान देकर इस लोकनाथरसको ग्रहण करना चाहिये । यदि इसके ग्रहण करने पर कुछ उष्णता (ताप) हो तो मिश्री ॥ ४३ ॥

सत्वं गुडूच्या गृह्णीयाद्वंशरोचनया युतम् ॥
खर्जूरं दाडिमं द्राक्षामिक्षुखंडानि चारयेत् ॥ ४४ ॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० १२ ।

---

१ संधान यहभी एक मदिरा (मद्य, दारू, सराफ, बरांडी) काही भेद है ।

अर्थ–गुरच (गिलोय) सत्व और वंशलोचन इनको मिलाके ग्रहण करे अथवा खर्जूर, अनार, दाख और इक्षु (सांठे) के टुकडे इन्होंमेंसे किसीकोभी भक्षण करे। ऐसा शार्ङ्गधरके दूसरे खंडके बारहवें अध्यायमें लिखा है ॥ ४४ ॥

अथ स्वर्णमालिनीवसन्तरसनिर्माणविधिः ।

स्वर्णं मुक्ता दरदमरिचं भागवृद्ध्या गृहीतं
खर्पर्य्यष्टौ प्रथममखिलं मर्दयेन्मृत्क्षयेण ॥
यावत्स्नेहो व्रजति विलयं मर्दने दीयतेऽसौ
गुंजाद्वंद्वं मधुमगधया मालिनीप्राग्वसंतः ॥ ४५ ॥

इति ग्रंथान्तरे ।

अर्थ–अब स्वर्णमालिनीवसन्तरसके बनानेकी विधि वर्णन करते हैं। १ मासा सुवर्णपत्र (सोनेका वर्क), २ मासे अनवीधे मोती, ३ मासे सिंगरफ, ४ मासे काली मिरच, ८ मासे शुद्ध खपरिया इन सबको एक प्रहर पर्यंत मक्खनसे खरल करे (खलबत्तेमें घोटे) पश्चात् महीन छिलकेवाले (कागजी) निंबूके रससे जबतक मक्खनकी चिकनाई दूर न हो तबतक घोटे चिकनाई दूर होनेपर इसकी टिकिया बना लेवे इसे स्वर्णमालिनीवसन्तरस कहते हैं इस रसको पीपल और सहतसंग २ रत्तीमात्र देवे तौ सर्व रोग दूर होंय ॥ ४५ ॥

अथ बृहन्मालिनीवसन्तरसनिर्म्माणविधिः ।

वैक्रांतमभ्रं रवितार्प्यरौप्यं गंधः प्रवालं रसभस्म
लोहम् ॥ सटंकणं शंबुकभस्म सर्वं समस्तमेतच्च
वरीरजन्योः ॥ ४६ ॥

अर्थ–अब बृहन्मालिनीवसन्त रसके बनानेकी विधि लिखते हैं। वैक्रांत (रत्नविशेष) की भस्म, अभ्रकभस्म, ताम्रभस्म, चांदीभस्म शुद्ध गन्धक, मूंगाभस्म, चन्द्रोदय, लोहभस्म, सुहागा, शंखभस्म

ये सब बराबर लेके खरल करे पश्चात् शतावरीके रसकी और हल-दीके रसकी ॥ ४६ ॥

द्रवैर्विमर्द्य मुनिसंख्यया च कस्तूरिकाशीतकरेण पश्चात् ॥ तदा बृहत्पूर्वकमालिनीप्राक् वसंत-नामा रसदो रसोयम् ॥ ४७ ॥ इति ग्रंथान्तरे ।

अर्थ-सात २ भावना दे। तदनन्तर कस्तूरी और कपूरकी यथा-योग्य भावना देकर अनुमानसे टिकिया बांध लेवे इसे बृहन्मालनी वसन्तरस कहते हैं यह रस हर्ष देनेवाला और समस्त रोगोंको दूर करनेवाला है। ऐसा ग्रन्थांतरमें लिखा है ॥ ४७ ॥

अथ पाशुपतरसनिर्माणविधिः ।

शुद्धं सूतं द्विधा गंधं त्रिभागं तीक्ष्णभस्मकम् ॥
त्रिभिः समं विषं देयं चित्रकक्काथभावितम् ॥ ४८ ॥

अर्थ-अब पाशुपतरसके बनानेकी विधि वर्णन करते हैं। १ भाग शुद्ध पारा, २ भाग शुद्ध गंधक, ३ भाग कांतलोहभस्म और इन सबके बराबर शुद्ध विष (वच्छनाग) लेकर चित्रकके क्काथमें उक्त सबोंको खरल करे ॥ ४८ ॥

धूर्त्तबीजस्य भस्मापि द्वात्रिंशद्भागसंयुतम् ॥
कटुत्रयं त्रिभागं स्याल्लवङ्गैला च तत्समम् ॥ ४९ ॥

अर्थ-पश्चात् ३२ भाग धत्तूरेके बीजोंकी भस्म, ३ भाग त्रिकटु (सोंठ, मिरच, पीपल), ३ भाग लौंग, ३ भाग इलायची ॥ ४९ ॥

जातीफलं तथा कोषमर्द्धभागं नियोजयेत् ॥
तथार्द्धं लवणं पञ्च स्नुह्यर्कैरण्डतिन्तिडी ॥ ५० ॥

अर्थ-आधा भाग जायफल और आधा भाग जायपत्री अर्थात्

दोनों मिलकर तीन भाग तथा पांचों नोन, थूहर, आक, एरंड, इमली ॥ ५० ॥

अपामार्गाश्वत्थजं च क्षारं दद्याद्विचक्षणः ॥
हरीतकी यवक्षारं स्वर्जिका हिंगु जीरकम् ॥ ५१ ॥

अर्थ–ऊंगा (चिरचिरा, अंधाझाडा, अपामार्ग) और पीपल इन सबका खार, हर्ड, जवाखार, सज्जी, हींग, जीरा ॥ ५१ ॥

टंकणं च सूततुल्यमम्लयोगेन मर्दयेत् ॥
भोजनांते प्रयोक्तव्यो गुंजाफलप्रमाणतः ॥ ५२ ॥

अर्थ–और सुहागा ये प्रत्येक शुद्ध पारेके बराबर (एक एक भाग) लेके और इन सबको महीन पीस पूर्वोक्त चित्रकके क्वाथमें खरल किये हुए रसोंमें मिलाकर निंबूके रससे पुनः खरल करे जब सब घुटकर एक जीव हो जावे तब इसे चीनी या कांचके पात्रमें रक्खे इसमेंसे १ रत्ती भोजनके पश्चात् खिलावे तो ॥ ५२ ॥

रसः पाशुपतो नाम सद्यः प्रत्ययकारकः ॥
दीपनः पाचनो हृद्यः सद्यो हन्ति विषूचिकाम्॥५३॥

इति रसेन्द्रसारसंग्रहे अजीर्णाधिकारे ।

अर्थ–यह पाशुपतरस तत्क्षणही अपने गुणको दिखलाता है । यह दीपन, पाचन, हृदयको बलप्रद और विषूचिका (महामारी, हैजेकी बीमारी) का शीघ्रही नाश करनेवाला है । ऐसा रसेंद्रसारसंग्रहके अजीर्णाधिकारमें लिखा है ॥ ५३ ॥

अथ पर्पटीरसनिर्म्माणविधिः ।

रसं त्रिगुणगंधेन मर्दयित्वा सभृंगकम् ॥
लोहपात्रे घृताभ्यक्ते द्रावितं बदराग्निना ॥ ५४ ॥

अर्थ–अब पर्पटीरसके बनानेकी विधि वर्णन करते हैं । ४ तोले शुद्ध पारा और १२ तोले शुद्ध गंधक लेकर इन दोनोंको खरल करे

जब कज्जली हो जावे तब उसे भंगरेके रसमें घोटे फिर घीसे चुपडे हुए लोहपात्रमें भंगरेके रसमें घुटी हुई कजलीको डालकर बेरकी लकडीकी आंच देके पिघलावे ॥ ५४ ॥

ऊर्ध्वाधो गोमयं दत्त्वा कदल्याः कोमले दले ॥
स्निग्धे पत्रे ह्ययोदर्व्या पर्पटाकारतां नयेत् ॥ ५५ ॥

अर्थ-पश्चात् समभाग पृथ्वीपर गोवर बिछाकर उस गोवरपर उत्तम चिकना केलेका पत्ता रखकर उस केलेके पत्तेपर पिघली हुई कजलीको डाल देवे और उसके ऊपर दूसरा केलेका पत्ता रखकर उसपै पुनः गोवर डालकर ऐसे प्रकारसे दबावे जिससे उस पिघली हुई कज्जली पपडीके समान बन जावे ॥ ५५ ॥

पादे लोहे विनिक्षिप्ते लोहपर्पटिका भवेत् ॥
ताम्रे पादे विनिक्षिप्ते ताम्रपर्पटिका भवेत् ॥ ५६ ॥

अर्थ-इसी कज्जलीमें चौथा भाग लोहभस्म मिलानेसे लोहपर्पटी और ताम्रभस्म मिलानेसे यही ताम्रपर्पटी कहलाती है ॥ ५६ ॥

विषपादं च युंजीत त्वसाध्येष्वामयेषु च ॥
सुरसाया जयन्त्याश्च कन्यकाढकरूषयोः ॥ ५७ ॥

अर्थ-पश्चात् इस पर्पटीमें तच्चतुर्थांश शुद्ध किया हुआ सिंगिया मिलाकर तुलसी, अरनी (अग्निमंथ), घीकुमारी (गुवांरपाठा), अडूसा ॥ ५७ ॥

त्रिफलाया मुनेर्भार्ङ्ग्या मुंड्या त्रिकटुसंज्ञयोः ॥
भृंगराजस्य वह्नेश्च प्रत्यहं द्रवभावितम् ॥ ५८ ॥

अर्थ-त्रिफला, अगस्ति, भार्ङ्गी, गोरखमुंडी, त्रिकुटा, भांगरा और चित्रक इन प्रत्येकके रसकी तथा क्वाथकी एक एक भावना देवे ५८॥

आर्द्रकस्य द्रवेणाथ सप्तधा भावयेत्पुनः ॥
अंगारे स्वेदयेदीषत्पर्पटीरसमुत्तमम् ॥ ५९ ॥

अर्थ–फिर अदरखके रसकी ७ भावना देकर अंगारपर कुछ स्वेदन करके रक्खे यह असाध्य रोगोंपरभी उत्तम पर्पटीरस है॥५९॥

गुंजाष्टकं ददीतास्य ताम्बूलीपत्रसंयुतम् ॥
पिप्पलीरसकैश्चापि निर्गुंडया ह्यनुपाययेत् ॥ ६० ॥

अर्थ–इस रसकी १ मासे भरकी मात्रा पानमें अथवा १० पीपलीके चूर्णसंग देवे और ऊपरसे निर्गुंडीके रसको ॥ ६० ॥

त्रिकंटकस्य मूलानि शुंठीं छित्त्वा विनिःक्षिपेत् ॥
अजाक्षीरे सनीरार्द्धं यावत्क्षीरं विपाचयेत् ॥ ६१ ॥

अर्थ–अथवा गोखरूकी जड और सोंठको बकरीके दूधमें डालकर उसमें आधा पानी मिलाकर औटावे जब दूध मात्र शेष रह जावे तब छानकर ॥ ६१ ॥

तत् क्षीरं पाययेद्रात्रौ सकणं भोजयेदपि ॥
कूष्मांडं वर्जयेच्चिंचां वृंताकं कर्कटीमपि ॥ ६२ ॥

अर्थ–पीपलीयुक्त इस दूधको रात्रिके समय पिलावे और उत्तम प्रकारका भोजन करावे तो वह पुरुष रोगरहित दिव्य देह होय। इस रसको सेवन करनेवालेने कूष्मांड (कोहला,) इमली, बैंगन, ककडी ॥ ६२ ॥

आरनालं च तैलं च मैथुनं च विवर्जयेत् ॥
मासत्रयं तु सेवेत कासश्वासापनुत्तये ॥ ६३ ॥

अर्थ–कांजी, तैल और मैथुन (स्त्रीसंग, व्यवाय) इनको त्याग (छोड) ही देवे। इस पर्पटीरसका यदि ३ मास पर्यंत सेवन करे तो समस्त कास और श्वासभी दूर होंय। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है॥६३॥

अथ जयावटीनिर्माणविधिः ।

विषं त्रिकटुकं मुस्तं हरिद्रा निम्बपत्रकम् ॥

विडंगमष्टमं चूर्णं छागमूत्रैः समं समम् ॥
चणकाभा वटी कार्या स्याज्जया योगवाहिका ॥६४॥
इति रसेंद्रसारसंग्रहे ज्वराधिकारे।

अर्थ-शुद्ध विष (सिंगिया), त्रिकटु (सोंठ, मिरच, पीपल), नागरमोथा, हलदी, नींबके पत्ते और वायविडंग ये आठों समान लेकर इनका महीन चूर्ण बनावे फिर उनको बकरीके मूत्रमें खरल करके चनेके बराबर वटी (गोली) बनावे इसे जयावटी कहते हैं। यह पृथक् पृथक् अनुपानोंसे अनेक रोगोंको दूर करती है। ऐसा रसेंद्रसारसंग्रहके ज्वराधिकारमें लिखा है ॥ ६४ ॥

अथ जयंतीवटीनिर्माणविधिः।

विषं पाठाश्वगंधा च वचा तालीशपत्रकम् ॥
मरीचं पिप्पली निम्बमजामूत्रेण तुल्यकम् ॥
वटिका पूर्ववत् कार्य्या जयन्ती योगवाहिका॥ ६५॥
इति रसेंद्रसारसंग्रहे ज्वराधिकारे।

अर्थ-अब जयंतीवटीके बनानेकी विधि वर्णन करते हैं। शुद्ध विष, पाठा, असगंध, वच, तालीशपत्र, काली मिरच, छोटी पीपल और नींब इन आठों औषधोंको समान लेकर इनका कपडछान चूर्ण बनावे और उस चूर्णको बकरीके मूत्रमें खरल करके चनेके समान वटियां बनावे इसे जयंतीवटी कहते हैं। यहभी पृथक् २ अनुपानोंसे अनेक रोगोंको दूर करती है उक्त दोनों वटीमें समानही औषध और इन दोनोंके समानही अनुपान होनेसे उक्त दोनों वटी योगवाही (साथही रहनेवाली) है इसीलिये इनका जयाजयन्ती वटी ऐसा एक साथभी कह सक्ते हैं। ऐसा रसेंद्रसारसंग्रहमें ज्वराधिकारमें लिखा है ॥ ६५ ॥

विशेषतः हमने जो इस छहवे तरंगमें गुग्गुलुचूर्ण, रस और वटी

वर्णन की हैं उनके पृथक् २ अनुपान पूर्व ४ थे तथा ५ वे तरंगमें दे चुके हैं । जिसे पाठक महाशय स्वयं विचार लेंगे ।

इति श्रीमत्पण्डितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपानदर्पणे योगराजगुग्गुलु-नारायणचूर्ण-मृत्यंजयादिरसनिर्माण-विवेककथने षष्ठः प्रमोदः ॥ ६ ॥

अथ सप्तमः प्रमोदः ।

अथाऽतो धातूपधातुरसोपरसरत्नोपरत्नविषोपविषाणां शोधनमारणविवेकं व्याख्यास्यामः, तत्रादौ धातवः ।

स्वर्णं रूप्यं च ताम्रं च रङ्गं यशदमेव च ॥
सीसं लोहं च सप्तैते धातवो गिरिसंभवाः ॥ १ ॥

अर्थ–अब इसके आगे धातु उपधातु, रस उपरस, रत्न उपरत्न, विष और उपविषोंके शोधन और मारण (भस्म करने) का विवेक (विचार) वर्णन करेंगे । १ सोना, २ चांदी, ३ तांबा, ४ रांगा (कथिल), ५ जस्ता, ६ सीसा और ७ लोहा ये पहाडोंसे उत्पन्न होनेवाले सात धातु हैं ॥ १ ॥

उपधातवः ।

सप्तोपधातवः स्वर्णमाक्षिकं तारमाक्षिकम् ॥
तुत्थं कांस्यं च रीतिश्च सिन्दूरश्च शिलाजतुः ॥२॥

अर्थ–१ सोनामक्खी, २ रूपामक्खी, ३ नीलाथोथा, ४ कांसा[1], ५ पीतल[2], ६ सिंदूर और ७ शिलाजीत ये सात उपधातु[3] हैं ॥ २ ॥

---

१ कांसा यह तांबे और रांगेके योगसे बनता है ।

२ पीतल यह तांबे और जस्तके मेलसे बनता है ।

३ सात उपधातुमें किसीके मतमें सुरमेका ग्रहण और रूपामक्खीका त्याग है ।

रसः।

रसायनार्थिभिर्लोकैः पारदो रस्यते यतः ॥
ततो रस इति प्रोक्तः स च धातुरपि स्मृतः ॥ ३ ॥

अर्थ-जरा-रोगरहित और बल बुद्धि वृद्धिसहित रहनेकी इच्छा-वाले मनुष्योंकरके पारा भक्षण किया जाता है इस कारण अथवा सुवर्णादि सर्व धातुओंको भक्षण कर जानेवाला है इसलिये पारेको रस तथा धातुभी कहते हैं ॥ ३ ॥

उपरसाः।

गन्धो हिङ्गुलमभ्रतालकशिलाः स्रोतोऽञ्जनं टङ्कणं
राजावर्तकचुम्बकौ स्फटिकया शङ्खः खटी गैरिकम् ॥
कासीसं रसकङ्कपर्दसिकता बोलश्च कंकुष्ठकं
सौराष्ट्री च मता अमी उपरसाः सूतस्य किंचिद्गुणैः ४

अर्थ-गंधक, हिंगुल, अभ्रक, हरताल, मनशिल, काला सुरमा, सुहागा, राजावर्तक (रेवटी), चुंबकपाषाण, फिटकरी, शंख, खडिया, गैरों, हीराकसी, खपरिया, कौडी, वालू (सिकता), बोल, मुरदार-शंख और मुलतानी ये उपरस हैं। ये पारेके किंचित् गुणयुक्त माने गये हैं ॥ ४ ॥

रत्नानि।

वज्रं गारुत्मकं पुष्परागो माणिक्यमेव च ॥
इन्द्रनीलश्च गोमेदस्तथा वैदूर्य्यमित्यपि ॥
मौक्तिकं विद्रुमश्चेति रत्नान्युक्तानि वै नव ॥ ५ ॥

अर्थ-हीरा, पन्ना, माणिक, पुखराज, नीलमणी (नीलम), गो-मेद (पीला रत्न), वैदूर्य (श्याम मणि), मोती और मूंगा ये नव रत्न कहाते हैं ॥ ५ ॥

उपरत्नानि ।

उपरत्नानि काचश्च कर्पूराश्मा तथैव च ॥
मुक्ताशुक्तिस्तथा शङ्ख इत्यादीनि बहून्यपि ॥ ६ ॥

अर्थ—काच, बिल्लौर, मोतीकी सीप और शंख इत्यादि उपरत्न कहाते हैं ॥ ६ ॥

विषाः ।

विषं तु गरलः क्ष्वेडस्तस्य भेदानुदाहरे ॥
वत्सनाभः सहारिद्रः सक्तुकश्च प्रदीपनः ॥ ७ ॥

अर्थ—विष, गरल और क्ष्वेड ये विषहीके नाम हैं। पर १ वत्स[1]-नाभ, २ हारिद्रक, ३ सक्तुक, ४ प्रदीपन ॥ ७ ॥

सौराष्ट्रिकः शृङ्गकश्च कालकूटस्तथैव च ॥
हालाहलो ब्रह्मपुत्रो विषभेदा अमी नव ॥ ८ ॥

अर्थ—५ सौराष्ट्रिक, ६ शृंगक, ७ कालकूट, ८ हालाहल और ९ ब्रह्मपुत्र ये विषके नव भेद हैं ॥ ८ ॥

उपविषाः ।

अर्कक्षीरं स्नुहीक्षीरं तथैव करिहारिका ॥
कर्वीरकोथ धत्तूरः पञ्च चोपविषाः स्मृताः ॥ ९ ॥

भा० प्र० खं० १ भा० १ ।

अर्थ—आकका दूध, थूहरका दूध, कलियारी, कण्हेर और धतूरा ये पांच उपविष हैं। ऐसा भावप्रकाशके पूर्वखण्डके पहले भागमें लिखा है ॥ ९ ॥

---

१ वत्सनाभ आदि नव विषोंकी परीक्षा करना चाहो तो इनके लक्षणको भावप्रकाशादि महद्ग्रन्थोंसे जानो जबतक उनके लक्षणोंको न जानोंगे तबतक उनका पहिचाननाभी कठिन है ।

विशेषतः कई ग्रन्थोंमें उक्त पांच तथा १ गुञ्जा (चिरमी, घूंघची), २ कुचला, ३ जमालगोटा और ४ अफीम इनसहित नवही उपविषभी माने हैं।

सप्तधातुशोधनम्।

स्वर्णताराराताम्राणां पत्राण्यग्नौ प्रतापयेत्॥
निषिञ्चेत्तप्ततप्तानि तैले तक्रे च कांजिके॥ १०॥
गोमूत्रे च कुलत्थानां कषाये च त्रिधा त्रिधा॥
एवं स्वर्णादिलोहानां विशुद्धिः संप्रजायते॥ ११॥

शार्ङ्ग० खं० २ अ० ११।

अर्थ-अब सप्तधातुशोधन कहते हैं। सुवर्णादि धातुओंके पात्रोंको अग्निमें तपा तपाकर तेल, छाछ, कांजी, गोमूत्र और कुलथीका काढा इन प्रत्येकमें क्रमशः तीन तीन वार बुझाओ तौ समस्त धातु शुद्ध हो। यह शुद्धि शार्ङ्गधरके २ रे खण्डके ११ वे अध्यायमें लिखी है॥ १०॥ ११॥

विशेषतः सात धातुओंमेंसे १ रांगा, २ सीसा और ३ जस्ता इन तीनोंको गला गलाके तैल आदि उक्त पांचों पदार्थोंमें बुझाना चाहिये।

उपधातुशोधनं तत्र सुवर्णमाक्षिकशोधनम्।

मातुलुङ्गद्रवैर्वाथ जम्बीरस्य द्रवैः पचेत्॥
चालयेल्लोहजे पात्रे यावत् पात्रं सुलोहितम्॥१२॥
भवेत्ततस्तु संशुद्धिं स्वर्णमाक्षिकमृच्छति॥ १३॥

अर्थ-अब सोनामक्खीका शोधन कहते हैं। बिजोरे निंबूके रसमें अथवा जम्बीरीके रसमें सोनामक्खीको डालकर लोहेकी कडाहीमें पकाओ जब रस जलकर कडाही लाल हो जावे तब उतारके शीतल हो जानेपर निकालो सोनामक्खी शुद्ध हो जावेगी॥१२॥१३॥

रौप्यमाक्षिकशोधनम् ।

कर्कोटीमेषशृंग्युत्थैर्द्रवैर्जंबीरजैर्दिनम् ॥
भावयेदातपे तीव्रे विमला शुद्ध्यति ध्रुवम् ॥ १४ ॥

अर्थ–रूपामक्खीको ककोडा, मेढासिंगी और जम्बीरी इन प्रत्येकके रसमें एक दो दिन घोट घोटकर सूर्यकी तीक्ष्ण तापमें रक्खो तौ रूपामक्खी शुद्ध होगी ॥ १४ ॥

तुत्थशोधनम् ।

विष्टया मर्दयेत्तुत्थं मार्ज्जारककपोतयोः ॥
दशांशं टंकणं दत्त्वा पचेन्मृदुपुटे ततः ॥
पुटं दध्ना पुटं क्षौद्रैर्देयं तुत्थविशुद्धये ॥ १५ ॥

अर्थ–बिल्ली और कबूतरकी वीट (विष्ठा) में नीले थोथेको खरल करे पश्चात् उसमें उसीका दशांश सुहागा मिलाकर शरावसंपुट करे अनन्तर जङ्गली गोवरीकी हलकी आंच देवे पश्चात् निकालके दहीका पुट देकर पुनः आंच दे इसी प्रकार पुनः सहतका पुट देकर आंच देवे तौ नीलाथोथा शुद्ध हो ॥ १५ ॥

कांस्यरीतिशोधनम् ।

शोधनं कांस्यरीत्योश्च धातुशुद्धिसमं भवेत् ॥ १६॥

अर्थ–कांसे और पीतलका शोधन पूर्वोक्त धातुशोधनके समानही जानो ॥ १६ ॥

सिंदूरशोधनम् ।

दुग्धाम्लयोगतस्तस्य विशुद्धिर्गदिता बुधैः ॥ १७ ॥

अर्थ–सिंदूर दूध और नींबू आदि खट्टे रसकी भावना देनेसे शुद्ध होता है ॥ १७ ॥

शिलाजतुशोधनम् ।

शिलाजतु समानीय ग्रीष्मतप्तशिलाच्युतम् ॥
गोदुग्धैस्त्रिफलाक्वाथैर्भृङ्गद्रावैश्च मर्दयेत् ॥
आतपे दिनमेकैकं तच्छुष्कं शुद्धतां व्रजेत् ॥ १८ ॥

अर्थ-ग्रीष्मऋतुमें अत्यन्त उष्णताके कारण पर्वत तप्त होकर उनमेंसे शिलाजीत निकलता है इस शिलाजीतको गोदुग्ध, त्रिफला और भंगरेके रसकी एक २ दिन भावना देकर सुखा लेओ तौ शिलाजीत शुद्ध हो जावेगा ॥ १८ ॥

रससंस्काराः ।

अष्टादशैव संस्कारा ऊनविंशतिकाः क्वचित् ॥
संप्रोक्ता रसराजस्य वसुसंख्याः क्वचिन्मताः ॥ १९ ॥

अर्थ-पारेके कहीं अठारह कहीं उन्नीस और कहीं आठ संस्कार माने हैं ॥ १९ ॥

तत्राष्टादशसंस्काराः ।

स्यात्स्वेदनं तदनु मर्दनमूर्च्छनं च स्यादुत्थितिः पतनबोधनियामनानि ॥ संदीपनं गगनभक्षणमानमत्र सञ्चारणं तदनु गर्भगतिर्द्रुतिश्च ॥ २० ॥
बाह्यद्रुतिः सूतकजारणा स्याद्ग्रासस्तथा सारणकर्म पश्चात् ॥ संक्रामणं वेधविधिः शरीरयोगस्तथाष्टादशधा तु कर्म ॥ २१ ॥

अर्थ-पारेके १८-१९-८ संस्कारोंका क्रम जैसे १ स्वेदन, २ मर्दन, ३ मूर्च्छन, ४ उत्थापन, ५ पातन, ६ बोधन, ७ नियमन, ८ सन्दीपन, ९ गगनभक्षण, १० सञ्चारण, ११ गर्भगति, १२ गर्भद्रुति, १३ बाह्यद्रुति, १४ सूतकजारण, १५ ग्रास, १६ सारणकर्म,

१७ संक्रामणवेधविधि और १८ शरीरयोग ये पारेके अठारह संस्कार हैं ॥ २० ॥ २१ ॥

अथैकोनविंशतिसंस्कारास्तदन्तर्गताश्चाष्टौ ।

स्वेदनमर्दनमूर्च्छनउत्थापनपातनबोधननियमन-
संदीपनअनुवासनगगनादिग्रासप्रमाणचारणगर्भ-
द्रुतिर्बाह्यद्रुतिर्योगजारणरंजनसारणक्रामणवेधन-
भक्षणाख्या ऊनविंशतिसंस्काराः सूतसिद्धिदा
भवन्ति दीपनान्ता अष्टौ संस्कारा वा देहसि-
द्धिदा भवंति ॥ २२ ॥ ग्रंथान्तरे ।

अर्थ–पहिले कहे हुए संस्कारोंमें एक भक्षणाख्य संस्कार योजित करनेसे उन्नीस और १ ले स्वेदनसे ८ वें संदीपन पर्यन्तके आठभी संस्कार माने हैं । ये आठ संस्कार अथवा समस्त संस्कार होनेसे पारा शुद्ध होता है । ऐसा ग्रंथान्तरमें लिखा है ॥ २२ ॥

रसशोधनम् ।

अथवा हिङ्गुलात्सूतं ग्राहयेत्तन्निगद्यते ॥
जंबीरनिंबुनीरेण मर्दितो हिंगुलो दिनम् ॥ २३ ॥
ऊर्ध्वपातनयंत्रेण ग्राह्यः स्यान्निर्मलो रसः ॥
कंचुकैर्नागवंगाद्यैर्निर्मुक्तो रसकर्मणि ॥
विना कर्माष्टकेनैव सूतोऽयं सर्वकर्मकृत् ॥ २४ ॥
ग्रंथान्तरे ।

अर्थ–पहिला रसशोधन प्रकार–यद्यपि पूर्वोक्त संस्कारोंसे पारा शुद्ध होता है तथापि उन संस्कारोंको ग्रंथविस्तारभयसे हम यहां न लिखकर साधारण प्रकारसेही पारेका शोधन दर्शाते हैं कि जिससे थोडे

परिश्रमके साथ उस अष्ट वा अष्टादश संस्कारशुद्ध पारेके समानही शुद्ध और गुणप्रद पारा हो जावे। हिंगूल (सिंगरफ) को जंबीरी अथवा नींबूके रससे एक दिनभर खरल करे पश्चात् डमरूयंत्रद्वारा उडाकर उससे निकले हुए पारेको ग्रहण करे यह पारा विना आठ संस्कारकेही सातों कंचुकी और नाग वंग आदि दोषरहित तथा निर्मल हो जाता है इसे समस्त कार्योंमें ग्रहण करना योग्य है। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है॥ २३ ॥ २४ ॥

अन्यच्च-निम्बूरसैर्निम्बपत्ररसैर्वा याममात्रकम् ॥
पिष्ट्वा दरदमूर्ध्वं च पातयेत्सूतयुक्तिवत् ॥
ततः शुद्धरसं तस्मान्नीत्वा कार्येषु योजयेत् ॥ २५ ॥

शा० खं० २ अ० ११ ।

अर्थ-दूसरा प्रकार-शार्ङ्गधरमें ऐसाभी लिखा है कि शिंगरफको नींबूके अथवा नींबके पत्तोंके रससे १ प्रहर पर्यंत खरल करके डमरू-यंत्रसे २ तथा ३ प्रहरकी आंच देके उडा लेवे और उस शिंगरफसे उडकर निकले हुए शुद्ध पारेको लेकर सर्व कार्योंमें योजित करे॥२५॥

अन्यच्च-कुमारिकाचित्रकरक्तसर्षपैः कृतैः कषा-
यैर्बृहतीविमिश्रितैः ॥ फलत्रिकेणापि विमर्दितो
रसो दिनत्रयं सर्वमलैर्विमुच्यते ॥ २६ ॥

भा० प्र० खं० १ भा० २ ।

अर्थ-तीसरा प्रकार-कुमारिका (गवांरपाठा), चित्रक, लाल सरसों

---

१ दो मिट्टीके घडोंका मुख परस्पर जोडके कपडमिट्टीसे बंद कर दे नीचेके घडेमें जो वस्तु धरना हो सो धरके आंच लगावे और ऊपरके घडेके पेंदेपर मिट्टीकी किनारी बनाके उसपर गीला कपडा धर दे और उस कपडेको सूकने न दे किन्तु उसपर वारंवार पानी छोडता जावे इसे डमरूयंत्र कहते हैं इस यंत्रद्वारा नीचेके घडे-में रखी हुई वस्तुमेंसे पारा आदि ऊपरके घडेमें उडकर आ जाता है उसेही ले लेना चाहिये ।

और भटकटैया इनके क्वाथसे और त्रिफलासे तीन दिन पर्यंत पारे-को खरल करनेसे समस्त मलरहित शुद्ध पारा हो जाता है । ऐसा भावप्रकाशके पूर्वखण्डके दूसरे भागमें लिखा है ॥ २६ ॥

उपरसशोधनं तत्र गंधकशोधनम् ।

लोहपात्रे विनिःक्षिप्य घृतमग्नौ प्रतापयेत् ॥
तप्ते घृते तत्समानं क्षिपेद्गन्धकजं रजः ॥ २७ ॥

अर्थ–अब उपरसोंका शोधन दर्शाते हैं । लोहेके पात्रमें घी डालके उसे अग्निसे तपावे जब घी अच्छा तप जावे तब उस घीमें उसके समान पीसा हुआ आंवलसार गंधक डाले ॥ २७ ॥

विद्रुतं गन्धकं दृष्ट्वा तनुवस्त्रे विनिःक्षिपेत् ॥
यथा वस्त्राद्विनिःसृत्य दुग्धमध्येऽखिलं पतेत् ॥
एवं स गन्धकः शुद्धः सर्वकर्मोचितो भवेत् ॥ २८ ॥

अर्थ–जब वह गंधक घीमें पिघल जावे तब एक पात्रमें दूध भरके उस पात्रके मुँहपर महीन कपडा बांध कर उसमें वह पिघला हुआ गंधक डाल दे जिससे गंधक छानकर दूधमें गिरे और जो कुछ कंकर, मट्टी हो सो सब वस्त्रमें रह जावे फिर वह गंधक दूधमें गिर कर शीतल हो जावे तब उसे लेवे इस प्रकार गंधक शुद्ध होता है ॥२६॥

हिंगुलशोधनम् ।

मेषीक्षीरेण दरदमम्लवर्गैश्च भावितम् ॥
सप्तवारान् प्रलेपेन शुद्धिमायाति निश्चितम् ॥ २९ ॥

अर्थ–हिंगुल (शिंगरफ) को खलमें डालकर सात पुट भेडीके दूध और ७ पुट नींबूके रसकी देवे तो निश्चय शुद्ध होवे ॥ २९ ॥

अभ्रकशोधनम् ।

कृष्णाभ्रकं धमेद्वह्नौ ततः क्षीरे विनिःक्षिपेत् ॥

भिन्नपत्रं तु तत्कृत्वा तण्डुलीयाम्लयोर्द्रवैः ॥
भावयेदष्टयामं तदेवमभ्रं विशुद्धयति ॥ ३० ॥

अर्थ-काले अभ्रकको अग्निमें तपाकर गौके दूधमें बुझाओ फिर चौलाईके रसमें अथवा चावलोंके पानीमें और इमलीकी खटाईमें आठ प्रहर (एक दिनरात) भिगाये रक्खो तौ अभ्रक शुद्ध होवे ॥ ३० ॥

हरितालशोधनम् ।

तालकं कणशः कृत्वा तच्चूर्णं काञ्जिके पचेत् ॥
दोलायंत्रेण यामैकं ततः कूष्माण्डजद्रवैः ॥ ३१ ॥
तिलतैले पचेद्यामं यामं च त्रिफलाजले ॥
एवं यन्त्रे चतुर्यामं पक्वं शुद्धयति तालकम् ॥ ३२ ॥

अर्थ-हरतालके छोटे २ टुकडे करके १ प्रहर कांजीमें, १ प्रहर भूरे कुह्मडेके रसमें, १ प्रहर तेलमें, १ प्रहर त्रिफलाके क्वाथमें दोलायंत्रसे आंच दे तौ हरताल शुद्ध होवे ॥ ३१ ॥ ३२ ॥

मनःशिलाशोधनम् ।

पचेत्त्र्यहमजामूत्रे दोलायन्त्रे मनश्शिलाम् ॥
भावयेत्सप्तधा पित्तैरजायाः सापि शुद्धयति ॥ ३३ ॥
भा० प्र० ।

अर्थ-मनशिलको बकरीके मूत्रसे दोलायंत्रमें ३ दिन औटावे पश्चात् खलमें डालकर बकरीके पित्तेकी ७ भावना देवे तो मनशिल शुद्ध होय । ये सब शोधन भावप्रकाशमें लिखे हैं ॥ ३३ ॥

---

१ दोलायंत्र उसे कहते हैं कि जिस पात्रमें कांजी आदि हो उस पात्रको मुखसे कुछ कम भरके उसमें जिस औषधको शुद्ध करना हो उसे भोजपत्रमें लपटे तिहेर कपडेमें पोटलीरूपसे बांध उसे एक लकडीमें डोरे से बांधकर बीचोबीच अधर लटका देवे पश्चात् उस पात्रको भट्टी या चूल्हेपर चढाके लिखे प्रमाण आंच दे ।

अन्यच्च—अगस्तिपत्रतोयेन भावितं सप्तवारकम् ॥
शृंगवेररसैर्वापि विशुद्ध्यति मनश्शिला ॥ ३४ ॥

ग्रंथान्तरे ।

अर्थ—मनशिलको अगस्तिपत्र रसकी अथवा अदरखके रसकी ७ भावना दे तो मनशिल शुद्ध हो । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ३४ ॥

खर्परशोधनम् ।

नरमूत्रे च गोमूत्रे सप्ताहं रसकं पचेत् ॥
दोलायन्त्रेण शुद्धः स्यात्ततः कार्येषु योजयेत् ॥३५॥

अर्थ—खपरियाको मनुष्यके मूत्र अथवा गोमूत्रमें दोलायंत्रसे सात दिन पकाओ तो शुद्ध हो ॥ ३५ ॥

कंकुष्ठादीनां शोधनम् ।

कंकुष्ठं गैरिकं शंखः कासीसं टङ्कणं तथा ॥
नीलाञ्जनं शुक्तिभेदाः क्षुल्लकाः सवराटकाः ॥ ३६ ॥
जंबीरवारिणा स्विन्नाः क्षालिताः कोष्णवारिणा ॥
शुद्धिमायान्त्यमी योज्या भिषग्भिर्योगसिद्धये ॥३७॥

भा० प्र० ।

अर्थ—१ मुरदारशंख, २ गेरू, ३ शंख, ४ हीराकसी, ५ सुहागा, ६ काला सुरमा और ७ सींपभेदरूप जो घोंघा कौडी इत्यादि इनको जंबीरीके रसमें शोधन करके गरम पानीसे धो डालो तो ये सब उपरस शुद्ध हो जावेंगे । ऐसा भावप्रकाशमें लिखा है ॥ ३६ ॥ ३७ ॥

सर्वोपरसानां शोधनम् ।

त्रिक्षारे लवणे देयमम्लवर्गे[1] त्रिधा पचेत् ॥

---

१ अम्लवेतसवृक्षाम्लबृहज्जम्बीरनिम्बुकैः । चतुरम्लं हि पञ्चाम्लं बीजपूरयुतैर्भवेत् ॥ १ ॥ इति भावप्रकाशे ।

तदा चोपरसाः शुद्धा जायन्ते दोषवर्जिताः ॥ ३८ ॥

ग्रंथान्तरे ।

अर्थ-सब उपरसोंको जवाखार, सज्जीखार, सुहागा, नोन और अम्लवर्ग इन प्रत्येकमें तीन तीन वार पचावे तो समस्त उपरस दोषरहित शुद्ध होवें । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ३८ ॥

रत्नशोधनं तत्रादौ वज्रस्य शोधनम् ।

कुलत्थकोद्रवक्काथे दोलायन्त्रे विपाचयेत् ॥
व्याघ्रीकन्दगतं वज्रं त्रिदिनं तद्विशुद्ध्यति ॥ ३९ ॥

अर्थ-हीरेको छोटी कटियालीके मूलमें रखकर कुलथी और कोदोंके काढेसे दोलायंत्रमें ३दिन पर्यन्त पकावे तो हीरा शुद्ध हो॥३९॥

अवशिष्टरत्नानां शोधनम् ।

वज्रवत्सर्वरत्नानि शोधयेन्मारयेत्तथा ॥ ४० ॥

भा० प्र० ।

अर्थ-शेषरत्नोंका शोधन और मारण हीरेके समानही जानो। ऐसा भावप्रकाशमें लिखा है ॥ ४० ॥

विषशोधनम् ।

कृत्वा चणकसंख्यानं गोमूत्रैर्भावयेत्त्र्यहम् ॥
समटङ्कणसंपिष्टं मृतमित्युच्यते विषम् ॥ ४१ ॥

इति रसेन्द्रसारसंग्रहे ।

अर्थ-जिस विषका शोधन करना हो उसके छोटे छोटे चनेके समान टुकडे करके पश्चात् गोमूत्रसे दोलायंत्रमें ३ दिन पर्यन्त आंच देवे और फिर उसके समान सुहागा मिलाकर खरलकर लेवे तो वह विष निर्विष (शुद्ध) हो जाता है । ऐसा रसेन्द्रसारसंग्रहमें लिखा है ॥ ४१ ॥

उपविषशोधनम् ।

पञ्चगव्येषु शुद्धानि देयान्युपविषाणि च ॥
विषाभावप्रयोगेषु गुणस्तु विषसंभवः ॥ ४२ ॥

अर्थ–समस्त उपविषोंको दूध, दही, घृत, गोमूत्र और गोबरमें शोधन करके जहां विष न मिले वहां शुद्ध उपविषोंको योजित करना चाहिये ॥ ४२ ॥

जैपालशोधनम् ।

न विषं विषमित्याहुर्जैपालो विषमुच्यते ॥
शोधितश्च विरेकेषु चमत्कृतिकरः परः ॥४३ ॥

अर्थ–पंडित (सत् असत् विचार करनेवाले) वैद्य जैसा विषको विष नहीं समझते वैसा जमालगोटेको विष (जहर) मानते हैं और यही जमालगोटा शुद्ध होनेपर विरेचन (दस्त, जुलाब) में चमत्कार-प्रदर्शक अतिश्रेष्ठ हो जाता है ॥ ४३ ॥

जैपालं रहितं त्वगंकुररसैर्जाभिर्मले माहिषे निः-
क्षिप्तं त्र्यहमुष्णतोयविमलं खल्वे सवासोर्दितम् ॥
लिप्तं नूतनखर्परेषु विगतस्नेहो रजःसंनिभो
निम्बूकांबुविभावितश्च बहुशः शुद्धो गुणाच्छो
भवेत् ॥ ४४ ॥ ग्रंथान्तरे ।

अर्थ–जमालगोटेके छिलकोंको दूर करके उसके भीतर एक महीन पत्ती (जो जमालगोटेकी जीभ) होती है उसे निकाल डाले पश्चात् एक वस्त्रमें बांधके ३ दिनतक भैंसके गोबरमें दबाय रक्खे फिर निकालकर गरम पानीसे धो डाले फिर दूसरे अच्छे वस्त्रमें बांधके युक्तिसे खरल करे कि जिससे उसका तेल २ वस्त्र शोष ले पश्चात् नवीन खपरेपर उसका लेप देवे जब तेलमात्र उसमें न रह-

कर धूलीके समान वह हो जावे तब उसे नींबूके रसकी भावना देवे तो जमालगोटा शुद्ध हो। यह सब ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ४४ ॥

अथ स्वर्णादीनां मारणं सुवर्णमारणम्।

स्वर्णस्य द्विगुणं सूतमम्लेन सह मर्दयेत् ॥
तद्गोलकसमं गंधं निदध्यादधरोत्तरम् ॥ ४५ ॥
गोलकं च ततो रुध्वा शरावं दृढसंपुटे ॥
त्रिंशद्वनोपलैर्दद्यात्पुटान्येवं चतुर्दश ॥ ४६ ॥
निरुत्थं जायते भस्म गन्धो देयः पुनः पुनः ॥ ४७ ॥

अर्थ-अब सोने आदिके मारण (भस्म करने) की विधि दर्शाते हैं। शुद्ध किये हुए सोनेसे दूना शुद्ध पारा लेकर दोनों नींबूके रससे खरल करके गोला बनावे और उस गोलेके समान शुद्ध गंधकके चुरेको सरावसंपुटमें[1] नीचे, ऊपर और गोलेको बीचमें रक्खे पश्चात् कपडमिट्टीसे शरावसंपुटको दृढकरके ३० जंगली गोवरी (कंडों) की आंच देवे इस प्रकार चौदह पुट (१४ वार आंच) देनेसे सोनेकी निरुत्थ[2] (पक्क) भस्म होय। पर प्रत्येक आंचके साथ गंधक संपुटमें नीचे ऊपर अवश्य रक्खे ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ ४७ ॥

रौप्यमारणम्।

भागैकं तालकं मर्द्यं याममम्लेन केनचित् ॥
तेन भागत्रयं तारपत्राणि परिलेपयेत् ॥ ४८ ॥

---

१ मिट्टीके पके हुए दो सिकोरे (सराईदीये) को लेकर उनको युक्तिसे पत्थरपर घिसकर दोनोंको ऐसे जोडे कि जिनकी कोर बराबर मिल जावे और कुछ संधि न रहे उनमें जो भस्म करनेकी वस्तु होय उसे रखकर दोनों सराईको जोड कपडमिट्टीसे दृढ कर दे कि जिससे भीतर रक्खी हुई वस्तु बाहर न निकलने पावे इसे सरावसंपुट कहते हैं।

२ जिसे सहत, घी और सुहागा इन युक्तकरके आंच देनेसेभी जो जीवित न हो उसे निरुत्थभस्म जानो।

धृत्वा मूषापुटे रुध्वा पुटे त्रिंशद्वनोपलैः ॥
समुद्धृत्वा पुनस्तालं दत्त्वा रुध्वा पुटे पचेत् ॥
एवं चतुर्दशपुटैस्तारभस्म प्रजायते ॥ ४९ ॥

अर्थ–२ भाग शुद्ध हरतालको नींबूके रसमें १ प्रहर पर्यन्त खरल करके पश्चात् ३ भाग चांदीके अत्यन्त पतले और छोटे २ पत्रों (टुकडों) पर उसका लेप करे और उनको सरावसंपुटमें रखकर ३० जंगली गोवरीकी आंच दे इस प्रकार १४ वार आंच देनेसे चांदीकी भस्म होय ॥ ४८ ॥ ४९ ॥

ताम्रमारणम् ।

सूक्ष्माणि ताम्रपत्राणि कृत्वा संस्वेदयेद्बुधः ॥
वासरत्रयमम्लेन ततः खल्वे विनिःक्षिपेत् ॥ ५० ॥

अर्थ–शुद्ध तांबेके महीन छोटे २ पत्र (टुकडे) करके उनको ३ दिन पर्यंत नींबूके रसमें डालकर मन्द २ आंचसे पकावे पश्चात् उनको खरलमें डाल ॥ ५० ॥

पादांशं सूतकं[1] दत्त्वा याममम्लेन मर्दयेत् ॥
तत उद्धृत्य पत्राणि लेपयेद्द्विगुणेन च ॥ ५१ ॥

अर्थ–उन शुद्ध ताम्रपत्रोंसे चतुर्थांश पाराभी उन्हींके साथ मिलाकर १ प्रहर पर्यंत नींबूके रससे खल करे (घोटे) जब उसका गोला बन जावे तब उसे निकालकर उससे दूनी ॥ ५१ ॥

गन्धकेनाम्लघृष्टेन तस्य कुर्याच्च गोलकम् ॥
ततः पिष्ट्वा च मीनाक्षीं चाङ्गेरीं वा पुनर्नवाम् ॥५२॥

---

१ ' रसेन्द्रेण विना ताम्रं यः करोति पुमानिह ॥
उदरे तस्य कीटानि जायंते नात्र संशयः ॥ १ ॥ ' जो पुरुष विना पारेके योगके तांबेकी भस्म करता है उस भस्मके खानेसे पेटमें कृमी रोग उत्पन्न होता है । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ।

अर्थ-नींबूके रससे घुटी हुई शुद्ध गन्धकका उस गोलेपर लेप करे तदनंतर मकोह अथवा चूका अथवा साठी इनमेंसे किसी एक-को पीसकर ॥ ५२ ॥

तत्कल्केन बहिर्गोलं लेपयेदङ्गुलोन्मितम् ॥
धृत्वा तद्गोलकं भाण्डे शरावेण च रोधयेत् ॥ ५३ ॥

अर्थ-उसके कल्क[1]का उसी गोलेपर दो अंगुल लेप करे पीछे उसे किसी भांडे (पात्र) में रखकर उसे सकोरेसे ढाक दे जिससे कि वह गोला वहीं रुक जाय ॥ ५३ ॥

वालुकाभिः प्रपूर्याथ विभूतिलवणांबुभिः ॥
दत्त्वा भांडमुखे मुद्रां ततश्चुल्यां विपाचयेत् ॥ ५४ ॥

अर्थ-पश्चात् उस पात्रको वालू रेतीसे पूरित और उसका मुख राखडनमक पानीसे मुद्रित कर चूल्हेपर चढावे ॥ ५४ ॥

क्रमवृद्धाग्निना सम्यग्यावद्यामचतुष्टयम् ॥
स्वाङ्गशीतं समुद्धृत्य मर्दयेच्छूरणद्रवैः ॥ ५५ ॥

अर्थ-पीछे क्रमवर्द्धित अग्निसे ४ प्रहर पर्यंत उसे पकावे जब स्वांगशीतल हो जावे तब उस गोलेको निकालकर जमीकन्दके रससे मर्दित (खरल) करे ॥ ५५ ॥

यामैकं गोलकं तच्च निक्षिपेच्छूरणोदरे ॥
मृदा लेपस्तु कर्तव्यः सर्वतोऽगुष्ठमात्रकः ॥ ५६ ॥

अर्थ-जब एक प्रहर घोटते २ हो जाय तब उसका फिर गोला बनाकर उसे जमीकन्दके भीतर युक्तिसे रक्खे और उस जमीकंदपर १ अंगूठेमात्र ऊंचा चहुँ ओर मृत्तिकाका लेप करे ॥ ५६ ॥

---

१ कल्क उसे कहते हैं कि जो गीली अथवा सूखी औषध चटनीके समान पीस-कर महीन और गीली रहे जिसका किसीपै लेप दे सकें ।

पाच्यं गजपुटे क्षिप्तं मृतं भवति निश्चितम् ॥
वमनं च विरेकं च भ्रमं क्लममथारुचिम् ॥ ५७ ॥

अर्थ–फिर उसे गजपुटमें पकावे तो निश्चय ताम्रभस्म हो जावेगा और यह शुद्ध ताम्रभस्म उलटी, विरेचन (दस्त), भ्रम, थकावट, अरुचि ॥ ५७ ॥

विदाहं स्वेदमुत्क्लेदं न करोति कदाचन ॥ ५८ ॥

अर्थ–दाह पसीनेका निकलना और जीका मलकना इत्यादि किसी उपद्रवको नहीं करता है ॥ ५८ ॥

वंगमारणम् ।

मृत्पात्रे द्राविते वंगे चिञ्चाश्वत्थत्वचो रजः ॥
क्षिप्त्वा वङ्गचतुर्थांशमयोदर्व्या प्रचालयेत् ॥ ५९ ॥

अर्थ–मृत्तिकाके पात्रमें (मिट्टीके बडे ठिकडे) में शुद्ध कथीलको पिघलाकर उससे चतुर्थांश इमली और पीपलके छालके महीन चूर्णको उसपै डालते जावे और लोहेकी कडछीसे हलाते जावे ॥५९॥

ततो द्वियाममात्रेण वङ्गभस्म प्रजायते ॥
अथ भस्मसमं तालं क्षिप्त्वाऽम्लेन विमर्दयेत् ॥६०॥

अर्थ–इस प्रकार २ प्रहरकी आंचसे वंग (रांगा) भस्मरूप हो जावेगा फिर उस भस्मरूप वंगकी समान शुद्ध हरताल लेकर दोनोंको नींबूके रससे घोटे ॥ ६० ॥

ततो गजपुटे पक्त्वा पुनरम्लेन मर्दयेत् ॥
तालेन दशमांशेन याममेकं ततः पुटेत् ॥
एवं दशपुटैः पक्वं वङ्गं भवति मारितम् ॥ ६१ ॥

अर्थ–जब दोनोंका एक जीव हो जाय तब गोला बनाकर शरावसम्पुटमें रखके गजपुटमें फूंक (पका) देवे स्वांगशीतल हो जानेपर उसे निकाल उससे दशमांश शुद्ध हरताल लेकर दोनोंको १ प्रहर प-

र्यंत पुनः नींबूके रससे घोटे पहिलेके समान पुनः सम्पुट कर गजपुटमें फूंक दे इस प्रकार दशवार फूंकनेसे वंगभस्म होय ॥ ६१ ॥

यसदमारणम् ।

यसदस्य वंगवन्मारणं भवति ॥ ६२ ॥

अर्थ-रांगेकी भस्म करनेकी विधि समान जस्तेकीभी भस्म करनेकी विधि जानो ॥ ६२ ॥

नागमारणम् ।

तांबूलरससंपिष्टशिलालेपात् पुनः पुनः ॥
द्वात्रिंशद्भिः पुटैर्नागो निरुत्थं भस्म जायते ॥ ६३ ॥

अर्थ-पानके रसमें मैनशिल घोटकर शुद्ध शीशेके कंटकवेधी पत्रोंपर लेपकर शरावसंपुटमें रखकर फूंक दे इस प्रकार ३२ वार फूंक देनेसे सीसेकी निरुत्थ भस्म होवे ॥ ६३ ॥

लोहमारणम् ।

क्षिपेद्द्वादशमांशेन दरदं तीक्ष्णचूर्णतः ॥
मर्दयेत्कन्यकाद्रावैर्यामयुग्मं ततः पुटेत् ॥ ६४ ॥

अर्थ-शुद्धलोह (पोलादके) चूर्णका द्वादशांश (बारवां हिस्सा) शुद्ध हिंगुल लेकर दोनोंको गवांरपाठेके रससे २ प्रहर पर्यन्त खरल करे पश्चात् शरावसंपुट करके गजपुटमें फूंक दे ॥ ६४ ॥

एवं सप्तपुटैर्मृत्युं लोहचूर्णमवाप्नुयात् ॥ ६५ ॥

भा० प्र० ख० १ भा० २।

अर्थ-इस प्रकार सात वार फूंकनेसे लोहभस्म होय। यह सातों धातु मारणविधि भावप्रकाशके पूर्वखंडके दूसरे भागमें लिखी है ॥६५॥

---

१ सम्यगौषधकल्पानां लोहकल्पः प्रशस्यते ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेन लोहमादौ विमारयेत् ॥ १ ॥ नायः पचेत्पंचपलादर्वागूर्ध्वं त्रयोदशात् ॥ आदौ मंत्रस्ततः कर्म्म कर्तव्यं मंत्रमुच्यते ॥ २ ॥ ॐ अमृतोद्भवाय स्वाहा । इति ग्रंथांतरे ।

अथोपधातूनां मारणं तत्र स्वर्णमाक्षिकमारणम् ।

कुलत्थस्य कषायेण घृष्ट्वा तैलेन वा पुटेत् ॥
तक्रेण वाजमूत्रेण म्रियते स्वर्णमाक्षिकम् ॥ ६६ ॥

अर्थ–अब उपधातुमारण दर्शाते हैं। शुद्ध सोनामक्खीको कुलथीके क्वाथसे अथवा तैलसे अथवा छाछसे अथवा बकरीके मूत्रसे खरल करके शरावसंपुटमें रखकर गजपुटमें फूंक दे तो सोनामक्खी भस्म होय। ऐसा शार्ङ्गधरमें लिखा है ॥ ६६ ॥

रौप्यमाक्षिकमारणम् ।

स्वर्णमाक्षिकमारणप्रकारेण रौप्यमाक्षिकस्यापि मारणम् ॥ ६७ ॥

अर्थ–रूपामक्खीकी भस्म सोनामक्खीकी भस्म बनानेकी क्रियानुसार बनाओ ॥ ६७ ॥

तुत्थमारणम् ।

लकुचद्रावगंधाश्मटङ्कणेन समन्वितम् ॥
वज्रमूषागतं द्वित्रिकुक्कुटैर्मृतिमाप्नुयात् ॥ ६८ ॥

अर्थ–गंधक, सुहागा और नीलेथोथे को लकुच (कठल) के रसमें खरल करके वज्र[1]मूषामें रखकर कुक्कुट[2]में दो तीन वार फूंके तो नीलेथोथे की भस्म होय ॥ ६८ ॥

---

१ दो भाग तृणभस्म, १ भाग बांबीकी मिट्टी, १ भाग लोहकीट, १ भाग श्वेतपाषाणचूर्ण, कुछ मनुष्यके बाल इन सबोंको बकरीके दूधमें औटाके पश्चात् दो प्रहरपर्यंत अच्छे प्रकारसे खरलमें पीसे जब सब एक जीव होकर अत्यंत महीन हो जावे तब उसकी गौके स्तनसदृश गोल और लंबी ढक्कन सहित मूष बनावे इसे वज्रमूषा और अन्धमूषाभी कहते हैं।

२ वीतेभर लंबा चौडा और उतनाही गहरा गड्ढा खोदकर उसमें गोवरी आधेतक भरे पश्चात् शरावसंपुट उसमें रखकर ऊपरतक गोवरी भर दे इसे कुक्कुटपुट कहते हैं।

कांस्यरीत्योर्मारणम् ।

कांस्यरीत्योर्मारणमनुपानं चापि ताम्रवज्ज्ञेयम् ॥६९॥

अर्थ-कांसे और पीतलकी भस्म बनानेकी क्रिया और उसके अनुपानादि तांबेकी भस्म और उसके अनुपानोंके समान जानो॥६९॥

सिंदूरमारणनिषेधः ।

सिन्दूरस्य प्रयोगो हि न दृष्टः कुत्रचित्पृथक् ॥
तस्माद्युक्तस्थले योज्यमुपदेशो गुरोरिति ॥ ७० ॥

अर्थ-सिंदूर भस्म बनानेकी विधि कहीं नहीं दृष्ट पडती इसलिये शुद्ध सिंदूरको महलम आदिमें युक्त करना चाहिये । ऐसा सद्वैद्योंका उपदेश है ॥ ७० ॥

शिलाजतुमारणम् ।

शिलायां गंधतालाभ्यां मातुलुंगरसेन च ॥
पुटितं हि शिलाधातुर्म्रियतेष्टौ पलन च ॥ ७१ ॥

इति ग्रंथान्तरे ।

अर्थ-जिलाजीतमें शुद्ध गंधक और शुद्ध हरिताल मिलाकर बिजोरे नींबूके रसमें घोटकर शरावसंपुटमें रखकर आठ उपली (जंगली गोवरी) की आंच दे इस प्रकार ८ आंच देनसे शिलाजीतकी भस्म होय । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ७१ ॥

अथ मण्डूरविधिः ।

अक्षाङ्गारैर्धमेत्किट्टं लोहजं तद्भवां जलैः ॥
सेचयेत्तप्ततप्तं तत्सप्तवारं पुनः पुनः ॥ ७२ ॥

अर्थ-बहेडेकी लकडीके कोलसोंकी अंगारमें लोहेके कीटको खूब तपा तपाकर ७ वार गोमूत्रमें बुझावे ॥ ७२ ॥

चूर्णयित्वा ततः क्वाथैर्द्विगुणैस्त्रिफलाभवैः ॥
आलोड्य भर्जयेद्वह्नौ मण्डूरं जायते वरम् ॥ ७३ ॥

अर्थ–पश्चात् महीन पीसकर उससे दूने त्रिफलाके क्वाथमें उसे मिलाके १ हंडीमें भर दे और हंडीका मुख सराईसे बंद कर कपड-मिट्टीसे दृढ कर देवे पीछे उसे गजपुटमें फूंक दे तो उत्तम मंडूर होय । ऐसा शारंगधरमें लिखा है । इन मंडूरके अनुपान लोहभस्मके समान जानो ॥ ७३ ॥

अथ हंसमंडूरविधिः ।

मण्डूरं मर्दयेच्छ्लक्ष्णं गोमूत्रेष्टगुणे पचेत् ॥
त्र्यूषणं त्रिफला मुस्ता विडंगं चव्यचित्रकैः ॥ ७४ ॥

अर्थ–पूर्वोक्त प्रकारसे बनाये हुए मंडूरको प्रथम त्रिफलाके क्वाथमें खरल करके पश्चात् अष्टगुण गोमूत्रमें मिलाकर हंडीमें भरकर पकावे (पूर्वोक्त विधिसे फूंके) जब पककर स्वांगशीतल हो जाय तब सोंठ, मिरच, पीपल, त्रिफला, नागरमोथा, वायविडंग, चव्य, चित्रक ॥ ७४ ॥

दार्वी ग्रन्थी देवदारु तुल्यं तुल्यं विमर्दयेत् ॥
एतन्मण्डूरतुल्यं च पाकान्ते मिश्रयेत्ततः ॥ ७५ ॥

अर्थ–दारुहलदी, पीपलामूल और देवदारु इन सब समानका महीन चूर्ण उसमें मिलाकर खरल करे जब एक जीव हो जाय तब॥७५॥

भक्षयेत्कर्षमात्रं तु जीर्णान्ते तक्रभोजनम् ॥
पाण्डुशोफं हलीमं च ह्यूरुस्तंभं च कामलाम् ॥
अर्शांसि हन्ति नो चित्रं हंसमण्डूरकाह्वयम् ॥ ७६ ॥

अर्थ–इसमेंसे १ कर्षभर नित्य सेवन करे और उसके पचनेपर ऊपरसे छाछ पीवे तो पांडु, शोथ, हलीमक, ऊरुस्तंभ (पैरोंका रह जाना) कामला और अर्श (बवासीर) इन रोगोंको यह हंसमंडूर

नाश करता है इसमें संशय नहीं है । ऐसा ग्रंथान्तरमें लिखा है ॥७६॥

काकोदुंबरिकादुग्धे रसं किंचिद्विमर्दयेत् ॥
तद्दुग्धघृष्टहिंगोश्च मूषायुग्मं प्रकल्पयेत् ॥ ७७ ॥

अर्थ-अब पारेकी भस्म बनानेकी क्रिया लिखते हैं । काले गूलरके दूधमें शुद्ध पारेको कुछ कालतक घोटे जब उसकी गोली बन जावे तब गूलरके दूधमें हींगको खरल करे उसके २ मूष बनावे॥७७॥

क्षिप्त्वा तत्संपुटे सूतं तत्र मुद्रां प्रदापयेत् ॥
धृत्वा तं गोलकं प्राज्ञो मृन्मूषासम्पुटेऽधिके ॥ ७८ ॥
पचेद्गजपुटेनैव सूतकं याति भस्मताम् ॥ ७९ ॥

अर्थ-और उस गोलीको मूषमें रखकर उन दोनों मूषोंको गूलरके दूधमें खरल की हुई हींगसेही दृढ जोड (मुद्रा) देवे पश्चात् मुलतानी मिट्टीके मूषोंमें या शरावसम्पुटमें उस पारेकी गोलीसहित पूर्वोक्त मूषको रखकर पक्की मुद्रा (कपडमिट्टी) से दृढ मुद्रित कर दे और सुखाकर गजपुटमें फूंक दे तो पारा भस्म होय ॥ ७८ ॥ ७९ ॥

अन्यच्च-नागवल्लीरसैर्घृष्टः कर्कोटीकंदगर्भितः ॥
मृन्मूषासंपुटे पक्त्वा सूतो यात्येव भस्मताम् ॥८०॥

भा० प्र० खं० १ भा० २ ।

अर्थ-शुद्ध पारेको नागरवेलीके पानके रसमें घोटकर वांझककोडीके कंदमें रखकर उसे शरावसम्पुटमें रक्खे और उसे कपडमिट्टीसे दृढ कर सुखावे पश्चात् गजपुटमें फूंक दे तो पारेकी भस्म होय । ऐसा भावप्रकाशके पहिले खंडके दूसरे भागमें लिखा है ॥ ८० ॥

रससिंदूरविधिः ।

सूतं पञ्चपलं स्वदोषरहितं तत्तुल्यभागो बलि-
र्द्वौ टंकौ नवसादरस्य तुवरीकर्षश्च संमर्दितः ॥

कुप्यां काचभुवि स्थितश्च सिकतायंत्रे त्रिभिर्वासरैः
पक्को वह्निभिरुद्भवत्यरुणभः सिंदूरनामा रसः ॥८१॥

अर्थ—५ पल शुद्ध पारा, ५ पल शुद्ध गन्धक, २ टंक नवसादर, १ कर्ष फिटकरी इन सबोंको ३ दिन पर्यंत घोटकर अग्नि सहनशीला (आतशी) शीशीमें भर दे और उसपर कपडमिट्टी देकर ३ दिन पर्यंत वालुकायन्त्रमें मन्द, मध्य और तीव्र आंच देवे तो रक्तवर्णका रससिंदूर बन जावेगा । ऐसा ग्रन्थान्तरमें लिखा है ॥ ८१ ॥

रसकर्पूरविधिः ।

पिष्टं पांशुपटुप्रगाढममलं वज्रांबुना चैकस-
त्सूतं धातुयुतं खटीकवलितं तत्संपुटे रोधयेत् ॥
अंतस्थं लवणस्य तस्य च तले प्रज्वाल्य वह्निं हठात्
घस्रं ग्राह्यमथेन्दुकुन्दधवलं भस्मोपरिस्थं शनैः ॥८२॥

अर्थ—शुद्ध पारेको खारीनोन और थूहरके दूधके संग घोटकर लोहेके सम्पुटमें रक्खे और उस लोहसम्पुटका मुख खडिया मिट्टीसे दृढ बंद कर इस संपुटको एक हंडीमें रखकर उसमें नोन भर दे और उसे भट्टीपर चढाकर १ दिनभर आंच दे जब स्वांगशीतल हो जावे तब उस संपुटको युक्तिसे निकालकर ऊपरके संपुटमें जो श्वेत भस्म जमे उसे निकाल ले इसे रसकर्पूर कहते हैं । ऐसा रसमञ्जरीमें लिखा है ॥ ८२ ॥

हिंगुलमारणम् ।

वल्लमात्रं तालपिष्टं शरावे स्थापयेत्ततः ॥
तस्मिन्कर्षसमं देयं सकलं दरदस्य च ॥ ८३ ॥

---

१ एक वीती गहरी काली मिट्टीकी पक्की हंडीके मध्यमें औषधपूरित आतशी शीशी रखकर उस शीशीके गलेतक हंडीमें वालू (रेती) भर दे और लिखे अनुसार आंच दे इसे वालुकायंत्र कहते हैं।

अर्थ-३ रति शुद्ध हरितालको पीसकर एक शरावमें रक्खे और उसमें १ तोला शुद्ध हिंगुल (सिंगरफ) के टुकडे डाले ॥ ८३ ॥

पूरयेदार्द्रकरसैर्द्विगुणं तत्र बुद्धिमान् ॥
पुष्पाणि शाणमात्राणि परितः स्थापयेत्ततः ॥ ८४ ॥

अर्थ-पीछे उसपर अदरखका २ तोले रस डालकर ४ मासे लौंगका चूरा डाले ॥ ८४ ॥

शरावसंपुटे दत्त्वा चुल्ल्यां मध्याग्निना पचेत् ॥
घटिकात्रयपर्यन्तं तत उत्तार्य पेषयेत् ॥ ८५ ॥

अर्थ-पश्चात् उसपर दूसरा शराव रखकर संपुट कपडमिट्टीसे दृढ कर दे और चूल्हेपर रखके ३ घडी मन्दाग्निसे पकावे जब स्वांगशीतल हो जाय तब संपुटमेंसे हिंगुलभस्मको निकालके खरल कर ले ॥८५॥

तांबूले गुंजमात्रं तु देयं पुष्टिकरं परम् ॥
पांडौ क्षये च शूले च सर्वरोगेषु योजयेत् ॥ ८६ ॥

अर्थ-इसमेंसे एक रत्ती भस्म पानके संग सेवन करे तो पुष्ट होय और पांडु, क्षयी, शूल ये सब रोग दूर होवें इस भस्मको समस्त रोगमात्रपर विचारके देना चाहिये। ऐसा ग्रन्थान्तरमें लिखा है ॥८६॥

अभ्रकमारणम् ।

कृत्वा धान्याभ्रकं तच्च शोषयित्वाथ मर्दयेत् ॥
अर्कक्षीरैर्दिनं खल्वे चक्राकारं च कारयेत् ॥ ८७ ॥

अर्थ-प्रथम धान्याभ्रकको[1] आकडेके दुग्धमें १ दिन खरल करे उसकी छोटी २ टिकिया बनाके सुखावे ॥ ८७ ॥

---

१ शुद्ध अभ्रकसे चतुर्थांश चावल लेकर दोनोंको कंबलके टुकडोंमें बांध ३ दिन रात पानीमें भीगने दे पश्चात् उस पोटलीको उस पानीमें खूब मर्दन करे जब उस पोटलीमेंसे सब अभ्रक जलमें आ जावे तब उस जलके पात्रको टेढा कर दे उसमें जो नाचे अभ्रक जम जावे उसे ले ले और ऊपरके पानीको फेंकदे इसे धान्याभ्रक कहते हैं।

वेष्टयेदर्कपत्रैश्च सम्यग्गजपुटे पचेत् ॥
पुनर्मर्द्यं पुनः पाच्यं सप्तवारान् पुनः पुनः ॥ ८८ ॥

अर्थ–पश्चात् उन टिकियोंको आकडेके पत्तोंसे लपेट २ कर गजपुटमें फूंक दे जब स्वांगशीतल हो जावे पुनः अर्कदूधसे घोटकर पूर्ववत् फूंके इस प्रकार ७ वार आकडेके दूधमें घोटघोटके फूंकते जावे ॥ ८८ ॥

ततो वटजटाक्वाथैस्तद्वद्देयं पुटत्रयम् ॥
म्रियते नात्र संदेहः प्रयोज्यं सर्वकर्मसु ॥ ८९ ॥

भा० प्र० खं १ भा० २ ।

अर्थ–पीछे वडकी जडके क्वाथमें घोट २ कर तीन वार फूंके तो अभ्रकभस्म होय इसे समस्त रोगोंमें पृथक् २ अनुपानोंसे देना चाहिये। ऐसा भावप्रकाशके पहिले खंडके दुसरे भागमें लिखा है ॥ ८९ ॥

अन्यच्च–पीतामलकसौभाग्यपिष्टं चक्रीकृताभ्रकम् ॥
पुटितं षष्टिवाराणि सिंदूराभं प्रजायते ॥
क्षयाद्यखिलरोगघ्नं भवेद्रोगापनुत्तये ॥ ९० ॥

अर्थ–धान्याभ्रकमें शुद्ध हरताल, आंवलेका रस और शुद्ध सुहागा मिलाकर घोटे और उसकी छोटी २ टिकिया बनाकर सुखावे पीछे गजपुटमें फूंक दे इस प्रकार ६ आंच देनेसे सिंदूरके समान अभ्रककी लालभस्म होय यह भस्म क्षयादि सकलरोगोंके नाश करनेमें समर्थ है । ऐसा ग्रन्थान्तरमें लिखा है ॥ ९० ॥

हरितालमारणम् ।

पलमेकं शुद्धतालं कौमारीरसमर्दितम् ॥
शरावसंपुटे क्षिप्त्वा यामान् द्वादशकं पचेत् ॥ ९१ ॥

स्वांगशीतं समादाय तालकं च मृतं भवेत् ॥
गलत्कुष्ठं हरेच्चैव तालकं च न संशयः ॥ ९२ ॥

अर्थ-१ पल शुद्ध हरतालको गवांरपाठेके रसमें घोटकर उसकी छोटी २ टिकिया बनाकर उन्हे सुखाकर शरावसंपुटमें रख १२ प्रहरकी आंच दे तो हरतालभस्म होय यह गलितकुष्ठादि रोगोंके नाश करनेमें समर्थ है । ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ९१ ॥ ९२ ॥

वज्रमारणम् ।

मेषशृङ्गभुजंगास्थिकूर्म्मपृष्ठाम्लवेतसान् ॥
शशदन्तं समं पिष्ट्वा वज्रीक्षीरेण गोलकम् ॥
कृत्वा तन्मध्यगं वज्रं म्रियतेऽध्मातमेव हि ॥ ९३ ॥

भा० प्र० ।

अर्थ-मेंढेका सींग, सर्पके हाड, कच्छपकी पीठ, अम्लवेत और शशेके दांत इन सबोंको थूहरके दूधमें खरल करके गोला बनावे और उस गोलेमें शुद्ध हीरा रखकर उस गोलेको भट्टीमें रक्खे और लोहारकी धूहनीसे धमें तो हीराभस्म होय ऐसा भाव प्रकाशमें लिखा है। तथापि हीरा बहुमूल्य होता है इसलिये इसकी भस्म करना ठीक नहीं यदि करे तो थोडे मूल्यवाले हीरेकी भस्म करे हीरेकी भस्म करनेकी क्रियासे सब रत्नोंके भस्म होते हैं ॥ ९३ ॥

प्रवालमारणम् ।

स्वर्णमाक्षिकवन्मुक्ताप्रवालानि च मारयेत् ॥ ९४ ॥

अर्थ-सोनामक्खीके समान क्रियासे मोती और मूंगेभी भस्म होते हैं । ऐसा शार्ङ्गधरमें लिखा है ॥ ९४ ॥

इति श्रीमत्पंडितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपान-दर्पणे धातूपधातुरसोपरसरत्नोपरत्नविषोपविषाणां शोधनमारणविवेककथने सप्तमः प्रमोदः ॥ ७ ॥

अथ अष्टमः प्रमोदः ।

अथातः सुवर्णादीनां पक्वापक्वभस्मनो गुणागुणविवेकं व्याख्यास्यामः ।

पक्वस्य सुवर्णभस्मनो गुणाः ।

स्वर्णं शीतं पवित्रं क्षयवमिकसनश्वासमेहास्रपित्तं क्षैण्यं क्ष्वेडक्षतास्रप्रदरगदहरं स्वादु तिक्तं कषायम् ॥ वृष्यं मेधाग्निकान्तिप्रदमधुरसकं कार्श्यहानित्रिदोषान् मादापस्मारशूलज्वरजयवपुषो बृंहणं नेत्रपथ्यम् ॥ १ ॥

अर्थ–इसके आगे अब हम सुवर्ण आदिके पक्व (पक्की) भस्मके गुण और अपक्व (कच्ची) भस्मके दोषोंको वर्णन करेंगे। सुवर्णका पक्का भस्म शीतल (ठंढी), शुद्ध, स्वादिष्ठ, तीक्ष्ण, कषेला और मिष्ट है। क्षयी, वमन, खाँसी, श्वास, प्रमेह, रक्तपित्त, क्षीणता, विष, घाव, रक्त (लाल) प्रदर, कृशता, त्रिदोष, उन्माद, अपस्मार (मृगी), शूल और ज्वर इनका नाशक; बल, बुद्धि, कांति, पुष्टि, दिव्यदृष्टि इनका कारक है ॥ १ ॥

अपक्वस्वर्णभस्मदोषाः ।

बलं च वीर्यं हरते नराणां रोगव्रजान्पोषयतीह काये ॥
असौख्यकार्यं च सदैव हेमाऽपक्वं सदोषं मरणं करोति २

अर्थ–सोनेका कच्चा भस्म बल, वीर्य और सुखकी हानि, रोगगणकी वृद्धि और मनुष्योंका मरण करता है। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ २ ॥

पक्वस्य रजतभस्मनो गुणाः ।

तारं च तारयति रोगसमुद्रपारं देहस्य सौख्यद-

मिदं पलितं निहन्ति ॥ हन्तीह रोगविषदोषमलं
प्रसह्य वृष्यं पुनर्नवकरं कुरुते चिरायुः ॥ ३ ॥

अर्थ-रूपेका पक्का भस्म रोगसमुद्रसे पार लगानेवाला, देहको सुख प्राप्त करनेवाला, वृद्धता और विषदोषका नाश करनेवाला, तरुणता और आयुष्य देनेवाला है ॥ ३ ॥

अपक्करौप्यभस्मदोषाः।

अशुद्धं रजतं कुर्यात्पांडुकंडुगलग्रहान् ॥
विविधं वीर्यनाशं च बलहानिः शिरोरुजम् ॥ ४ ॥

अर्थ-रूपेका कच्चा भस्म पांडु, खुजली, गलग्रह, कब्जि, वीर्यनाश, बलहानि और शिरोरोगको करता है ॥ ४ ॥

पक्कताम्रभस्मनो गुणाः।

कुष्टप्लीहज्वरकफमरुच्छ्वासकासार्तिशोफ-
स्तन्द्राशूलोदरकृमिवमीन् पांडुमेहातिसारान् ॥
अर्शोगुल्मक्षयभ्रमशिरोव्याधिमेहादिहिक्काः
शुद्धं शुल्बं हरति सततं वह्निवृद्धिं करोति ॥ ५ ॥

अर्थ-तांबेका पक्का भस्म कुष्ठ, प्लीहा, ज्वर, कफ, वात, श्वास, खासी, शोथ, तंद्रा, शूल उदर, कृमि, वमन, पांडु, प्रमेह, अतिसार, बवासीर गुल्म. क्षय, भ्रम, शिरकी पीडा और हुचकीका नाश और अग्निवृद्धि करता है। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ५ ॥

अपक्कताम्रभस्मदोषाः।

एको दोषो विषे ताम्रे त्वसम्यङ्मारितेऽष्ट ते ॥
दाहः स्वेदोऽरुचिर्मूर्च्छा क्लेदो रेको वमिर्भ्रमः ॥ ६ ॥

अर्थ-तांबेका कच्चा भस्म दाह, स्वेद, अरुचि, मूर्च्छा, जीका मलकना, रेचन, वमन और भ्रम इन आठ दोषोंको करता है। ऐसा भावप्रकाशमें लिखा है ॥ ६ ॥

पक्कवंगभस्मनो गुणाः ।

बल्यं दीपनपाचनं रुचिकरं प्रज्ञाकरं शीतलं
सौंदर्यं कविवर्द्धनं हृतरुजं चारोगताकारकम् ॥
धातुस्थैर्यकरं क्षयक्षयकरं सर्वप्रमेहापहं
वंगं भक्षयतो नरस्य न भवेत् स्वप्नेपि शुक्रक्षयः॥७॥

अर्थ—वंग (कथिल) का पक्का भस्म बल, रुचि, बुद्धि, शीतलता, सौंदर्यता, कविता, आरोग्यता और धातुस्थिरताकारक तथा क्षयी, प्रमेहादि समस्तरोगहारक और दीपन पाचन है। वंगभस्म भक्षण करनेवाले मनुष्यका स्वप्नमेंभी वीर्य स्खलित नहीं होता है ॥७॥

अपक्कवंगभस्मनो दोषाः ।

पाकेन हीनः खलु वंगकोसौ कुष्ठानि गुल्मानि महांति रोगान् ॥ पांडुप्रमेहापचिवातशोणितं बलापहारं कुरुते नराणाम् ॥ ८ ॥

अर्थ—कथिलका कच्चा भस्म कुष्ठ, गुल्म, पांडु, प्रमेह, अपची, वातरक्त इत्यादि महान् रोगकारक और बलहारक होता है। ऐसा ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ ८ ॥

पक्कयसदभस्मगुणाः ।

यसदं तुवरं तिक्तं शीतलं कफपित्तहृत् ॥
चक्षुष्यं परमं मेहं पांडुं श्वासं च नाशयेत् ॥ ९ ॥

अर्थ—जस्तेका पक्का भस्म कषेला, कडवा और ठंढा है। कफ, पित्त, प्रमेह, कामला और श्वासनाशक तथा दिव्यदृष्टिप्रकाशक है। ऐसा भावप्रकाशमें लिखा है ॥ ९ ॥

अपक्वयशददोषाः।

अपक्वं यशदं रोगान् प्रमेहाजीर्णमारुतान् ॥
वमिं भ्रमिं करोत्येनं शोधयेन्नागवत्ततः ॥ १० ॥

अर्थ-जस्तेका कच्चा भस्म प्रमेह, अजीर्ण, और भ्रम आदि अनेक रोगोंको उत्पन्न करता है ॥ १० ॥

पक्वनागभस्मगुणाः।

क्षयपवनविकारे गुल्मपांड्वामयेषु भ्रमकृमिकफशूले मेहकासामयेषु ॥ ग्रहणिगुदगदे वै नष्टवह्नौ प्रशस्तः शुभविधकृतनागः कामपुष्टिं ददाति ॥ ११ ॥

अर्थ-शीशेका पक्का भस्म क्षयी, वादी, गुल्म, कामला, भ्रम, कृमि, कफरोग, शूल, प्रमेह, खांसी, संग्रहणी, बवासीर, गुदारोग, और मंदाग्निको दूर करता है तथा बलको बढाता है ॥ ११ ॥

अपक्वनागभस्मदोषाः।

कुष्ठानि गुल्मारुचिपांडुरोगान् क्षयं कफं रक्त-विकारकृच्छ्रम् ॥ ज्वराश्मरीशूलभगंदराढ्यं नागं त्वपक्वं कुरुते नराणाम् ॥ १२ ॥

अर्थ-सीसेका कच्चा भस्म कुष्ठ, गोला, अरुचि, पांडु, क्षयी, कफरोग, रक्तविकार, मूत्रकृच्छ्र, ज्वर, पथरी, शूल और भगंदर इन रोगोंको प्रगट करता है ॥ १२ ॥

पक्वलोहभस्मगुणाः।

लोहं मृतं कज्जलसंनिभं तु भुंक्ते सदा यो रसराज-युक्तम्॥तस्यैव देहे न भवन्ति रोगा मृतोपि कामः पुनरेति धाम ॥ १३ ॥

अर्थ–श्यामवर्णवाले लोहेके पक्के भस्मको पारदभस्मसहित जो नित्य सेवन करे उसके शरीरमें कभी रोग उत्पन्न नहीं होते और नष्ट हो गया कामभी पुनः शरीरमें प्राप्त होता है ॥ १३ ॥

आयुःप्रदाता बलवीर्यकर्ता रोगस्य हर्ता मदनस्य कर्ता ॥ अयस्समानं न हि किंचिदन्यद्रसायनं श्रेष्ठतमं वदन्ति ॥ १४ ॥

अर्थ–आयु, बल, वीर्य और कामको बढानेवाला, रोगनाशक जैसा लोहभस्म है वैसा और कोई श्रेष्ठ रसायन नहीं है। ऐसा बडे २ वैद्य कहते हैं ॥ १४ ॥

अपक्वलोहभस्मदोषाः ।

अल्पौषधस्तोकपुटैर्हीनगंधकपारदैः ॥
अपक्वलोहजं चूर्णमायुःक्षयकरं परम् ॥ १५ ॥

अर्थ–जिसमें लिखित औषध और पुटोंसे न्यून तथा पारे गंधक रहित लोहेका कच्चा भस्म सो आयुको क्षीण करता है ॥ १५ ॥

षण्ढत्वकुष्ठामयमृत्युदं भवेत् हृद्रोगशूलौ कुरुतेऽश्मरीं च ॥ नानारुजानां च तथा प्रकोपं करोति हृल्लासमशुद्धलोहम् ॥ १६॥

अर्थ–तथा नपुंसकता, कुष्ठ, हृद्रोग, शूल और पत्थरी आदि रोगोंको उत्पन्न करता और मृत्युको प्राप्त करता है। ये सब ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ १६ ॥

पक्वसुवर्णमाक्षिकभस्मगुणाः ।

स्यान्माक्षिकस्तिक्तसुदीपनः कटुर्दुर्नामकुष्ठामयभूतनाशनः ॥ पांडुप्रमेहक्षयनाशनो लघुः सत्वं मृतं तस्य सुवर्णवद्गुणैः ॥ १७ ॥

अर्थ-सोनामक्खी तीक्ष्ण, दीपन, कटु और हलकी है। यह अर्श, कुष्ठ, पांडु, प्रमेह और क्षयीका नाश करती है। इसका पक्का भस्म सुवर्णभस्मके समान गुणकारक है ॥ १७ ॥

अपक्वसुवर्णमाक्षिकभस्मदोषाः।

अपक्वमाक्षिकेणाशु देहः संक्रमते रुजा ॥
तद्दोषविनिवृत्त्यर्थमनुपानं ब्रवीम्यहम् ॥ १८ ॥

अर्थ-सोनामक्खीके कच्चे भस्मके खानेसे देहमें अनेक प्रकारके रोग उत्पन्न होते हैं उनकी शांतिका उपाय आगे ९ वें प्रमोदमें वर्णन करेंगे ॥ १८ ॥

पक्वरौप्यमाक्षिकभस्मगुणाः।

माक्षिको रजतहाटकप्रभः शोधितोऽतिगुणदः सुसेवितः ॥ मेहकुष्ठकृमिशोफपांडुतापस्मृतिं हरति सोऽश्मरीं जयेत् ॥ १९ ॥

अर्थ-रूपामक्खी रूपे और सोनेके समान कांतिवाली होती है। यह शोधित अत्यंत गुणदात्री और इसके पक्व भस्म सेवनसे प्रमेह, कुष्ठ, कृमि, शोथ, कामला, अपस्मार तथा पथरी आदि अनेक रोग दूर होते हैं ॥ १९ ॥

अपक्वरौप्यमाक्षिकभस्मदोषाः।

अपक्वरौप्यमाक्षिकेणामयारनेकाश्च भवन्ति ॥ २० ॥

अर्थ-रूपामक्खीके कच्चे भस्म भक्षण करनेसे अनेक रोग उत्पन्न होते हैं ॥ २० ॥

पक्वापक्वतुत्थभस्मगुणदोषाः।

तुत्थभस्म कफं हन्ति पामां कुष्ठं विषं कृमीन् ॥
चक्षुष्यं लेखनं भेदि शुद्धिहीनं हि दोषकृत् ॥ २१ ॥

अर्थ–नीले थोथेका पक्का भस्म कफ, खुजली, कुष्ठ, विष, नेत्ररोग और विबंधका नाश करता है और नीले थोथेका कच्चा भस्म रोगकारक है ॥ २१ ॥

शुद्धशिलाजीतगुणाः ।

पांडुरं सिकताकारं कर्पूराभं शिलाजतु ॥
मूत्रकृच्छ्राश्मरीमेहकामलापांडुनाशनम् ॥ २२ ॥

इति ग्रंथान्तरे ।

अर्थ–शुद्ध शिलाजीत मूत्रकृच्छ्र, पथरी, प्रमेह, कामला और पांडुका नाश करता है ॥ २२ ॥

अशुद्धशिलाजीतदोषाः ।

अशुद्धं दाहमूर्च्छादीन् भ्रमपित्तास्रशोणितम् ॥
शिलाजतु प्रकुरुते मांद्यमग्नेश्च विट्ग्रहम् ॥ २३ ॥

अर्थ–अशुद्ध शिलाजीत दाह, मूर्च्छा, भ्रम, रक्तपित्त, रुधिरकोप, मंदाग्नि और मलावरोध करता है ॥ २३ ॥

पक्वपारदभस्मगुणाः ।

यावन्न हरबीजं तु भक्षयेत् पारदं मृतम् ॥
तावत्तस्य कुतो मुक्तिर्भोगाद्रोगाद्भवादपि ॥ २४ ॥

अर्थ–जबतक मनुष्य पारेके भस्मका सेवन नहीं करता तबतक भोग, रोग और संसारसे छुटकारा नहीं पाता ॥ २४ ॥

अन्यच्च–मूर्च्छातो गदहृत्तथैव खगतिं धत्ते विवर्द्धोऽर्थदः स्याद्भस्मामयवार्धकादिहरणं दृक्पुष्टिकान्तिप्रदम् ॥ वृष्यं मृत्युविनाशनं बलकरं कान्ताजनानंददं शार्दूलातुलसत्वकृच्च भुविजान् रोगानुसारी स्फुटम् ॥ २५ ॥

अर्थ-मूर्छित पारा रोगोंका नाश और आकाशमार्गमें चलनेकी शक्ति कर देता है; बद्ध (बंधा हुआ) पारा धनप्रद होता है; मृतपारा तरुणता, दिव्यदृष्टि, कांति, वीर्य, बल, स्त्रीसंभोगमें आनंद देनेवाला, मृत्युनाशक, सिंहसमान पराक्रमकारक और समस्त रोगहारक होता है ॥ २५ ॥

अशुद्धापक्वपारदभस्मदोषाः ।

संस्कारहीनः खलु सूतराजो यः सेवते तस्य करोति बाधाम् ॥ देहस्य नाशं विदधाति नूनं कुष्ठादिरोगाञ्जनयेन्नराणाम् ॥ २६ ॥

अर्थ-अशुद्ध पारेके सेवनसे शरीरपीडा, कुष्ठ आदि अनेक रोग और मृत्युभी होना संभव है ॥ २६ ॥

शुद्धरससिंदूरगुणाः ।

हरति च रससिंदूरं कासश्वासाग्निमान्द्यमेहगणान् ॥
रक्तविकारं कृच्छ्रं ज्वरादिरोगान् यथानुपानयुतम् ॥२७

अर्थ-शुद्ध रससिंदूर कास, श्वास, मंदाग्नि, प्रमेह, रक्तविकार, मूत्रकृच्छ्र और ज्वर आदि अनेक रोगोंका पृथक् अनुपानसे नाश करता है ॥ २७ ॥

अशुद्धरससिंदूरदोषाः ।

रससिंदूरमशुद्धाद्रसाद्धि जातं पारदवद्रोगान् ॥
कुर्याच्चेत्तच्छान्त्यै घृतमरिचरजः पिबेत्तु सप्तदिनम्२८

अर्थ-अशुद्ध रससिंदूर अशुद्धपारेके समान रोगोंको उत्पन्न करता है । यह सब ग्रंथांतरमें लिखा है ॥ २८ ॥

---

१ अशुद्ध पारेसे जो बनाया जावे वह अशुद्ध रससिंदूर कहाता है.

रसकर्पूरगुणाः ।

देवकुसुमचन्दनकस्तूरीकुंकुमैर्युक्तम् ॥
खादन्हरति फिरंगं व्याधिं सोपद्रवं घोरम् ॥ २९ ॥

अर्थ–लवंग, चंदन, कस्तूरी और केशरके संग शुद्ध रसकपूर सेवन करनेसे घोर उपद्रवोंसहित फिरंगरोग दूर होता है ॥ २९ ॥

विन्दति वह्नेर्दीप्तिं पुष्टिं वीर्यं बलं विपुलम् ॥
रमयति रमणीशतकं रसकर्पूरस्य सेवकः सततम् ॥ ३०

अर्थ–इसका सेवन करनेवाला पुरुष अग्निदीपन, पुष्टि, बल, वीर्य और शतस्त्रीरमणशक्तिको प्राप्त होता है। ऐसा भावप्रकाशमें लिखा है॥ ३०

अशुद्धरसकर्पूरदोषाः ।

सेवितोऽविधिना कुष्ठं सन्धिवातं कफाधिकम् ॥
रसकर्पूरकं कुर्यात्तस्माद्यत्नेन सेवयेत् ॥ ३१ ॥

अर्थ–अशुद्ध रसकर्पूर सेवनसे कुष्ठ, संधिवात (गठिया) और कफबाहुल्य आदि रोग उत्पन्न होते हैं ॥ ३१ ॥

शुद्धगन्धकगुणाः ।

शुद्धो गन्धो हरेद्रोगान्कुष्ठमृत्युज्वरादिकान् ॥
अग्निकारी महानुष्णो वीर्य्यवृद्धिं करोति हि ॥ ३२ ॥

अर्थ–शुद्ध गंधक कुष्ठ, मृत्यु, ज्वर आदि रोगका नाश अग्निप्रकाश और वीर्यवृद्धिको करता है ॥ ३२ ॥

अशुद्धगंधकदोषाः ।

अशुद्धगंधः कुरुते च कुष्ठं तापं भ्रमं पित्तरुजां तथैव ॥
रूपं सुखं वीर्यबलं निहन्ति तस्माद्विशुद्धो विनियोजनीयः ॥

अर्थ–अशुद्ध गन्धक कुष्ठ, ताप, भ्रम और पित्तरोगको उत्पन्न करता है और रूप, सुख, बल तथा वीर्यका नाश करता है ॥ ३३ ॥

शुद्धहिंगुलगुणाः ।

तिक्तं कषायं कटुहिंगुलं स्यान्नेत्रामयघ्नं कफपित्तहारि ॥ हृल्लासकुष्ठज्वरकामलाश्च प्लीहामवातौ च गदं निहन्ति ॥ ३४ ॥

अर्थ-शुद्ध हिंगुल तीखा, कषेला और कडवा है। नेत्ररोग, कफरोग, पित्तरोग, हृद्रोग, कुष्ठज्वर, कमल (पीलिया), तापतिल्ली और आमवात इन रोगोंका नाश करता है ॥ ३४ ॥

अशुद्धहिंगुलदोषाः ।

अशुद्धो दरदः कुर्यात्कुष्ठं क्लैब्यं क्लमं भ्रमम् ॥
मोहं च शोधयेत्तस्मात्सिद्धवैद्यस्तु हिङ्गुलम् ॥ ३५॥

अर्थ-अशुद्ध हिंगुल नपुंसकता, परिश्रम, भ्रम और मोह उत्पन्न करता है इसलिये इसे सद्वैद्य उत्तम प्रकारसे शोधे ॥ ३५ ॥

पक्काभ्रकभस्मगुणाः ।

मृताभ्रकं कामबलप्रदं च विषं मरुच्छ्वासभगन्दराख्यम् ॥ मेहं भ्रमं पित्तकफं च कासं क्षयं निहन्त्येव यथानुपानात् ॥ ३६ ॥

अर्थ-अभ्रकका पक्का भस्म काम और बलप्रद तथा विष, वात, श्वास, भगंदर, प्रमेह, भ्रम, पित्त,कफ,कास और क्षयी नाशक है३६

अपक्काभ्रकभस्मदोषाः ।

चन्द्रिकासहितमभ्रकं यदा जीवितं झटिति नाशयेत्तदा ॥ व्याघ्ररोम इव चोदरस्थितं वा तनौ वितनुते गदान् बहून् ॥ ३७ ॥

अर्थ-अभ्रकका कच्चा चमकदार भस्म खानेसे थोडेही कालमें अनेक रोग शरीरमें उत्पन्न होते हैं और प्राणहानि हो तोभी कोई

आश्चर्य नहीं जैसे सिंहका केश(बाल) पेटमें जानेसे अनेक रोग हो जाते हैं वैसे ॥ ३७ ॥

पक्कहरितालभस्मगुणाः ।

अशीतिवातान् कफपित्तरोगान् कुष्ठं च मेहं च गुदामयांश्च ॥ निहन्ति गुंजार्द्धमितं तु तालं षड्-वल्लखंडेन समं च युक्तम् ॥ ३८ ॥

अर्थ–हरितालका पक्का भस्म ८० प्रकारके वातरोग, पित्तरोग, कफरोग, कुष्ठ, प्रमेह और गुदाके रोगोंका नाश करता है । इसकी आधी चिरमकी मात्रा ६ रत्ती मिश्रीके संग खाना चाहिये ॥ ३८ ॥

अपक्कहरितालभस्मदोषाः ।

अशुद्धतालं खलु पीतवर्णं सधूमकं वातचयं च पित्तम् ॥ पङ्गुत्वकुष्ठं तनुते च तेन देहस्य नाशं प्रकरोति सद्यः ॥ ३९ ॥

अर्थ–पीत अग्निपर डालनेसे धूवां जिससे निकले ऐसा हरतालका कच्चा भस्म वातव्याधि, पित्त, पंगुल रोग और कुष्ठको उत्पन्न करता तथा देहका नाश करता है ॥ ३९ ॥

शुद्धमनश्शिलगुणाः ।

मनश्शिला सर्वरसायनाख्या तिक्ता कटूष्णा कफ-वातहंत्री ॥ सत्वात्मिका भूतविषाग्निमांद्यं कंडूं च कासक्षयहारिणी च ॥ ४० ॥

अर्थ–शुद्ध मनशील सर्व रसायनमें तीक्ष्ण, कटु, उष्ण और सत्व (सत) रूप है। यह कफ, वात, भूत, विष, अग्निमांद्य, खुजाल, कास और क्षयीको दूर करता है ॥ ४० ॥

अशुद्धमनःशिलादोषाः।

मनःशिला मंदबलं करोति जंतून्ध्रुवं शोधनमन्तरेण॥ मलस्य बन्धं किल मूत्ररोगं सशर्करं कृच्छ्रगदं च कुर्यात्॥ ४१॥

अर्थ-अशुद्धमनसिल अल्पबल, कृमि, मलावरोध, मूत्ररोग और पथरीसहित मूत्रकृच्छ्रको उत्पन्न करती है॥ ४१॥

शुद्धसौवीरगुणाः।

सौवीरं ग्राहि मधुरं चक्षुष्यं कफवातजित्॥
सिध्मक्षयास्रनुच्छीतं स्रोतोञ्जनमपीदृशम्॥ ४२॥

म० पा० नि०।

अर्थ-शुद्ध काला सुरमा (सौवीर) ग्राही, मधुर, ठंढा, नेत्ररोगहारक, कफ, वात, सिध्मा (विभूति), क्षयी और रक्तज रोगनाशक है। इसी प्रकार स्रोतोंजनभी होता है॥ ४२॥

अशुद्धसौवीरदोषाः।

अशुद्धसौवीराद्देहे नेत्रे च भवन्ति रोगाः॥ ४३॥

अर्थ-अशुद्ध काले सुरमेसे देहमें और नेत्रमें अनेक रोग उत्पन्न होते हैं॥ ४३॥

शुद्धखर्परगुणाः।

त्रिदोषजित्पित्तकफातिसारक्षयज्वरघ्नो रसकोतिरूक्षः॥
नेत्रामयानां प्रकरोति नाशं स्याद्रंजकःकामलनाशनश्च४४

अर्थ-शुद्ध खपरिया लूखा है, त्रिदोष, पित्त, कफ, अतिसार, क्षयी, ज्वर, नेत्ररोग, कामलानाशक और कांतिविकासक है॥ ४४॥

अशुद्धखर्परदोषाः ।

अशुद्धः खर्प्परः कुर्य्याद्भ्रांतिं भ्रांतिं विशेषतः ॥
तस्माच्छोध्यः प्रयत्नेन यावद्भ्रान्तिविवर्जितः ॥ ४५ ॥

अर्थ—अशुद्ध खपरिया वांति भ्रांतिकारक होता है इसलिये वांतिकारक दोष दूर होनेपर्यंत इसका शोधन करना चाहिये ॥ ४५ ॥

पक्कवज्रभस्मगुणाः ।

आयुःप्रदं सद्गुणदं च वृष्यं दोषत्रयप्रशमनं सकलामयघ्नम् ॥ सूतेन्द्रबंधवधसद्गुणदं प्रदीप्तं मृत्युं जयेत्तदमृतोपममेव वज्रम् ॥ ४६ ॥

अर्थ—हीरेका पक्का भस्म आयु, सद्गुण, बल, वीर्यकारक, त्रिदोष, सकल रोग तथा मृत्युहारक, पारदमारक और अमृतसमान गुणधारक है ॥ ४६ ॥

अशुद्धापक्कवज्रभस्मदोषाः ।

पीडां विधत्ते विविधां नराणां कुष्ठं क्षयं पांडुगदं च दुष्टम् ॥ हृत्पार्श्वपीडां कुरुतेतिदुस्सहामशुद्धवज्रं गुरुमात्महं त्यजेत् ॥ ४७ ॥

अर्थ—अशुद्ध हीरा तथा इसका कच्चा भस्म मनुष्योंको अनेक प्रकारकी पीडा, कुष्ठ, क्षयी, पांडु, हृत्पीडा, पार्श्वपीडा और मृत्युभी कर देता है ॥ ४७ ॥

पक्कवैक्रांतभस्मगुणाः ।

वैक्रांतवज्रसदृशो देहलोहकरो मतः ॥
विषघ्नो रसराजस्य ज्वरकुष्ठक्षयप्रणुत् ॥ ४८ ॥

अर्थ—वैक्रांतका पक्का भस्म हीरेके भस्मसमान गुणकर्ता, देह दृढ

करनेवाला और पारेका विष, ज्वर, कुष्ठ तथा क्षयी इनका नाश करनेवाला है ॥ ४८ ॥

अशुद्धापक्वैक्रांतभस्मदोषाः ।

अशुद्धवैक्रांतो वज्रवद्दोषकर्ता भवति ॥ ४९ ॥

अर्थ-वैक्रांतका कच्चा भस्म हीरेके भस्मके समान दोषकारक है॥४९

शुद्धप्रवालभस्मगुणाः ।

प्रवालं मधुरं साम्लं कफपित्तार्तिदोषनुत् ॥
वीर्यकांतिकरं स्त्रीणां घृते मंगलदायकम् ॥ ५० ॥
क्षयपित्तास्रकासघ्नं दीपनं पाचनं लघु ॥
विषभूतादिशमनं विद्रुमं नेत्ररोगहृत् ॥ ५१ ॥

अर्थ-शुद्ध मूंगा मधूर और कुछ अम्ल है। कफपित्तजन्य पीडा, क्षयी, रक्तपित्त, कास, विष, भूतबाधा और नेत्ररोग इनको दूर करनेहारा, स्त्रियोंके मंगलदायक और दीपन तथा पाचन है ॥५०॥५१॥

अशुद्धप्रवालदोषाः ।

अशुद्धप्रवालभक्षणाद्भवन्ति रोगा ह्यनेकाः ॥ ५२ ॥

अर्थ-अशुद्ध मूंगेके भक्षणसे अनेक रोग होते हैं ॥ ५२ ॥

विषगुणागुणप्रदर्शनम् ।

विषं प्राणहरं प्रोक्तं व्यवायि च विकासि च ॥
आग्नेयं वातकफहृद्योगवाहि मदावहम् ॥ ५३ ॥

अर्थ-अशुद्ध विष प्राणहर्ता, सर्व देहमें प्राप्त होकर पश्चात् पचनेवाला, ओजको सुखाकर संधियोंको ढीलाकर देनेवाला, अत्यन्त उष्ण, वात, कफहारक, योगवाही और मदकारक है ॥ ५३ ॥

तदेव युक्तियुक्तं तु प्राणदायि रसायनम् ॥
पथ्याशिनां त्रिदोषघ्नं बृंहणं वीर्यवर्द्धनम् ॥ ५४ ॥

अर्थ–और यही शुद्ध विष युक्तिसे सेवित प्राण, बल, वीर्य, बुद्धि-दायक, त्रिदोषनाशक और पथ्यसे खानेवालोंको वीर्यवर्द्धक है ॥५४॥

ये दुर्गुणा विषेऽशुद्धे ते स्युर्हीना विशोधनात् ॥
तस्माद्विषं प्रयोगेषु शोधयित्वा प्रयोजयेत् ॥ ५५ ॥

अर्थ–जो अशुद्ध विषमें दुर्गुण (दोष) वर्णन किये हैं वे समस्त दोष शोधनसे दूर हो जाते हैं इसलिये विषको शुद्ध करकेही औषध-प्रयोगमें योजित करना चाहिये । यह सब ग्रंथांतरमें लिखा है॥५५॥

इति श्रीमत्पंडितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपा-
नदर्पणे सुवर्णादीनां पक्वापक्वभस्मनो गुणागुणविवेक-
कथनेऽष्टमः प्रमोदः ॥ ८ ॥

अथ नवमः प्रमोदः।

अथातोऽपक्वधात्वादिदोषशान्तिविवेकं व्याख्यास्यामः ।

अपक्वस्वर्णदोषशांतिः ।

अभया सितया भुक्ता त्रिदिनं नृभिरंगजे ॥
हेमदोषहरी ख्याता सत्यं सत्यं न संशयः ॥ १ ॥

अर्थ–अब कच्ची धातु आदिके खानेसे जो विकार होते हैं उनकी शान्तिका वर्णन करेंगे । हर्ड और मिश्रीको तीन दिन खानेसे अशुद्ध (कच्चे) सुवर्णभस्म सेवनसे जो विकार हुए हों वे सब शान्त होंय ॥१॥

अपक्वरौप्यदोषशांतिः ।

शर्करामधुसंयुक्तां सेवयेद्यो दिनत्रयम् ॥
अपक्वरौप्यदोषेण विमुक्तः सुखमश्नुते ॥ २ ॥

अर्थ-मिश्री और सहतका तीन दिन सेवन करनेसे चांदीके कच्चे भस्मजन्य विकार शांत होंय ॥ २ ॥

अपक्कताम्रदोषशांतिः ।

मुनिव्रीहिसितापानं धान्याकं वा सिताञ्चकैः ॥
ताम्रदोषमशेषं वै पिबन्हन्याद्दिनत्रयैः ॥ ३ ॥

अर्थ-मुनिव्रीहि (सांवा) अथवा धनियेको मिश्रीसंग मिलाकर जलके साथ ३ दिनतक पान करे तो कच्चे ताम्रजनित दोष शांत (दूर) होंय ॥ ३ ॥

अपक्कवंगदोषशांतिः ।

मेषशृंगीं सितायुक्तां यः सेवति दिनत्रयम् ॥
वंगदोषविमुक्तोसौ सुखं जीवति मानवः ॥ ४ ॥

अर्थ-मेढासिंगीको मिश्रीसंग तीन दिनतक सेवन करनेसे कच्चे वंग (कथील) का विकार शान्त होवे ॥ ४ ॥

अपक्कयशददोषशांतिः ।

बलाभयां सितायुक्तां सेवयेद्यो दिनत्रयम् ॥
जसदस्य विकारोस्य नाशमायाति नान्यथा ॥ ५ ॥

अर्थ-छोटी हर्ड और मिश्रीका तीन दिन पर्यन्त सेवन करनेसे कच्चे जस्तभस्मके खानेसे जो विकार हुए हों वे समस्त शांत होंय ॥ ५ ॥

अपक्कनागदोषशांतिः ।

हेमाहरीतकीं सेवेत्सितायुक्तां दिनत्रयम् ॥
अपक्कनागदोषेण विमुक्तः सुखमेधते ॥ ६ ॥

अर्थ-चोख और हर्डे मिश्रीसंग ३ दिन पर्यन्त सेवन करनेसे अपक्क नाग (सीसे) के विकार शांत होंय ॥ ६ ॥

अपक्कलोहदोषशांतिः ।

मुनिरसपिष्टविडंगं मुनिरसलीढं चिरस्थिते घर्म्मे ॥
द्रावयति लोहदोषान्वह्निर्नवनीतपिण्डमिव ॥ ७ ॥

अर्थ–अगस्तवृक्षरसमें वायविडंगके चूर्णको मिलाकर सेवन करे और बहुत कालतक धूपमें बैठे तो कच्चे लोहभस्मजन्य दोष (विकार) दूर होंय।जैसे अग्नि माखनको पिघला देती है वैसेही यह उपचार अपक्क लोहविकारको पिघलाकर जडसे दूर कर देता है ॥ ७ ॥

अपक्कलोहजन्यकीटशांतिः ।

आरग्वधस्य मज्जा तु रेचनं कीटशांतये ॥
भवेदप्यतिसारश्च पीत्वा दुग्धं तु तत्त्यजेत् ॥ ८ ॥

अर्थ–अपक्क (कच्चे) लोहभस्मसे यादि पेटमें कृमि (कीडे) पड जावें तो अमलतासका गूदा खावे जिसमें रेचन (दस्त) होनेसे समस्त पेटके कीडे बाहर निकल जावेंगे पश्चात् दूधको पान करे और उस अपक्क लोहभस्मसेवनका त्यागन कर देवे ॥ ८ ॥

अपक्कस्वर्णमाक्षिकदोषशांतिः ।

कुलत्थस्य कषायेण माक्षिविकृतिशांतिकृत् ॥
तथैव दाडिमं त्वग्वै देयं देहसुखार्थिने ॥ ९ ॥

अर्थ–कुलथीके काढेसे अथवा अनारकी छालके क्वाथसे कच्ची सोनामक्खीके विकार शांत होंय ॥ ९ ॥

अपक्करौप्यमाक्षिकदोषशांतिः ।

विकारो यदि जायेत विमलाया निषेवणात् ॥
शर्करासहिता भक्ष्या मेषशृंगी दिनत्रयम् ॥ १० ॥

अर्थ–मिश्रीसहित मेंढासिंगीका चूर्ण ३ दिन खानेसे कच्ची रूपामक्खीके विकार शांत होंय ॥ १० ॥

अपक्वतुत्थदोषशांतिः ।

जंबीररसमादाय यः पिबेच्च दिनत्रयम् ॥
तस्य तुत्थकशांतिः स्यात्तद्वल्लाजाजवारिणा ॥ ११॥

अर्थ-३ दिन पर्य्यन्त जंबीरीके रस अथवा लाही (धानकी खील) के जल पीनेसे कच्चे नीले थोथेजन्य विकारोंकी शांति होय ११

अशुद्धशिलाजीतदोषशांतिः ।

मरीचं घृतसंयुक्तं सेवयेद्दिनसप्तकम् ॥
शिलाजतुभवं दोषं शान्तिमाप्नोति निश्चितम् ॥१२॥

अर्थ-काली मिरच और घृत ७ दिन पर्यन्त सेवन करनेसे अशुद्ध शिलाजीतके भक्षणसे जो विकार हुए हों उनकी शांति होय ॥ १२ ॥

अशुद्धापक्वपारददोषशांतिः ।

विकारा यदि जायन्ते पारदान्मलसंयुतात् ॥
गन्धकं सेवयेद्धीमान् पाचितं विधिपूर्वकम् ॥ १३ ॥

अर्थ--शुद्ध गंधकके सेवनसे अशुद्ध तथा अपक्व (कच्चे) पारेसे जो विकार उत्पन्न हुए हों उनकी शांति होय ॥ १३ ॥

अशुद्धरससिंदूरदोषशांतिः ।

रससिंदूरशान्त्यै घृतमरिचरजः पिबेत्सप्तदिनम् ॥१४॥

अर्थ-७ दिन पर्यन्त काली मिरचका चूर्ण घीके संग सेवन करनेसे अशुद्ध रससिंदूर खानेसे जो विकार उत्पन्न हुए हों उनकी शांति होय ॥ १४ ॥

अशुद्धरसकर्पूरदोषशांतिः ।

महिषीशकृतो नीरं धान्याकं वा सितायुतम् ॥
पिबेन्नीरेण मुक्तः स्याद्रसकर्पूरजैर्गदैः ॥ १५ ॥

अर्थ–भैंसके गोवरका रस अथवा मिश्रीसहित धनिया जलसे पान करे तो अशुद्ध रसकर्पूरजन्य विकार शांत होंय ॥ १५ ॥

अशुद्धगंधकदोषशांतिः ।

विकारो यदि जायेत गन्धकाच्चेत्तदा पिबेत् ॥
गोघृतेनान्वितं क्षीरं सुखी स्यात्स च मानुषः ॥१६॥

अर्थ–गोघृतसहित दूध पीनेसे अशुद्ध गंधकके विकार शांत होंय ॥ १६ ॥

अशुद्धहिंगुलदोषशांतिः ।

उत्पद्यते यदा व्याधिर्दरदस्य निषेवणात् ॥
तदा सूतकवत्सर्वा कुर्य्याच्छान्तिप्रतिक्रिया ॥ १७ ॥

अर्थ–अशुद्ध पारेके विकारोंकी शांतिको जो उपाय पूर्व कह चुके हैं वही अशुद्ध हिंगुलके विकारोंकी शांतिका उपाय जानो ॥ १७ ॥

अपक्काभ्रकभस्मदोषशांतिः ।

उमाफलं वने पिष्ट्वा सेवयेद्यो दिनत्रयम् ॥
अशुद्धाभ्रकदोषेण विमुक्तः सुखमेधते ॥ १८ ॥

अर्थ–आंवलेको पानीमें पीसके ठंढाईके समान छानकर ३ दिनतक पीवे तो अशुद्ध अभ्रकजन्य दोष (विकार) शांत होंय ॥ १८॥

अपक्कहरितालभस्मदोषशांतिः ।

अजाजीशर्करायुक्तं सेवयेद्यो दिनत्रयम् ॥
विकृतीस्तालजा हन्याद्यथा दारिद्र्यमुद्यमे ॥ १९ ॥

अर्थ–जीरा और मिश्री मिलाकर ३ दिनतक सेवन करे तो अशुद्ध (कच्चे) हरितालके विकार शांत होंय ॥ १९ ॥

अशुद्धमनशिलादोषशांतिः ।

गोक्षीरं माक्षिकयुतं पिबते यो दिनत्रयम् ॥
कुनटी तस्य देहे च विकारं न करोति हि ॥ २० ॥

अर्थ-३ दिन पर्यन्त गौके दूधमें सहत मिलाकर पीनेसे अशुद्ध मनशिलके विकार शांत होंय ॥ २० ॥

अशुद्धसौवीरदोषशांतिः ।

त्रिफलासेवनाद्भवति सौवीरजनितविकाराणां शांतिः२१

अर्थ-त्रिफला सेवन करनेसे अशुद्ध सुरमेके विकार शांत होंय २१

अशुद्धखर्परदोषशांतिः ।

रसकनिषेवणतो यदि रोगाः प्रादुर्भवन्ति मनुजानाम्॥
ते नाशमाप्नुवन्ति पीतं गोमूत्रसप्ताहम् ॥ २२ ॥

अर्थ-७ दिनपर्यन्त गोमूत्र पीनेसे अशुद्ध खपरियाके दोष (विकार) शांत होंय ॥ २२ ॥

अशुद्धापक्कवज्रभस्मदोषशांतिः ।

सितामधुघृतैः साकं गोदुग्धं दिनसप्तकम् ॥
विधिना सेवितं हंति वज्रदोषं चिरोत्थितम् ॥ २३ ॥

अर्थ-७ दिनतक मिश्री, सहत और घीसहित गौका दूध पीनेसे अशुद्ध तथा अपक्क (कच्चे) हीरेके समस्त विकार शांत होंय ॥२३॥

अशुद्धापक्कवैक्रांतभस्मदोषशांतिः ।

अशुद्धवैक्रांतभस्मशांतिर्वज्रवज्ज्ञेया ॥ २४ ॥

अर्थ-हीरेके विकारशांतिके उपायसे वैक्रांतविकारकी शांति होती है ॥ २४ ॥

अशुद्धप्रवालदोषशांतिः ।

अशुद्धप्रवालमौक्तिकयोरपि विकारशांतिर्वज्रवज्ज्ञेया२५

अर्थ–अशुद्ध मूंगेके और मोतीके विकारशांतिका उपचार अशुद्ध हीरेके विकारशांतिके उपचारके समानही जानो ॥ २५ ॥

विषदोषशांतिः ।

अतिमात्रं यदा भुक्तं वमनं तस्य कारयेत् ॥
अजादुग्धं ददेत्तावद्यावद्भ्रांतिर्न जायते ॥ २६ ॥
अजादुग्धं यदा कोष्ठे स्थिरीभवति देहिनः ॥
विषवेगं ततो जीर्णं जानीयात्कुशलो भिषक् ॥ २७॥

अर्थ–बछनाग आदि अशुद्ध विष अधिक खानेमें आ जावे तो उसे वमन (उलटी) करावे और बकरीके दूधको पिलाते जावे। जब वह दूध पचकर वमन न हो तब जान लो कि विषदोष शांत हुआ ॥ २६ ॥ २७ ॥

जैपालदोषशांतिः ।

धान्याकं सितया युक्तं दधिना सह यः पिबेत् ॥
देहे जैपालजो व्याधिर्नाशमाप्नोति निश्चितम् ॥ २८॥

अर्थ–धनिया और मिश्री दहीमें मिलाकर खिलानेसे अशुद्ध जमालगोटेके समस्त विकार शांत होंय । ये सब उपाय ग्रंथान्तरमें लिखे हैं ॥ २८ ॥

गीतिः ।

अङ्काब्ध्यङ्काब्जेब्दे चैत्रे शुभ्रे च रामजन्मतिथौ ॥
ज्ञारसरामश्चक्रेऽनुपानदर्पणममुं कुजे पूर्णम् ॥ २९ ॥

इति श्रीमत्पण्डितज्ञारसरामविरचिते सुभाषानुवादविभूषितेऽनुपानदर्पणेऽपक्वधात्वादिदोषशांतिविवेककथने नवमः प्रमोदः ॥ ९ ॥

समाप्तोऽयं ग्रन्थः ।

ग्रंथकर्तुः जन्मसंवत्सरादि ।

श्रीमद्विक्रमवत्सरे वसुधरांकेन्दावभूदुद्भव- ।
स्तातः श्रीबलदेवसूरिरमले वंशे दधीचः प्रभोः ॥
चेषे विश्वतिथौ विधौ सितदले सार्द्धाष्टनाड्यामलौ ।
मेऽतो ज्ञारसरामनाम जगति श्रीकण्ठनामापरम् ॥१॥

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
" लक्ष्मीवेंकटेश्वर " छापाखाना.
कल्याण–मुंबई.

वैद्यकग्रन्थाः ।

१	हारीतसंहिता भाषाटीकासहित	३–०	०–८
२	अष्टाङ्गहृदय (वाग्भट) भाषाटीका अत्युत्तम		
३	वैद्यकग्रन्थ सम्पूर्ण छपके तैयार है....	१०–०	१–०
	तथा बारीकनवा छापा	८–०	१–०
४	बृहन्निघण्टुरत्नाकर प्रथमभाग.	३–०	०–६
५	बृहन्निघण्टुरत्नाकर द्वितीयभाग	३–०	०–६
६	बृहन्निघण्टुरत्नाकर तृतीयभाग	३–८	०–८
७	बृहन्निघण्टुरत्नाकर चतुर्थभाग	२–८	०–५
८	बृहन्निघण्टुरनाकर पंचम भाग छपके तयार है	६–०	०–१२
*	बृहन्निघण्टुरत्नाकर छठा भाग तैयार है	५–०	०–१०
९	रसराजसुन्दर भाषाटीकासह	३–४	०–८
१०	पथ्यापथ्यभाषाटीका....	०–१२	०–१॥
११	शार्ङ्गधर निदानसह भाषाटीका पं०दत्तराम		
१२	चौबे कृत	३–०	०–६
१३	अमृतसागर कोशसहित हिन्दी भाषामें नवीन	२–८	०–८
१४	तथा रफ्	२–४	०–६
१५	अमृतसागर मारवाडी भाषा	२–०	०–६
१६	चिकित्साखण्ड भाषाटीका प्रथमभाग	४–०	०–८
१७	चिकित्साक्रमकल्पवल्ली संस्कृत काशिनाथकृत.	२–८	०–८
१८	माधवनिदान भाषाटीका उत्तम	२–०	०–४
	माधवनिदान ,, रफ	१–८	०–३
१९	अंजननिदान भाषाटीका अन्वय सहित	०–८	०–२
२०	वैद्यरहस्य भाषाटीकासह	२–०	०–५
२१	चर्य्याचंद्रोदय भाषाटीका (व्यंजन बनानेका ग्रंथ)	१–८	०–४
२२	योगतरङ्गिणी बहोतही उत्तम	२–०	०–४
२३	वीरसिंहावलोकन ज्योतिषशास्त्रादिकर्मविपाकचिकित्सा नवीन टाईपमें अतिउत्तम	१–१२	०–४
२४	योगचिन्तामणि भाषाटीका	१–४	०–४
	तथा रफ्	१–०	०–३

२५	लोलिम्बराज वैद्यजीवन संस्कृतटीका और भाषाटीका	१–०	०–४
२६	नाडीदर्पण नाडी देखनेमें अत्यन्त उत्कृष्ट ग्रन्थ	०–६	०–१
२७	राजवल्लभ निघण्टु भाषाटीका	१–८	०–२
२८	अनुपानदर्पण भाषाटीका सहित	०–१०	०–१
२९	बालबोधपाकावली	०–२	०–॥
३०	कूटमुद्गराख्यसटीक....	०–३	०–॥
३१	कालज्ञान भाषाटीका	०–२॥	०–॥
३२	ज्ञानभैषज्यमञ्जरी भाषाटीकासह	०–३	०–॥
३३	रसमञ्जरी भा० टी०	१–०	०–२
३४	चिकित्साधातुसार भाषा	०–६	०–१
३५	वैद्यक देवप्रकाश लघु	०–२	०–॥
३६	रसराजमहोदधि भाषा (वैद्यक) यूनानी हिकमत और यूनानीदवा और फकीरोंकी जडी बूटी और सन्तोंकी पुस्तकसे संग्रह है	०–१२	०–२
३७	रसराजमहोदधि दूसराभाग (उपरोक्तसर्वालंकारों समेतछपकर तयार है)	०–१२	०–२
३८	वैद्यकल्पद्रुम भा०टी०	५–०	०–१०
३९	मदनपालनिघंटु भाषाटीका ग्लेज	२–४	०–४
	,, रफ	२–०	०–४
४०	चिकित्सा चक्रवर्तीभाषा	१–०	०–२
४१	चिकित्सारत्नभाषा	०–३	०–॥
४२	नपुंसकसंजीवनी प्रथम भाग	०–६	०–॥
	,, दुसरा भाग	०–६	०–॥
४३	शालिहोत्र सूर्यकृत (घोडोंके शुभाशुभ लक्षण और उनके रोगोंकी औषधी)	०–८	०–२
४४	रसरत्नाकर भाषाटीकासमेत	५–०	०–१०
४५	बृहन्निघंटु रत्नाकर–सप्तम अष्टम भाग अर्थात् "शालग्राम निघंटुभूषण"(अनेक देशदेशांतरीय संस्कृत,हिन्दी,बंगला,महाराष्ट्री,गौर्जरी,द्राविडी		

	तैलंगी, औत्कली इंग्लिश, लैटिन, फारसी, अरबी भाषाओंमें सर्व औषधोंकेनाम और गुणोंका वर्णन औषधियोंके चित्रोंसमेत	८–०	१–०
४६	हंसराजनिदान भाषाटीका....	१–०	०–३
४७	वैद्यकपरिभाषाप्रदीप भा०टी० (वैद्योपयोगी-औषधियोंकी योजनामें तौल,मान, और बदला, तथा वर्ग,चूर्णआदिकोंकी योजनाका वर्णन)	०–१२	०–१॥
४८	धैद्यरत्न भा०टी (सर्वरोगोंकी चिकित्सा उत्तमप्रकारसे वर्णन किया है)	०–१४	०–२
४९	वैद्यवल्लभ भाषाटीका (चिकित्साउत्तम)....	०–६	०–॥
५०	पाकप्रदीप वाजीकरण भा०टी०	०–८	०–१
५१	आयुर्वेद सुषेण भा०टी०	०–१४	०–२
५२	कूटमुद्गर भा०टी ०....	०–३	०–॥
५३	वङ्गसेन (कलकत्ता)	५–०	०–१०
५४	सुश्रुतसंहिता–प्रथम सूत्रस्थान सान्वय स टिप्पणी सपरिशिष्ट भाषाटीका	३–८	०–८
५५	कुमारतंत्र रावणकृत भाषाटीका	०–८	०–१
५६	कुटुम्बाचिकित्सा भाषा	१–०	०–२
५७	बालतंत्रभाषाटीका[इसमें बालकोंको डाकिनी शाकिनी छुड़ानेके यंत्रमंत्र तथा पोषण चिकित्सा वंन्ध्या यत्न आदि विषय वर्णित है यह पुस्तक सभी गृहस्थोंको रखना योग्य है]	१–०	०–२
५८	शालग्रामौषधशब्दसागर–अर्थात् आयुर्वेदीय औषधिकोष	२–०	०–४
५९	बोपदेवशतकवैद्यक भाषाटीका समेत	०–५	०–॥
६०	अर्कप्रकाश भाषाटीका रावणकृत (इसमें सब औषधियोंके गुण व अर्क निकालनेकी क्रिया है)	१–०	०–२
६१	शिवनाथसागर (वैद्यक)....	४–०	०–८
६२	व्यंजनप्रकाश (नैमित्तिक भोजनके समस्त पदार्थ अचारादि बनानेकी सुगमता और गुण)	०–८	०–१

६३	पशुचिकित्सा छन्दबद्ध अर्थात्–वृषकल्पद्रुम (इसमें बैल, गऊ, भैंसोंके शुभाशुभ लक्षण यंत्र चिकित्सा पहिचान भलीभांति लिखीहै)….	१–०	०–२
६४	शरीरपुष्टि विधान भाषा …. …. ….	०–६	०–॥
६५	डाक्टरी चिकित्सासार भाषा …. ….	०–१०	०–१
६६	सुश्रुत संहिता भाषाटीका चित्र सहित टपालहाशिल माफ की०…. …. ….	१०–०	०–०
३७	वैद्यावतंस भा० टी० …. …. ….	०–३	०–॥

घेरंडसंहिता भाषाटीका (योगशास्त्रग्रंथ)

यह एक अपूर्व योगशास्त्रका ग्रंथ संपादित कर छाप-दिया है. यह अप्रसिद्ध ग्रंथ आजतक कहांभी नहीं छपा. इसमें घेरंडजीने चंडकापालिराजाको सात उपदेशोंमें योगशास्त्रकी सब गुह्य २ बातें अर्थात् आसन मुद्राध्यान-धारण समाधि सगुण निर्गुण उपासनादि सब विषय नियमसहित बतलाकर उसको मोक्षसुखभागी कर दिया है. जिसको योगशास्त्रके रहस्यका अभ्यास करना या मर्म जानना हो उसने अवश्यही पास रखना बहुत उचित है. की० १० आना.

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,

" लक्ष्मीवेंकटेश्वर " छापाखाना,

कल्याण–मुंबई.

नूतन पुस्तकें

बारामासीया लावणीसंग्रह	०–५
जीवनचरित्र तुलसीदासजीका	०–८
गूजरगीत मंगल....	०–५
सूर्यकवच	०–१
शिवकवच	०–१
जगन्नाथमाहात्म्य	०–६
संगीत सुधानिधि द्वितीय भाग	०–३
भक्तिविलास	०–२
वैद्यावतंस भाषाटीका	०–३
हितोपदेश भा० टी०	१–४
भोजप्रबंध भा० टी०	१–४
विनयपत्रिका सटीक ग्लेज	२–८
भैरवसहस्रनाम	०–२
संवत्सरफलदीपिका	०–३
काव्यमंजरी	१–८
नासिकेत भाषा वार्तिक....	०–४
संतानगोपालस्तोत्र	०–२
विवाहविचार	०–१
संकल्पकल्पना	०–६
चौतालचंद्रिका	०–४
समासकुसुमावलि	०–३
भूलोकरहस्य	०–४
वौम्यनीति भाषाटीका	०–४
मदनपालनिघंटु भाषाटीका	२–४
मूर्खशतक-निंदकनामा	०–४
आत्मबोध भा०टी०	०–४
श्रीपराशरस्मृति....	०–३
षट्पंचाशिका भाषाटीका....	०–६
मुक्तिकोपनिषद् भाषाटीका	०–५
रामाश्वमेध अक्षर बडा मूल	२–८
ग्रहगोचरज्योतिष भा० टी०	०–२

जगन्नाथमाहात्म्य बडा ४९ अध्यायका	१–४
राधागोपालपंचाङ्ग	०–१२
वियोगवैराग्यशतक	०–१
मैत्रीधर्मप्रकाश भाषाटीका	०–४
हरिवंश भाषाटीका	१०–०
,, केवल भाषा....	५–०
भजनसागर ग्लेज	१–०
,, रफ्....	०–१२
मासचिंतामणि भा० टी०	०–३
श्राद्धविधान भाषाटीका....	०–६
केवल गीता भाषाटीका पाकेटबुक	•–८
तर्कसंग्रह भाषाटीका	०–६
स्वरतालसमूह (सितारका पुस्तक)	१–८
हारीतसंहिता भाषाटीका...	३–०
बृहदवकहडाचक्र (होडाचक्र) भाषाटीका	०–४
राजवल्लभनिघण्टु भाषाटीका	१–८
गीतामृतधारा भाषा	०–८
भागवत भाषा खुलापत्रा....	६–०
लघुजातक भा० टी०	०–८
पद्मकोश भा० टी०	०–४
अनेकसंग्रह २ भाग	२–८
आल्हारामायण (आरण्यकांड)	०–६
भोजप्रबंध भाषा	०–१२
गोविंदगुणवृंदाकर	१–०
दिल्लगीकीपुडिया ५ भाग प्रत्येक भागकी कीमत	०–२
सूर्यकवच भा०टीका	०–१
आदित्यव्रतकथा भा०टी०	०–२

पुस्तकें मिलनेका ठिकाना–गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास,

" लक्ष्मीवेंकटेश्वर " छापाखाना, कल्याण–मुंबई.